राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 41
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शुक्रवार 26 अगस्त 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334



मुख्य अपडेट

पेज 3 दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में नहीं होगी पानी की कमी, मनीष सिसोदिया ने 16.79 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

पेज 5 लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा तंत्र की खुली पोल, बीएससी के एग्जाम में बांट दिया गया गलत पेपर, रद की गई परीक्षा

पेज 7 उत्तराखंड में भारत और यूएस की मिलिट्री ड्रिल पर क्यों लाल हुआ चीन, सीमा विवाद का जिक्र


## कर्नाटक में सड़क दुर्घटना, 9 लोगों की मौत; कई घायल

### कर्नाटक के राजमार्गों पर सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है

एजेंसी



बेंगलुरु। बेंगलुरु से लगभग 70 किलोमीटर दूर तुमकुरु के पास दिल दहला देने वाली घटना हुई है। गुरुवार सुबह-सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई। आपको बता दें कि हाल के दिनों में कर्नाटक के राजमार्गों पर सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा, तुमकुरु के शिरा में बलेनहल्ली के पास नौ लोगों की मौत हो गई है। कई अन्य घायल हैं। उन्होंने इसे बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया है।

आपको बता दें कि दिहाड़ी मजदूरों को लेकर जा रहा एक ट्रक सामने से आ रही क्रूजर से टकरा गया। इस घटना के बाद मंत्री ने जिला अधिकारियों और पुलिस को पीड़ितों का पर्याप्त इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

आपको बता दें कि इससे पहले अगस्त महीने में कर्नाटक के उत्तर पूर्वी हिस्से में गुरमीतकल तालुक के अरकेरा गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में दो महिलाओं और छह महीने का एक शिशु भी शामिल था।

वहीं, 24 मई को हुबली में पुणे-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना में 28 लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने चालक की लापरवाही और तेज गति को दुर्घटना का कारण बताया था।

पुलिस ने लगभग हर दुर्घटना में तेज गति और लापरवाह ड्राइविंग को कारण बताया है। हालांकि, प्रदेश के लिए सड़क सुरक्षा बड़ी समस्या बनी हुई है।

हाल के तमाम दुर्घटनाओं में राजमार्गों के खराब डिजाइन और परिवहन सुविधाओं की कमी पर भी सवाल खड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों ने भी कई खामियां गिनाई है। पावागड़ा के रहने वाले सिद्दन्ना का कहना है कि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार 22 मार्च को हुई दुर्घटना का कारण ओवरलोडिंग था।

## यूपी : मुरादाबाद में आग से जलकर 5 की मौत

### बुजुर्ग मां को बचाने में टीचर बेटी और उनके तीन मासूम बच्चों की जान गई

एजेंसी



मुरादाबाद। मुरादाबाद में तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। हादसे में पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां, उनके तीन बच्चे और एक अन्य महिला हैं। हादसा देर शाम करीब 8 से 9 बजे के बीच हुआ।

आसपास के लोगों ने 7 लोगों को बचा लिया। मौके पर फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां पहुंची हैं, जो आग बुझाने का प्रयास कर रही है। डीएम, एसपी भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए हैं। मकान में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है।

गलशहीद थानाक्षेत्र के लगड़े की पुलिया में इरशाद कुरैशी का पांच मंजिला घर है। इस घर में अमरुद्दीन अपने परिवार के साथ तीसरी मंजिल में रहते हैं। ग्राउंड फ्लोर में टायर का गोदाम है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो शॉर्ट सर्किट की वजह से टायर गोदाम में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली की पूरी इमारत को अपने कब्जे में ले लिया। घटना के वक्त एक परिवार के 5 लोग फंस गए। जब तक उन्हें निकाला गया, उनकी मौत हो गई।

मरने वालों में 7 साल की नाफिया, 3 साल का इबाद, 12 साल की उमेमा, 35 साल की शमा परवीन, 65 साल के कमर आरा हैं। शमा परवीन उत्तराखंड के रानीखेत की रहने वाली थीं। वह यहां अपनी मां कमर आरा के घर दो भतीजी की शादी में आई थीं। वह गवर्नमेंट स्कूल में टीचर थीं।

## तेजस्वी बोले-हिम्मत है तो सीबीआई खट्टर पर कार्रवाई करे

### कहा- सीबीआई मेरा मॉल पकड़ने गई थी, मैंने भाजपा वालों का मॉल पकड़ लिया

एजेंसी

पटना। लालू यादव के नजदीकियों पर सीबीआइ की छापेमारी और अपने ऊपर लग रहे आरोप पर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने दफ्तर में पत्रकारों से कहा कि गुड़गांव व्हाइट लैंड कंपनी के जिस मॉल को मेरा बताया जा रहा है, इससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है। सीबीआइ मेरा मॉल पकड़ने गई थी, मैंने भाजपा वालों का पकड़ लिया है। हिम्मत है तो सीबीआइ खट्टर पर कार्रवाई करे।

तेजस्वी ने नित्यानंद राय का नाम लिए बिना कहा कि भाजपा के केंद्र में मंत्री हैं ना जो बिहार में महाराष्ट्र वाला खेला करना चाह रहे थे, वे लाइन में रहें।



सब कुछ ठंडा दिया जाएगा। उन्होंने सीबीआई को भी चेतावनी दी और कहा- क्या जिंदगी भर सीबीआई अफसर ही रहेंगे। क्या वे रिटायर नहीं होंगे ? उनके मां-बाप, बच्चे नहीं हैं ? उनका परिवार नहीं है ? क्या सत्ता में एक ही सरकार रहेगी ? संवैधानिक संस्था का दायित्व मिला है तो उसे निभाएं।

## जासूसी पेगासस: सुप्रीम कोर्ट की जांच समिति को नहीं मिला कोई ठोस सबूत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि शीर्ष अदालत की ओर से गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उसके द्वारा जांचे गए 29 मोबाइल फोन में इजरायली स्पाइवेयर के इस्तेमाल का कोई ठोस सबूत नहीं मिला है।

सेवानिवृत्त न्यायाधीश आर वी रवींद्रन की देखरेख में गठित इस जांच समिति ने यह भी पाया कि 29 में से पांच मोबाइल फोन संभवत: कुछ मैलवेयर से संक्रमित थे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह पेगासस था।

शीर्ष अदालत ने समिति की रिपोर्ट के हवाले से यह भी कहा कि भारत सरकार ने जांच में उपयुक्त सहयोग नहीं किया।



मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना ने तीन सदस्यीय पीठ की ओर से सेवानिवृत्त न्यायाधीश आर वी रवींद्रन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट के कुछ हिस्सों को पढ़ा। रिपोर्ट तीन भागों में थे।

पीठ ने कहा कि वह जल्द ही तय करेगी कि रिपोर्ट के किन हिस्सों को सार्वजनिक किया जा सकता है।

हालांकि, पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर समिति द्वारा सरकार को की गई सिफारिशों को इसकी वेबसाइट पर डाला जाएगा।

न्यायमूर्ति रमना ने सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की ओर इशारा करते हुए कहा कि एक बात कमेटी ने कही है कि भारत सरकार ने सहयोग नहीं किया है।

शीर्ष अदालत ने रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि कथित तौर पर उन लोगों के मोबाइल फोन को संक्रमित करने वाले स्पाइवेयर के ज्यादा सबूत नहीं मिले, जिन्होंने जांच के लिए मोबाइल फोन सेट जमा किए थे, लेकिन कहा कि कुछ मैलवेयर हैं, जिनका दुरुपयोग किया जा सकता है।

## एलओसी पार कर रहे 3 आतंकी ढेर, एक फरार

### जम्मू-कश्मीर में 5 दिन में घुसपैठ की तीसरी घटना; बांदीपोरा में लश्कर के दो आतंकी गिरफ्तार

बारामूला/राजौरी/नौशेरा। जम्मू-कश्मीर में बारामूला के उरी सेक्टर में बॉर्डर पार कर रहे 3 आतंकी मारे गए। घुसपैठियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुए हैं। सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने बताया कि लाइन ऑफ कंट्रोल (स्पष्ट) के पास सेना के जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद ये एक्शन लिया गया। आतंकियों की तरफ से भी फायरिंग की गई।

एजेंसी के मुताबिक अधिकारियों ने जानकारी दी कि कुल चार घुसपैठिए थे, जिनमें तीन को मार गिराया गया, चौथा आतंकी फरार हो गया। खराब मौसम और कोहरे के कारण चौथे आतंकी का पता नहीं चल पाया है। उसकी तलाश की जा रही है। बता दें कि पांच दिन में घुसपैठ की ये तीसरी कोशिश है। इन पांच दिनों में 5 आतंकी मारे गए। इधर, आज सुबह बांदीपोरा पुलिस ने 26 असम राइफल्स के साथ एक जॉइंट ऑपरेशन में लश्कर के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक इनके पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं, जिनमें मैगजीन के साथ 3 पिस्तौल, 24 जिंदा 9एमएम कारतूस, 5 हैंड ग्रेनेड, फर्जी पुलिस आईडी कार्ड, स्वास्थ्य विभाग का फर्जी आईडी कार्ड शामिल है।






#### घायल आतंकी का कबूलनामा

तबरक ने बताया कि वह पाकिस्तान के कोटली जिले का रहने वाला है। पूछताछ में उसने भारतीय पोस्ट पर हमले की साजिश का खुलासा किया। आतंकवादी ने बताया कि एक पाकिस्तानी कर्नल ने उसे भारतीय पोस्ट पर हमला करने के लिए 30 हजार पाकिस्तानी रुपए (10,980 भारतीय रुपए) दिए थे।यह बातें उसने वीडियो पर कबूल की हैं, जिसे न्यूज एजेंसी ने जारी किया है। यह आतंकवादी पहले भी भारतीय फौज की गिरफ्त में आ चुका है। तबरक को 2016 में भी इसी इलाके में भारतीय सेना ने गिरफ्तार किया था। तब वह अपने भाई हारून अली के साथ आया था। हालांकि तब सेना ने उसे मानवीयता के आधार पर रिहा कर दिया था।

## केजरीवाल की मीटिंग में नहीं पहुंचे 9 विधायक

### दिल्ली सीएम बोले- सरकार गिराने के लिए भाजपा 800 करोड़ खर्च करने की तैयारी में है

नई दिल्ली। दिल्ली में 'ऑपरेशन लोटस' के मुद्दे पर गुरुवार को भी सियासी बवाल जारी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर विधायक दल की मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 9 विधायक नहीं पहुंचे। हालांकि सिसोदिया को लेकर पार्टी ने कहा कि वे हिमाचल दौरे पर गए हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक कुछ विधायकों से पार्टी हाईकमान का संपर्क भी नहीं हो पा रहा है।

मीटिंग के बाद केजरीवाल राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा- भाजपा हमारे 40 विधायकों को खरीदना चाह रही है। सभी विधायकों को 20-20 करोड़ का ऑफर दिया जा रहा है।



भाजपा 800 करोड़ रुपए खर्च कर दिल्ली सरकार गिराना चाहती है। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में आप के पास 62 और भाजपा के पास 8 सीटें हैं।

#### भाजपा ने दिल्ली में सिसोदिया का पुतला जलाया

शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मनीष सिसोदिया का पुतला भी जलाया। वहीं गली-गली में शोर है, सिसोदिया चोर है के पोस्टर भी लगाए।

#### 4 विधायकों के साथ आप ने लगाया था खरीद-फरोख्त का आरोप

बुधवार को क्कनेता संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऑपरेशन लोटस को लेकर खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि हमारे विधायकों को भाजपा ने ऑफर दिया। ऑफर यह था कि आप छोड़ने पर 20 करोड़ देंगे और दूसरों को साथ लाए तो 25 करोड़।

संजय सिंह ने कहा- हमारे विधायक संजीव झा, सोमनाथ भारती, कुलदीप कुमार और एक अन्य विधायक को भाजपा ने पार्टी छोड़ने के बदले 20 करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया है। संजय सिंह के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोमनाथ भारती भी थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने मुझे कहा कि आप के 20 और विधायक हमारे संपर्क में हैं।

#### 19 अगस्त से दिल्ली में आप और भाजपा के बीच तकरार

आबकारी नीति को लेकर दिल्ली में पहली बार 19 अगस्त को मनीष सिसोदिया के घर पर CBI ने छापेमारी की थी। यह छापेमारी करीब 14 घंटे तक चली थी, जिसके बाद CBI ने इस मामले में PMLA कानून के तहत केस दर्ज कर लिया था।

## बलात्कारियों की रिहाई की वजह बताए सरकारः राहुल-प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुजरात में सजा प्राप्त 11 बलात्कारियों को रिहा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को आड़े हाथों लिया और बिलकिस बानो को न्याय देने की मांग की है। गांधी ने ट्वीट किया, 'बेटी बचाओ' जैसे खोखले नारे देने वाले, बलात्कारियों को बचा रहे हैं। आज सवाल देश की महिलाओं के सम्मान और हक़ का है। बिलकिस बानो को न्याय दो। वाड्रा ने कहा, बलात्कार की सजा पा चुके 11 लोगों की रिहाई, कैमरे पर उनके स्वागत-समर्थन में बयानबाजी पर चुप्पी साधकर सरकार ने अपनी लकीर खींच दी है। लेकिन देश की महिलाओं को संविधान से आस है।

### राजस्थान से लूटी थी 1 करोड़ की ज्वेलरी

## भिवानी पुलिस ने कुख्यात गिरोह के सरगना समेत 4 को दबोचा; कई वारदातों का खुलासा संभव

भिवानी। हरियाणा के भिवानी की पुलिस ने लूटपाट करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह ने एक माह पहले राजस्थान में ज्वेलरी की दुकान से 1 करोड़ रुपए के जेवरात लूटे थे। पुलिस ने गिरोह के सरगना कृष्ण मलिक सहित 4 बदमाशों को हथियारों के सहित क़ाबू किया है। पुलिस उनसे वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है।

#### सरगना पर 17 केस

भिवानी पुलिस के इंस्पेक्टर श्रीभगवान यादव ने बताया कि पकड़े गए चारों लुटेरे हरियाणा के महेन्द्रगढ ज़िला से हैं। इनमें कृष्ण मलिक गिरोह का सरगना है। कृष्ण पर लूट व डकैती के 17 मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि ये लुटेरे राजस्थान निवासी 4-5 अन्य बदमाशों के साथ मिलकर लूट करते थे। जिसमें लूट की ज्यादातर वारदात राजस्थान की हैं।

#### नागौर से लूटी थी ज्वेलरी

उन्होंने बताया कि नागौर ज़िला के पंचावा से लूटी गई 1 करोड़ रुपए की ज्वेलरी को इन्होंने लखनऊ और हरिद्वार में बेचा है। राजस्थान पुलिस को इनके पकड़े जाने की सूचना दे दी है। अब राजस्थान और भिवानी पुलिस इन लुटेरों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी और अन्य साथियों को भी गिरफ़्तार किया जाएगा।

#### कुंडल के पास दीवार से टकराई गाड़ी

जुई पुलिस थाना के एसएचओ इंस्पेक्टर श्रीभगवान ने इस लूट गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक स्कॉर्पियो गाड़ी में बदमाश आ रहे हैं। जब उन्होंने नाकेबंदी की तो पुलिस को देख ये भागने लगे। इसी दौरान कुड़ल गांव के पास उनकी गाड़ी दीवार से टकरा गई। जिसकी तलाशी पर उसमें चार लोग क़ाबू कर गाड़ी से एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, 11 कारतूस व दो मैगजीन बरामद की।

## कोविड-19 : पांच से अधिक राज्यों में कोरोना मामलों में बढ़त

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तराखंड और राजस्थान में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के सबसे ज्यादा सक्रिय मामले बढ़े हैं और इस दौरान इस बीमारी से 31 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 527488 तक पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 210.82 करोड़ टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 10,725 नये मरीज सामने आए हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 4,43,78,920 हो



गयी है। यह सक्रिय मामलों का 0.21 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 2.73 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 13,084 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं।अभी तक कुल 4,37,57,385 रोगी कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.60 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में 3,92,837 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 88.39 करोड़ से अधिक कोविड परीक्षण किए हैं।

पंजाब में 242 कोरोना सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 16979 हो गयी है और इससे निजात पाने वालों की संख्या 747101 हो गयी है।

इस महामारी से दो और मरीजों की जान जाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 17888 हो गया है। केरल में कोरोना सक्रिय मामले 363 बढ़ने से इसकी संख्या बढ़कर 8237 हो गयी और इससे निजात पाने वालों की संख्या 6668406 हो गयी है और मृतकों की संख्या 70728 पर स्थिर है।

### सोनाली मर्डर केस

### पोस्टमॉर्टम में चोट के कई निशान मिले, पीए सुधीर और सुखविंदर गिरफ्तार

## सोनाली फोगाट की मौत में हत्या का केस दर्ज

हिसार। हरियाणा भाजपा की नेता और टिक-टॉक स्टार सोनाली फोगाट की मौत से जुड़े मामले में गुरुवार को गोवा पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया। सोनाली के भाई रिंकू ढाका की शिकायत पर सोनाली के क्क सुधीर सांगवान और उसके साथी सुखविंदर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सोनाली के शव का गुरुवार दोपहर गोवा में पोस्टमॉर्टम किया गया। वह 23 अगस्त की सुबह गोवा के एक रिसॉर्ट में मृत मिली थीं। सोनाली के शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं। जीजा अमन पूनिया ने बताया कि पोस्टमॉर्टम होने के बाद सुधीर और सुखविंदर के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

सोनाली का पोस्टमॉर्टम दोपहर पौने 12 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे तक चला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सोनाली के शरीर पर कई ब्लंट कट होने का जिक्र किया गया है। आसान भाषा में इसे 'गुम चोट' कह सकते हैं।

मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार, ये चोट किसी लाठी-डंडे से मारी गई या घूंसों से यह पता करना बेहद मुश्किल होता है। सोनाली के शरीर पर ये चोट मारने वाला कोई एक्सपर्ट रहा होगा।



#### पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी, बॉडी परिवार को सौंपी

इससे पहले गुरुवार सुबह सोनाली के परिवार ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने पर सहमति दी। 3 डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमॉर्टम किया जिसकी पूरी वीडियोग्राफी की गई। इस दौरान सोनाली का भाई रिंकू ढाका और जीजा अमन पूनिया अस्पताल में ही मौजूद रहे। पोस्टमॉर्टम पूरा होने के बाद सोनाली की बॉडी उसके भाई और जीजा को हैंडओवर कर दी गई। दोनों बॉडी लेकर एयरपोर्ट पहुंच गए। वह रात में ही सोनाली की बॉडी लेकर हिसार लौटेंगे जहां शुक्रवार को उसका संस्कार किया जाएगा।

#### ड्रग्स दी गई या नहीं, ये जांच का विषय

गोवा के DGP जसपाल सिंह ने भास्कर को बताया कि सोनाली के भाई और जीजा की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। शव का पोस्टमॉर्टम हो चुका है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सोनाली को कर्लीज रेस्टोरेंट में ड्रग्स दी गई थी या नहीं ? तबीयत बिगड़ने पर उसे कर्लीज रेस्टोरेंट के लेडीज वॉशरूम में ले जाया गया या नहीं ? यह सब जांच का विषय है। तफ्तीश चल रही है। परिजन के एफआईआर दर्ज न करने संबंधी आरोपों पर डीजीपी ने कहा कि पहले शिकायत को वेरिफाई किया गया। उसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर के अनुसार आगे की जांच की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### पीएजीडी काम बंद नहीं कर रहा : फारुक

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के एक दिन बाद गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला ने कहा कि पीपुल्स अलायंस फॉर गुप्कार डिक्लेरेशन (पीएजीडी) काम करना बंद नहीं कर रहा है। नेकां के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, पीएजीडी के दरवाजे कभी बंद नहीं होंगे। नेशनल कांफ्रेंस एक लोकतांत्रिक पार्टी है और वह प्रस्ताव पारित कर सकती है। उन्होंने कहा, एक लोकतांत्रिक पार्टी कोई भी प्रस्ताव पारित कर सकती है, लेकिन अंतिम निर्णय चुनाव की घोषणा के बाद ही लिया जाएगा। उन्होंने कहा, अगर आप में धैर्य नहीं है तो कोई कुछ नहीं कर सकता। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली के वास्ते लड़ने के लिए कश्मीर की पार्टियों द्वारा बनाये गये पीएजीडी गठबंधन में बुधवार को उस समय ददार पड़ गई, जब नेशनल कॉन्फ्रेंस ने घोषणा की कि वह विधानसभा चुनाव में सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने की। नेकां ने आरोप लगाया कि पीएजीडी के कुछ घटकों ने उनके खिलाफ बयान और भाषण दिए हैं, जो गठबंधन की एकता के लिए ठीक नहीं हैं।

### के एस ईश्वरप्पा को मिली धमकी

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता के. एस. ईश्वरप्पा को किसी अज्ञात शख्स ने एक धमकी भरा पत्र भेजा है जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। श्री ईश्वरप्पा ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा, मेरे आवास पर बुधवार को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने धमकी भरा पत्र भेजा, जिसमें लिखा कि अगर मैंने टीपू सुल्तान को मुस्लिम गुंडा कहना जारी रखा, तो वे मेरी जीभ काट देंगे। उन्होंने मीडिया को बताया कि धमकी भरा पत्र मिलने के बाद उन्होंने अज्ञात शख्स के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने कहा कि वह इस तरह की धमकियों से कभी नहीं डरे और इस धमकी का भी उन पर कोई असर नहीं होगा। भाजपा नेता ने कहा, मुझे विश्वास है कि कानून लागू करने वाले अधिकारी इस मामले में सख्त कार्रवाई करेंगे।

### त्रिपुरा में युवक को दुष्कर्म के मामले में 20 साल की सश्रम सजा

अगरतला। त्रिपुरा में दक्षिण त्रिपुरा जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक (19) को 20 वर्ष की सश्रम कैद और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश ने इस मामले में जिले पूरन राजबाड़ी थाना अंतर्गत कृष्णाबाशी पारा निवासी विप्लव को बुधवार को यह सजा सुनाई। युवक पर आरोप था कि उसने वर्ष 2018 में एक नाबालिग लड़की को घर से उस समय अगवा कर लिया जब उसके माता-पिता बाहर थे। युवक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने कहा था कि विप्लव ने उनकी अनुपस्थिति में दिन-दहाड़े नाबालिग को घर से अगवा करके उसके साथ दुष्कर्म किया। उनकी बेटी किसी तरह आरोपी के चंगुल से खुद को छुड़ाने में सफल रही और घटना की जानकारी दी। उस समय दोषी भी नाबालिग था और अब उसकी उम्र 19 साल है। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 366, 376 (1) और पोक्सो की धारा 04 तहत मामला दर्ज किया करके, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। अदालत ने जांच, सबूतों और गवाहों की जांच के आधार पर लंबी सुनवाई के बाद युवक को दोषी ठहराया और बुधवार को कारावास की सुनाई और 15000 रुपए का जुर्माना भी ठोंका।

### स्टालिन ने विजयकांत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी

चेन्नई। द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अभिनेता से नेता बने देसिया मुरपोक्कु द्रविड काषगम (डीएमडीके) के संस्थापक विजयकांत को गुरुवार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। स्टालिन ने ट्वीट किया , मैं अपने परम मित्र को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। वह आज 70 वर्ष के हो गये। उन्होंने आगे कहा , मेरी इच्छा है कि वह सक्रिय होकर राजनीति में वापसी करें। मैं उनके दीर्घ और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि श्री विजयकांत पिछले कुछ वर्षों से अस्वस्थता के कारण राजनीति में सक्रिय नहीं है।

### अरुणाचल में कोविड संक्रमण के 14 नए मामले

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में गुरुवार को कोविड संक्रमण के 14 नए मामले सामने आए, जिससे संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 66,599 हो गई है। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य निगरानी अधिकारी डॉ. लोबसांग जंपा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में इस बीमारी से 25 मरीज ठीक हुए हैं जिससे राज्य में इस बीमारी ठीक होने वालों संख्या बढ़कर 66,207 हो गई है और सक्रिय मामले 100 से भी कम होकर 96 रह गए हैं। नए मामलों में, सात नामसाई से, तीन पश्चिम केमेंग से, दो कमले से और एक-एक ईटानगर कैपिटल कॉम्प्लेक्स और निचली दिबांग घाटी से सामने आए हैं। सक्रिय मामले की दर 8.64 प्रतिशत है, जो पिछले दिन 8.58 प्रतिशत थी। राज्य में कोविड से स्वस्थ होने की दर में बढ़ोतरी होकर यह 99.41 प्रतिशत हो गई है, जबकि कुल संक्रमण दर घटकर 0.14 प्रतिशत हो गई है। डॉ. जम्पा ने बताया कि कोविड से मृत्यु दर 0.44 प्रतिशत बनी हुई है।

### एनएफआर ने जुलाई 2022 के दौरान माल ढुलाई में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

सिलीगुड़ी। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने जुलाई 2022 के दौरान माल ढुलाई में 20 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की है। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार एनएफआर ने जुलाई 2022 के दौरान 1.031 मिलियन टन (एमटी) माल ढुलाई की है, जो 2021 में इसी माह की तुलना में 20.3 प्रतिशत ज्यादा है। यह रेलवे देश के उत्तरी हिस्से के सीमावर्ती राज्यों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण लिंक है और इसने इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल से जुलाई तक 4.011 एमटी लदान किया है। यह पिछले वर्ष इसी दौरान की तुलना में 26 प्रतिशत ज्यादा है। जुलाई 2022 में कोयला लदान में 440 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और कुछ अन्य वस्तुएं जैसे स्टोन चिप्स, आलू आदि में भी पिछले वर्ष की तुलना में भारी वृद्धि हुई है। इस माह के दौरान, खाद के लदान में 75 प्रतिशत की वृद्धि जबकि कंटेनर के लदान में 83.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पीओएल लदान में 8.7 प्रतिशत, सिमेंट लदान में 66.6 प्रतिशत और अन्य वस्तुओं के लदान में 35.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### उत्तराखंड में अग्निवीर भर्ती रैली, सातवें दिन 4760 अभ्यर्थी उपस्थित

कोटद्वार/देहरादून। उत्तराखण्ड में पौड़ी गढ़वाल जनपद के कोटद्वार उपनगर में भारतीय थल सेना के लिए अग्निवीर योजना के अंतर्गत जारी भर्ती परीक्षा के सातवें दिन गुरुवार को 4760 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। सेना के सूत्रों ने बताया कि पौड़ी गढ़वाल जनपद की दो और टिहरी गढ़वाल की तीन तहसीलों के 5842 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया था, जिसमें से कुल 4760 अभ्यर्थी उपस्थित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड राज्य भर में भर्ती के लिए 1,08,000 से अधिक उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है। रैली के आयोजन में नागरिक प्रशासन ने सहायता प्रदान की है और अधिकतम संसाधन जुटाए हैं।

### अरुणाचल : नाबालिग से बलात्कार के आरोप में दो को 10 साल की सजा

ईटानगर। युपिया की एक विशेष पोक्सो अदालत ने करीब सात साल पहले नाबालिग से दुष्कर्म के दो दोषियों को 10 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। बाल विवाह की शिकार नाबालिग भी उस समय 14-16 वर्ष की थी (जैसा कि तब मेडिकल बोर्ड ने कहा था) अपराध का यह मामला 2015 का है। पीड़िता जिसकी शादी क्रा दादी जिले के संग्राम थाना क्षेत्र के जोरू गांव के रहने वाले हेरी टाकिया से हुई थी, उसके बेटों - हेरी क्याई और हेरी ताचू द्वारा लगातार अत्याचार और बार-बार बलात्कार किया गया।

# पैगंबर विवाद में विधायक टी. राजा सिंह हिरासत में, विरोध में मचा था बवाल; भाजपा ने किया है निलंबित

**हैदराबाद।** पैगंबर मोहम्मद पर बयान देकर घिरे हैदराबाद के गोशामहल से विधायक टी. राजा सिंह को पुलिस ने एक बार फिर से गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं उन्हें जेल भी भेज दिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे और जय श्री राम के नारे लगाते रहे। उन्हें पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अदालत ने जमानत दे दी थी। उसके बाद से ही राजा सिंह के खिलाफ एक बार फिर से विरोध प्रदर्शन तेज हो गए थे। बुधवार रात को भी हजारों की भीड़ हैदराबाद की सड़कों पर उतरी थी और सिर तन से जुदा के नारे लगाते हुए टी. राजा सिंह के खिलाफ ऐक्शन की मांग की थी। हैदराबाद के कई इलाकों में बीते कुछ दिनों से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी हैं। पुलिस ने बुधवार को लाठीचार्ज भी किया था ताकि भीड़ को तितर-बितर किया जा सके। इसके अलावा आरएएफ की



तैनाती भी की गई थी।

बता दें कि भाजपा से निलंबित विधायक टी. राजा सिंह ने आज सुबह ही कहा था कि सीएम के. चंद्रशेखर राव ने इस मामले को ईगो पर ले लिया है।

विधायक ने कहा था कि उन्होंने कोई गलती नहीं की है, लेकिन उन्हें गिरफ्तार करने के लिए साजिश रची जा रही है। इस बीच राजा सिंह की रिहाई के खिलाफ हैदराबाद पुलिस ने हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। अदालत में पुलिस ने कहा है कि राजा सिंह का बयान भड़काऊ था और उन्हें रिहा करने के चलते समाज में अशांति फैल रही है।

बता दें कि राजा सिंह ने कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी के हैदराबाद में हुए कार्यक्रम का विरोध करते हुए वीडियो जारी किया था। इस वीडियो में उन्होंने कहा था कि फारूकी ने हमारे भगवान राम और सीता पर टिप्पणी की थी। ऐसे व्यक्ति को हैदराबाद में कार्यक्रम करने की परमिशन नहीं दी जा सकती। इसी वीडियो में उन्होंने पैगंबर पर टिप्पणी कर दी थी, जिसे लेकर बवाल मच गया। उनके टिप्पणी पर विवाद बढ़ा तो यूट्यूब ने उनके वीडियो को ही डिलीट कर दिया। लेकिन मुस्लिम समुदाय की नाराजगी इस कदर थी कि हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और सिर तन से जुदा के नारे लगाए। बीते कई दिनों से हैदराबाद में लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कई जगहों पर प्रदर्शन हिंसक भी हो गया था।

# पैगंबर टिप्पणी विवाद : ओवैसी की दखल से छूटे हैदराबाद से गिरफ्तार 90 प्रदर्शनकारी, राजा सिंह पर फिर बरसे

हैदराबाद। पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर विरोध कर रहे 90 प्रदर्शनकारियों को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया था। हालांकि एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी के हस्तक्षेप के बाद इन सभी लोगों को रिहा कर दिया गया है। ये लोग तेलंगाना से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विवादास्पद विधायक टी राजा सिंह द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर की गई कथित विवादित टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। सोशल मीडिया पर की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर ये लोग लगातार तीसरे दिन पुराने शहर हैदराबाद में प्रदर्शन कर रहे थे।

असदुद्दीन ओवैसी ने एक ट्वीट में कहा, डीसीपी दक्षिण को मेरे अभ्यावेदन पर, शाह अली बांदा और आशा टॉकीज के प्रदर्शनकारी 90 युवाओं को रिहा कर दिया गया है।



एआईएमआईएम विधायक अहमद बिन अब्दुल्ला बलाला और हमारे पार्षद पूरी रात तनाव कम करने के लिए काम करते रहे। मैं उनके और पुलिस के भी संपर्क में रहा हूं।

ओवैसी के मुताबिक, एक मामले में पुलिस ने जबरदस्ती बल प्रयोग किया और एक घर में घुसकर पांच युवकों को हिरासत में लिया। उन्होंने कहा, युवाओं को कंचनबाग पुलिस स्टेशन से 1:30 बजे रिहा किया गया था। एक मामले में, पुलिस ने जबरदस्ती बल का इस्तेमाल किया था और एक घर में घुसकर 5 युवकों को हिरासत में लिया था। यह स्वीकार्य नहीं है। उन्हें मेरे प्रतिनिधित्व पर रिहा कर दिया गया है। मैंने अपने पार्षदों से कहा कि वे युवकों को घर वापस छोड़ दें।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निलंबित कर दिए गए विधायक टी राजा सिंह की गिरफ्तारी की मांग करते हुए अखिल भारतीय मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असददुद्दीन ओवैसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि हैदराबाद के कुछ हिस्सों में हुआ प्रदर्शन सीधे तौर पर भाजपा नेता के कथित नफरत फैलाने वाले भाषण का नतीजा है। हैदराबाद से सांसद ने ट्विटर पर कहा, यह स्थिति राजा सिंह के नफरत फैलाने वाले भाषण का सीधा नतीजा है। उन्हें जल्द से जल्द जेल भेजा जाना चाहिए। मैं फिर से शांति बनाए रखने की अपनी अपील दोहराता हूं। हैदराबाद हमारा घर है, इसे सांप्रदायिकता का शिकार नहीं होना चाहिए।

शहर के कुछ संवेदनशील इलाकों में राजा सिंह के खिलाफ प्रदर्शन की छिटपुट घटनाएं हुई हैं। सिंह को एक वीडियो में इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद के बारे में कथित टिप्पणी करने के लिए 23 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। इस वीडियो को बाद में सोशल मीडिया मंचों ने हटा दिया था। सिंह को एक स्थानीय अदालत ने ज़मानत दे दी थी। अदालत से उन्हें ज़मानत मिलने के बाद शहर के कुछ हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए जो बुधवार दोपहर तक चले।

# पेगासस मामले की जांच में सरकार नहीं कर रही सहयोग

## पैनल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में आज पेगासस स्पाइवेयर मामले में सुनवाई शुरू हुई।

इस मामले पर गठित पैनल की रिपोर्ट भी सर्वोच्च न्यायालय में पेश की गई। वहीं, पैनल का आरोप है कि सरकार ने इस मामले की जांच में सहयोग नहीं किया। आपको बता दें कि मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने पैनल की रिपोर्ट को तीन भागों में शामिल किया था।

सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा, पेगासस पैनल की रिपोर्ट का कुछ हिस्सा गोपनीय है। इसमें लोगों की निजी जानकारी भी हो सकती है। समिति का मानना है कि इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं की जा सकती है।

सुनवाई के दौरान पीठ कहा कि जांच समिति को 29 में से 5 उपकरणों में मैलवेयर मिला। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ये मैलवेयर वास्तव में पेगासस था या नहीं। इसके अलावा जिन लोगों ने अपने-अपने फोन जमा कराए उन्होंने रिपोर्ट जारी नहीं करने का भी अनुरोध किया था। आपको बता दें कि सीजेआई के अलावा इस पीठ में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली भी शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पैनल की रिपोर्ट के उन हिस्सों का पता लगाया जाएगा, जिन्हें सार्वजनिक किया जा सकता है। इस मामले को चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया।

आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में इस मामले की जांच के लिए पूर्व जस्टिस जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ पैनल का गठन किया था।

# धामी ने पेपर लीक मामले के दोषियों की संपत्ति जब्त करने के दिये निर्देश

देहरादून। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक मामले के दोषियों की संपत्ति जब्त करने और गुंडा अधिनियम लगाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही, नये सिरे से चयन प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिये हैं।

धामी ने आज यूकेएसएसएससी में भर्ती घोटाले के संबंध में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि पुलिस की जांच में और तेज़ी लाई जाए तथा दोषियों को चिह्नित कर उनकी गिरफ्तारी, अवैध संपत्ति को ज़ब्त करने और गैंगस्टर एक्ट एवं धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) में कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन परीक्षाओं में गड़बड़ी के साक्ष्य मिले हैं, उन्हें निरस्त कर नए सिरे से चयन प्रक्रिया शुरु की जाए। उन्होंने कहा कि जो परीक्षाएं साफ सुथरे ढंग से गतिमान हैं, उन्हें सुचारू रुप से समय पर संपन्न कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परीक्षाओं के माध्यम से दागी व्यक्तियों को नियुक्ति मिली है उनकी नियुक्ति निरस्त कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

उन्होंने कहा कि यूकेएसएसएससी को सुचारू रूप से चलाने के लिए वहां यथाशीघ्र एक अध्यक्ष की नियुक्ति की जाए।

उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में उजागर हुई कमियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए सभी दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलवाने पर बल दिया। साथ ही साथ सभी विभागों में व्याप्त रिक्तियों को स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से यथाशीघ्र भरने हेतु सरकार की मंशा स्पष्ट की।

### कर्नाटक में शुक्रवार तक भारी बारिश का अनुमान : मौसम विभाग

बेंगलुरु। कर्नाटक में मौसम विभाग ने शुक्रवार तक भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है और मछुआरों को समुद्र में नहीं उतरने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में अगले दो दिनों बादल छाये रहेंगे और कहीं कहीं भारी बारिश हो सकती है। उत्तर कन्नड़ जिले में लगातार बारिश हो रही है। राज्य में पिछले दो दिनों से बारिश के चलते यल्लापुर तालुक के पानासागुली में बुधवार को गंगावली नदी में एक लॉरी बह गई। राज्य के मैसूर, रामनगर, चामराजनगर और कोलार में भी अच्छी बारिश हुई है। यादगिरी में भारी बारिश के कारण लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) कार्यालय परिसर में पानी घुस गया। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है।

# अध्यक्ष के चुनाव की तारीख तक नहीं तय कर पा रही कांग्रेस, कुछ सप्ताह के लिए टालने की तैयारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव कुछ हफ्तों के लिए टाला जा सकता है। चुनाव कब होगा इस पर फैसला 28 अगस्त को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में लिया जाएगा। पहले यह घोषणा की गई थी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव 21 अगस्त से 20 सितंबर के बीच होगा। सूत्रों की मानें तो फिलहाल अध्यक्ष के चुनाव को आगे टाल दिया गया है।

कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। राहुल गांधी ने अध्यक्ष का चुनाव लड़ने में रुचि नहीं जताई है। इसके अलावा किसी और नेता ने भी ऐसी इच्छा जाहिर नहीं की है। नेताओं की ओर से भी राहुल गांधी से इतर किसी नाम का प्रस्ताव नहीं दिया गया है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि आखिर पार्टी का नया अध्यक्ष कौन होगा?

#### अशोक गहलोत के नाम का भी जिक्र

कई मीडिया रिपोर्ट में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अध्यक्ष पद के लिए दावेदार बताया गया है, लेकिन उन्होंने खुद रिपोर्ट को खारिज कर दिया है।

एक दिन पहले अशोक गहलोत ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी वो उसे निभा रहे हैं। मंगलवार को अशोक गहलोत ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात भी की थी।

#### सोनिया गांधी से 2024 तक बने रहने की अपील

राहुल गांधी की ओर से अध्यक्ष पद के लिए इनकार किए जाने के बाद पार्टी को एकजुट रखने कि लिए कई नेता की ओर से सोनिया गांधी से 2024 तक अध्यक्ष पद पर बने रहने की गुजारिश की जा रही है। बीच-बीच में प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम भी उछाला जाता है रहा है। कांग्रेस के कुछ नेताओं को लगता है कि कांग्रेस अध्यक्ष के लिए प्रियंका गांधी एक विकल्प हो सकती हैं।

#### भूपेश बघेल भी कर चुके हैं इनकार

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी कांग्रेस के अध्यक्ष बनने की अटकलों पर विराम लगा चुके हैं। एक समिट के दौरान भूपेश बघेल से पूछा गया कि कांग्रेस अध्यक्ष के लिए चार नाम सामने आए हैं, जिसमें एक नाम आपका भी है। बघेल ने जवाब दिया है कि वो इस दौड़ में शामिल नहीं हैं।

# चौधरी देवीलाल जयंती समारोह में रखी जायेगी तीसरे मोर्चा की नीव: अभय चौटाला

सिरसा। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने बुधवार को कहा कि आगामी 25 सितंबर को फतेहाबाद में होने वाली चौधरी देवीलाल जयंती देश में तीसरे मोर्चे की नींव रखने का काम करेगी। चौटाला ने आज यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस समारोह में देशभर से श्री प्रकाश सिंह बादल, श्री नीतीश कुमार, श्री फ़ारूक़ अब्दुल्ला सरीखे कोने कोने से अलग अलग दलों के वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे वही लाखों लोग उमड़ेंगे और अपने नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। उन्होंने भाजपा नेता सोनाली फोगाट की मौत से पर्दा उठाने के लिए दो राज्यों से मामला जुड़ा होने के कारण केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग की। वह आज यहाँ मीडिया से



बातचीत कर रहे थे। इससे पहले श्री चौटाला ने ऐलनाबाद हलके के अपने चार दिवसीय जनसंपर्क अभियान के दौरान गांव दड़बा कलां, माखोसरानी, शक्करमंदौरी, रूपाणा बिश्नोईयां, रूपाणा जाटान, चाहरवाला, जोगीवाला, कागदाना व कुम्हारिया सहित करीब डेढ़ दर्जन गांवों में ग्रामीणों से रूबरू हुए और देवीलाल जयंती का न्यौत दिया। इनेलो नेता ने कहा कि चौधरी देवीलाल की नीतियां देश के विभिन्न राज्यों की सरकारें अपने यहां आज भी वृद्धावस्था पेंशन, बेरोजगारी भत्ता जैसी योजनाओं के रूप में लागू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गठबंधन सरकार की ओर से अभी तक विकास की एक नई ईंट भी नहीं लगाई गई जबकि विकास की झूठी वाहवाही वह स्वयं ही बटोर रही है। उन्होंने कहा कि झूठी घोषणाओं के रूप में प्रदेश की गठबंधन सरकार ने सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। हरियाणा में ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता जब कोई घोटाला जन्म नहीं लेता मगर सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह से खामोश है। इनेलो नेता ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सिरसा जिला नशे की चपेट में आ गया है और अनेक युवाओं ने अपनी जिंदगी इसमें खो दी है। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी जानी और मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से उनका समाधान करवाया।

### चंबल खतरे के निशान से करीब 15 मीटर ऊपर बह रही, युवक डूबा

धौलपुर। राजस्थान के धौलपुर जिले में पिछले 24 घंटे से बरसात का क्रम थम गया है मगर बांधों से जलस्तर कम नहीं हो रहा है। धौलपुर में चंबल खतरे के निशान से करीब 15 मीटर ऊपर बह रही है। यहां नदी का लेवल 26 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 146.15 मीटर पर पहुंच गया है। वहीं, गुरुवार को धौलपुर में पार्वती नदी में डूबने से एक युवक की मौत भी हो गई। धौलपुर में चंबल नदी ने 26 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। गुरुवार दोपहर 12.30 बजे चंबल नदी का जलस्तर 146.15 मीटर पहुंच गया है। इससे पहले साल 1996 में नदी का जलस्तर 145.54 मीटर पहुंचा था।चंबल नदी में कोटा बैराज से छोड़े गए पानी के कारण धौलपुर जिले के 120 से ज्यादा गांवों में बाढ़ के हालात बन गये है।

# गैर योजना क्षेत्र में नियमन राशि अधिक होने से लोगों का पट्टा लेने के प्रति रुझान हुआ कम

भीलवाड़ा। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रदेश में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए मकान और भूखण्ड का पट्टा बनाने में काफी रिहायतें दी लेकिन गैर योजना क्षेत्र के पट्टों के लिए बदली योजना के कारण नियमन राशि अधिक होने से लोगों के पट्टा लेने के प्रति रूझान में कमी नजर आर रही है।

राज्य सरकार ने प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत गैर योजना क्षेत्र में भी पट्टा बनाने को मंजूरी दी लेकिन वर्ष 2019 के बाद की कॉलोनियों के नियमन के लिए विकास शुल्क का आधार कॉलोनी के भूखण्डों के अनुसार तय कर दिया गया। अब गैर योजना क्षेत्र के भूखण्डों के नियमन में बदली गई योजना से लोगों में इसके प्रति रूझान कम हो गया। इस संबंध में नगर विकास न्यास के विशेषाधिकारी रजनी माधीवाल से बात करने पर उनका कहना था कि नियमन के लिए नगर विकास न्यास में पांच सौ से ज्यादा पत्रावलियां विचाराधीन है लेकिन नियमन राशि अधिक होने से इनका निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पैराफेरी क्षेत्र मांडल में मंगलवार को प्रशासन शहरों की ओर अभियान शिविर लगाया गया था लेकिन वहां दो या तीन लोगों ने ही पट्टे बनवाये जबकि भूखण्डों की संख्या सैंकड़ों में है और वे पट्टे बनाना भी चाह रहे है लेकिन नियमन राशि अधिक होने से राशि जमा नहीं करा पा रहे है।

बताया जा रहा है कि नगर विकास न्यास के क्षेत्राधिकार में गैर योजना क्षेत्र में करीब पांच हजार के भूखण्ड है लेकिन नियमन दर महंगी होने से भूखण्डधारी पत्रावली भी नहीं लगा पा रहे है। अगर इसमें सरलीकरण हो जाय और 2019 से पहले की तरह पट्टों की राशि वसूल की जाय तो हजारों लोगों को इसका फायदा मिल सकेगा।

### हमारा प्रयास है कि झारखंड का हर कर्मचारी खुले मन से निर्भीक होकर कार्य करे : सोरेन

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के पुलिसकर्मियों का उत्साह देखते बन रहा है औरआज होली नहीं है, फिर भी हमारे पुलिसकर्मी भाइयों ने सड़कों पर होली जैसा माहौल बना दिया है। मुख्यमंत्री ने यह बातें मुख्यमंत्री आवास में आये झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के पुलिसकर्मियों को कहीं। आज पुलिस मेंस एसोसिएशन राज्य में क्षतिपूर्ति अवकाश को पूर्व की भांति लागू करने के लिए पुलिसकर्मियों की ओर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित कर रहा था। बैंड बाजे के साथ आई मेंस एसोसिएशन की टीम ने मुख्यमंत्री को मिठाई खिलाकर एवं रंग गुलाल उड़ाकर अपनी खुशी को मुख्यमंत्री से साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि राज्य का हर कर्मचारी खुले मन से निर्भीक होकर कार्य कर सके और राज्य को नई दिशा दें। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के पुलिसकर्मी जंगलों से लेकर शहर तक तैनात हैं। उन सबों का व्यक्तिगत जीवन, व्यक्तिगत भावनाएं होती हैं। उन्हें भी मान सम्मान से जीने का अधिकार है। उन सभी को मान-सम्मान मिले, इसके लिए हम सदैव प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, अनुसूचित जनजाति, साक्षरता विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो, सांसद विजय हांसदा एवं सांसद महुआ माजी उपस्थित थीं।

# भिंड, मुरैना और श्योपुर में घट रहा है बाढ़ का पानी, स्थिति नियंत्रण में है: शिवराज

**एजेंसी**

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लोगों की जिन्दगी बचाना हमारी प्राथमिकता है। भिंड, मुरैना और श्योपुर में पानी अभी थोड़ा बढ़ रहा है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। प्रदेश के बाकी क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घट रहा है।

श्री चौहान ने यहां एम्स परिसर में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि चंबल में बढ़ते हुए जल-स्तर पर भी राज्य सरकार पूरी नजर रखे हुए हैं। निचले स्थानों से लोगों को राहत शिविरों में लाया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ,



होमगार्ड के जवान, पुलिस और प्रशासन सक्रिय है। साथ ही सेना के हेलीकॉप्टर भी तैयार हैं। आवश्यकता होने पर इनका उपयोग किया जाएगा। संभावना है कि मुरैना और भिंड में चंबल का पानी उतरना शुरू हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के शेष जिलों में भी कई चुनौतियाँ हैं, जिसमें साफ-सफाई, सिल्ट को हटाना, बीमारियां न फैलें इसके लिए दवाओं का छिड़काव तथा स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी अन्य व्यवस्था, पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना और बिजली आपूर्ति बहाल करना प्रमुख हैं। श्री चौहान ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कई जगह ट्रांसफार्मर डूबे हुए थे, सब-स्टेशनों में पानी भरा था। बिजली व्यवस्था बहाल करने के लिए अमला निरंतर कार्यरत है।

श्री चौहान ने कहा कि घरों में पानी भर जाने के कारण अनेक घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं और कई घर रहने लायक नहीं बचे। ऐसे प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविरों में चाय, पानी, भोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो सड़कें, पुल-पुलिया आदि टूटी हैं, उन्हें शीघ्र दुरूस्त किया जाएगा। मेडिकल चेकअप और उपचार के लिए शिविरों की व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जन-जीवन सामान्य करने सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सभी व्यवस्थाओं के बाद अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे का कार्य आरंभ होगा। जिसमें फसल, घर, घर का सामान और मवेशियों के नुकसान का सर्वे कराया जाएगा और त्वरित रूप से राहत राशि का वितरण आरंभ होगा।

# उपराज्यपाल ने डीटीयू के विद्यार्थियों को दिये सफलता के मंत्र

## डीटीयू के 9वें दीक्षांत समारोह में 3182 विद्यार्थियों को मिली डिग्री

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) का 9वां दीक्षांत समारोह गुरुवार, 25 अगस्त 2022 को डीटीयू के बीआर अंबेडकर सभागार में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान 3182 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई। दिल्ली के उपराज्यपाल एवं डीटीयू के माननीय कुलाधिपति विनय कुमार सक्सेना ने समारोह की अध्यक्षता की जबकि आईआईटी कानपुर के पूर्व निदेशक प्रो. संजय गोविंद ढांडे मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे और दीक्षांत-भाषण दिया। इस अवसर पर बिग बास्केट, पोर्टेया मेडिकल, होमलेन व ब्लूस्टोन के प्रोमोटर गणेश कृषणन तथा डीटीटीई की सचिव सुश्री आर. एलिस वाज ने समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र भी दिये।

दिल्ली के उपराज्यपाल एवं माननीय कुलाधिपति विनय कुमार सक्सेना ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि डीटीयू का 81 वर्ष का बहुत स्वर्णिम अतीत है। यहां से निकले हुए इंजीनियर देश और दुनिया में डीटीयू के साथ भारत का भी नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व सभी शिक्षकों को बधाई दी। इसके साथ ही उन्होने सभी डिग्री धारकों को सफल भावी जीवन की शुभकामनाएं भी दी। उपराज्यपाल ने विद्यार्थियों को




भविष्य में अपनी सीखने की प्रक्रिया को जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में सीखने की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होती। उन्होने कहा की जो तकनीक आज आप सीख रहे हैं, आने वाले समय में वह चलन से बाहर हो सकती है। इसीलिए अपने सीखने की प्रक्रिया को जारी रखें तभी जीवन में सफल रह सकते हैं। याद रखें की आपके काम में दुनिया को बदलने की शक्ति है, लेकिन उस बदलाव के लिए आपको अलग से सोचने की जरूरत होगी। उन्होने अपने जीवन के अनुभवों के आधार पर विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र भी दिये। उन्होने कहा कि जिस देश के युवा शिक्षित होते हैं जरूरी नहीं की वो सफल हो, लेकिन जिस देश के युवा समस्याओं और चुनौतियों से निपटना जानते हों वह अधिक सफल होता है। उन्होने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस सहित रोबोटिक तकनीक और मशीन टू मशीन कम्युनिकेशन तथा इंटरनेट ऑफ थिंगस जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकियों में दक्षता बढ़ाएँ। अंत में उन्होने विद्यार्थियों से विनम्र और व्यवहार कुशल होने का आह्वान करते हुए इन पंक्तियों के साथ अपने संबोधन को विराम दिया: डिग्रियां तो पढ़ाई के खर्च की रसीदें होती हैं, ज्ञान वही है जो व्यवहार दर्शाता है।

उपराज्यपाल से पूर्व समारोह के मुख्यातिथि आईआईटी कानपुर के पूर्व निदेशक प्रो. संजय गोविंद ढांडे ने अपने संबोधन में डिग्रीधारकों को बधाई एवं शुभकानाएं देते हुए कहा कि भावी जीवन में वांछित सफलता के लिए उन्हें अपने लक्ष्यों को अपने दिमाग में याद रखना चाहिए। परिस्थियों से प्रभावित होकर अपने सपनों को मत छोड़ें। उन्होने शिक्षा पूरी करके विश्वविद्यालय के परिवेश से व्यावहारिक दुनिया में कदम रखने जा रहे युवाओं को संदेश दिया कि जोखिम लेने से न घबराएं, अगर जोखिम नहीं लेंगे तो टेक्नोलोजी का विस्तार नहीं होगा।

उन्होने कहा कि अपने निर्णयों और अपनी महत्वाकांक्षाओं में विश्वास रखें। अच्छे व्यक्तित्व के महत्व को समझें और अपने कार्यों में ईमानदारी रखें। नकारात्मकता से दूर रहें। उन्होने विद्यार्थियों से कहा कि आज आपके परिजनों व शिक्षकों के लिए भी गर्व का दिन है। ये लोग आपसे बहुत अपेक्षाएं रखते हैं। आपको उन पर ऊर उतरना है।

## शार्ट न्यूज

### कंपनी सचिव परीक्षाओं के जून, 2022के परिणाम घोषित

नई दिल्ली। जून,2022में आयोजित कंपनी सचिवों की परीक्षाओं के प्रोफेशनल प्रोग्राम और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम का परिणाम आज, यानी 25 अगस्त, 2022को नई दिल्ली में घोषित किया गया और संस्थान के देश के सभी क्षेत्रीयऔरचैप्टरकार्यालयों में जारी कर दिया गया। ICSI ने संस्थान की वेबसाइट - www.icsi.edu पर विषय-वार ब्रेक-अप के साथ-साथ परिणाम उपलब्ध कराने के अलावा, एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षा के परीक्षार्थियों द्वारा ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट डाउनलोड करने की सुविधा भी दी है। प्रोफेशनल प्रोग्राम परीक्षा के मॉड्यूल - 1 में 22.07 प्रतिशत अभ्यर्थी, मॉड्यूल - 2 में 18.17 प्रतिशत और मॉड्यूल - 3 में 18.90 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। सूरत परीक्षा केंद्र से निकिता रमेश भाई चंदवानी ने प्रोफेशनल प्रोग्राम मेंऑल-इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है। एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षा के मॉड्यूल-1 में 8.76 प्रतिशत अभ्यर्थी और मॉड्यूल-2 में 18.12 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। चंडीगढ़ परीक्षा केंद्र से लक्ष्यचावलाने एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षा में ऑल-इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है। कंपनी सचिवों के प्रोफेशनल प्रोग्राम और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम की अगली परीक्षाएँ बुधवार, 21 दिसंबर, 2022, से शुक्रवार, 30 दिसंबर, 2022 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन 26अगस्त, 2022 से जमा किया जा सकता है।

### दिल्ली सरकार द्वारा शराब नीति में भ्रष्टाचार करने के विरुद्ध प्रदर्शन और पुतला जलाया




नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने कृष्णा नगर विधान सभा में पूर्व विधायक प्रत्याशी डॉ अनिल गोयल जी के नेतृत्व में चारो मंडल में दिल्ली सरकार द्वारा शराब नीति में भ्रष्टाचार करने के विरुद्ध प्रदर्शन और पुतला जलाया। कृष्णा नगर मंडल , अनारकली मंडल , घोंडली मंडल और गीता कॉलोनी मंडल में भिन्न भिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओ, मार्केट एसोसिएशन एवं आर डब्लू ए के लोगो ने दिल्ली सरकार के खिलाफ नारे लगाए। डॉ अनिल गोयल जी ने कहा दिल्ली सरकार के शराब मंत्री मनीष सिसोदिया ने शराब माफिया के साथ मिलकर दस हजार करोड़ का शराब घोटाला किया है नयी आबकारी नीति बदलकर यह घोटाला किया है। इस नीति को अन्तंत उन्हें वापस लेना पड़ा। इसका मतलब ये है वो एक गलत नीति थी। इस नीति में शराब माफियाओ को जो शराब बनाते थे उन लोगो को लाइसेंस दिए गये। जो बिक्री लाइसेंस विक्रताओ को देना चाहिए था वो उन्होंने कॉर्पोरेट हाउस को बहुत ही सस्ते में दिया और इसके बदले वे उन्हें पैसा देंगे और वह पैसा पंजाब के चुनाव में लगाया। मुख्य सचिव ने ये रिपोर्ट निकाली और एल जी साहब को भेजी और एल जी साहब ने सी बी आई की जाँच करवाई तो पता चला इसमें दस हजार करोड़ से बड़ा घोटाला है। दिल्ली सरकार युवाओं को शराबी बना रही है। मंदिरो, गुरुद्वारों , स्कूलों के पास ठेके खोले गए है जिसके कारण लोगो में भारी रोष है इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्री संदीप कपूर जी , मंडल अध्यक्ष इन्दु बाला जी, मंडल अध्यक्ष श्री कुश बिंद्रा जी, मंडल अध्यक्ष श्री दिनेश वर्मा जी, मंडल अध्यक्ष श्री सुरिन्द्र किंद्रा जी, उपस्थित रहे।

### थाना फेस थ्री पुलिस ने चोरी का सोना खरीदने वाले दो सुनार सहित चार को किया गिरफ्तार



नोयडा। थाना फेस थ्री पुलिस ने घरेलू नौकरानी और चोरी का सोना खरीदने वाले दो सुनार सहित चार अभियुक्तों पवित्रा उर्फ पिंकी पत्नी सचिन निवासी जसवंत नगर मलियाना थाना टीपीनगर मेरठ, सचिन पुत्र अनिल कश्यप निवासी जसवंत नगर मलियाना थाना टीपी नगर मेरठ को सैक्टर 59 मैट्रो स्टेशन से, नेहल ढींगरा पुत्र प्रमोद ढींगरा निवासी परवाना अपार्टमेंट मकान नम्बर बी-10 द्वितीय फ्लोर मयूर विहार फेस-1 दिल्ली को गढी गोलचक्कर से,अरूण प्रजापति पुत्र अमर सिंह निवासी खोडा कालोनी थाना खोडा गाजियाबाद को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त नेहल ढींगरा के कब्जे से 5 लाख 70 हजार रूपये नगद, एक सोने का ब्रॉसलेट डायमंड लगा हुआ, सोने का वजन करने वाला इलेक्ट्रानिक कांटा,सोने की जांच करने की इलेक्ट्रानिक मशीन,सोने की शुद्धता की जांच करने वाली कसौटी और सोने को काटने वाला कटर बरामद किया है।

### पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही में अवैध शराब सहित दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार



ग्रेटर नोएडा। थाना नालेजपार्क पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्यवाही में दो विदेशी नागरिक (नाइजीरियन) चार्ल्स पुत्र मदु मैकबेन निवासी विला नंबर 2 ओमेक्स पाम ग्रीन सोसायटी म्यू-1 थाना दादरी गौतमबुद्धनगर, मदू इबूका पुत्र मदु मैकबेन निवासी विला नंबर 2 ओमेक्स पाम ग्रीन सोसायटी म्यू-1 थाना दादरी गौतमबुद्धनगर को लक्ष्मी प्लाजा स्थित ईआको रायल्टी लॉज से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने बडवाइजर मेगनैम बीयर की 45 कैन हरियाणा मार्का , बडवाइजर प्रीमियम किंग ऑफ बीयर 22 कैन हरियाणा मार्का, किंगफिशर स्ट्रांग बीयर 15 कैन दिल्ली मार्का, कार्ल्सबर्ग प्रीमियम एलीफेन्ट बीयर 10 कैन हरियाणा मार्का, हैनीकैन बीयर 24 कैन महाराष्ट्रा मार्का, किंगफिशर अल्ट्रा लागर चार बोतल हरियाणा मार्का , ब्रीजर क्लासिक छः बोतल हरियाणा मार्का , गोल्ड स्वीट रेडवाइन तीन बोतल हरियाणा मार्का एवं मैजिक मोमेन्ट तीन बोतल हरियाणा मार्का बरामद की है। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में नहीं होगी पानी की कमी, मनीष सिसोदिया ने 16.79 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

### बुराड़ी के नंगली पुना, झरोदा हरीजन बस्ती व कमल विहार में भी पानी की लाइनों को बदलकर जलापूर्ति में किया जाएगा सुधार

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सभी लोगों को बेहतर जलापूर्ति मिल सकें व सभी इलाकों में बेहतर सीवरेज नेटवर्क स्थापित हो सकें इस दिशा में केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली के विभिन्न ग्रामीण व शहरी इलाकों में पानी की पुरानी पाइपलाइनों-सीवर लाइनों को बदलकर नई पाइपलाइन व सीवर लाइने बिछाई जाएगी। इसे लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जलबोर्ड के विभिन्न जगहों पर पाइपलाइन व सीवरलाइन बिछाने के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी। इन सभी प्रोजेक्ट्स की कुल लागत 16.79 करोड़ रूपये है। इन प्रोजेक्ट्स के पूरा होने के बाद इससे जुड़े इलाके के पानी की आपूर्ति में सुधार होगा।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार अपने हर नागरिकों तक बेहतर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने विभिन्न प्रयासों के माध्यम से दिल्ली में 24*7 जलापूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे है और चरणबद्ध तरीके से इस दिशा में काम कर रहे है। ऐसे इन इलाकों में पाइपलाइन बदलना एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही सिसोदिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पाइपलाइन और सीवर लाइन बदलने की पूरी प्रक्रिया के दौरान सेफ्टी-सिक्योरिटी व क्वालिटी के सभी मानकों का पालन प्रतिबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए और समय के साथ ये कार्य पूरे किए जाए ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ें।

बता दे कि दिल्ली के सभी इलाकों में पानी की बाधारहित आपूर्ति सुनिश्चित करने की इस कड़ी में केजरीवाल सरकार द्वारा हसनपुर गांव, मटियाला के खेड़ा डाबर गांव, पंडवाला खुर्द गांव व सारंगपुर गांव में पुरानी क्षतिग्रस्त पानी की लाइनों को बदलने की मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, बुराड़ी के नंगली पुना, झरोदा हरीजन बस्ती व कमल विहार में भी पानी की लाइनों में को बदलकर जलापुर्ति में सुधार किया जाएगा। साथ ही लक्ष्मी नगर के मंगल बाजार रोड से विकास मार्ग ट्रंक सीवर तक मुख्य पेरिफेरल सीवर लाइन, गणेश नगर-द्वितीय से मधुवन चौक तक मुख्य पेरिफेरल सीवर लाइन, साउथ गणेश नगर से गणेश चौक तक मुख्य पेरिफेरल सीवर और आरके पुरम के शांति निकेतन सीवर लाइन को बदला जाएगा।

### जिलाधिकारी सुहास एल वाई की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स की बैठक सम्पन्न

ग्रेटर नोएडा। जनपद की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारी सुहास एल वाई ने बैंकर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि जनपद की आर्थिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में जनपद के सभी बैंकर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। अत: सभी बैंकर्स उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के सौजन्य से संचालित की जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि जनपद गौतम बुद्ध नगर की आर्थिक व्यवस्था तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत भी विभागीय अधिकारियों के माध्यम से उन्हें जो आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं उनमें तत्परता के साथ निर्णय लेते हुए पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराएं ताकि सभी पात्र लाभार्थी जनपद की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज करा सकें और सरकार की मंशा के अनुरूप उन्हें ऋण प्राप्त हो सके। जिला अधिकारी ने महत्वपूर्ण बैठक में समीक्षा करते हुए पाया कि जनपद का सीडी रेशों 59 प्रतिशत है जबकि इसके सापेक्ष कई ब्रांच का सीडी रेशों बहुत कम आ रहा है। इस संबंध में उन्होंने कड़े निर्देश दिए हैं कि जिन बैंकर्स का सीडी रेशों कम है उनके संबंध में उनके रीजनल मैनेजर को जिला प्रशासन की ओर से पत्र भेजा जाए।

### ट्विटर हैंडल पर महामहिम राष्ट्रपति की बेटी की फेक आईडी बनाकर फेक पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



ग्रेटर नोएडा। थाना बीटा टु पुलिस ने ट्विटर हैंडल पर महामहिम राष्ट्रपति की बेटी की फेक आईडी बनाकर फेक पोस्ट करने वाले अभियुक्त शैलेन्दर शुक्ला निवासी प्रोव्यू टैक्नो सिटी सैक्टर चाई फाई ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर को बीटा टु मार्केट के तिराहे से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल सहित तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।अभियुक्त साइबर अपराधी है जो कि मोबाइल फोन ट्विटर हैण्डल पर फेक आईडी बनाकर सोशल मीडिया पर अपना प्रभाव जमाकर लोगों को परेशान करने का अपराध करता है। अभियुक्त द्वारा सोश्ल मीडिया ट्विटर हैण्डल पर महामहिम राष्ट्रपति की पुत्री की फेक आईडी बनाकर वादी पर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभाव जमाकर अनर्गल शिकायत व अभद्र भाषा का प्रयोग कर परेशान किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# पटना में शिक्षक पात्रता परीक्षा उतीर्ण अभ्यर्थियों पर अमानवीय एवं बर्बरतापूर्ण कारवाई पर बिहार मानव अधिकार आयोग में शिकायत दर्ज

- **अखिल भारतीय अभिभावक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनीष कुमार शेखर द्वारा शिकायत कर बिहार के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री पर मानव अधिकार कानून के तहद कारवाई की मांग**

पटना/ नई दिल्ली। अखिल भारतीय अभिभावक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनीष कुमार शेखर ने 22 अगस्त को पटना के सड़कों पर बिहार सरकार द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा उतीर्ण अभ्यर्थियों पर अमानवीय एवं बर्बरतापूर्ण कारवाई पर मानव अधिकार आयोग में शिकायत कर बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव पर मानव अधिकार कानून के तहद कारवाई करने की मांग की है । राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के माध्यम से बिहार मानव अधिकार आयोग ने 23 अगस्त को शिकायत को स्वीकार कर डायरी संख्या 741/आईएन/2022 प्रदान किया तथा 24 अगस्त को बिहार मानव अधिकार आयोग के द्वारा केस नं 5139/4/26/2022 के द्वारा शिकायत दर्ज कर लिया गया है।

श्री शेखर ने कहा कि 22 अगस्त 2022 को पटना की सड़कों पर लोकतंत्र की जननी बिहार की आत्मा पर जिस प्रकार प्रहार किया गया है मुझे विश्वास है कि बिहार मानव अधिकार आयोग निश्चितरुप से बिहार के लोगों के हितों की रक्षा करेगी । बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव के द्वारा अपने अधिकारी से जिस प्रकार बर्बरता एवं अमानवीय तरीके से पीटाई कराई गई तथा एक बेरोजगार युवक जिसके हाथों में तिरंगा था जिसे बीच सड़क पर गिरा कर उसके उपर एक एडीएम स्तर के अधिकारी द्वारा अनगिनत लाठियों से सरेआम पीटाई की गई जिसे देख कर देश के कोने कोने में रह रहे बिहार के लोग सहमे हुए हैं । शेखर ने कहा कि 16 अगस्त 2022 को श्री नीतीश कुमार के साथ श्री तेजस्वी यादव उप मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेने के बाद पहली कैबिनेट में 10 लाख सरकारी नौकरी देने के वादे पर कोई चर्चा नहीं करने से शिक्षक पत्रता परीक्षा में उतीर्ण बेरोजगार प्रदर्शन कर सरकार को अपने वादों की याद दिलाना चाहते थे, लेकिन लोकतंत्र की जननी बिहार की धरती से बिहार की वर्तमान सरकार के मुखिया द्वय ने लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया है तथा भारत के संविधान में दिये गये हमारे मौलिक अधिकारों का लाठी से दमन किया गया है ।

# केजरीवाल सरकार के मंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में शराब माफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए किया भ्रष्टाचार




- **दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति में अनियमितताएं और भ्रष्टाचार के खिलाफ स्वराज इंडिया ने सबसे पहले आवाज़ उठाई थी**

**विवेक राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में धांधली के मामले में 17 तारिख को मनीष सिसोदिया सहित 15 व्यक्तिओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया और इस पर सी.बी.आई जाँच कर रही है, लेकिन अभी तक मनीष सिसोदिया मंत्री पद पर बने हुए हैं। स्वराज इंडिया ने दिल्ली सरकार की आबकारी नीति का पहले दिन से विरोध किया है जिसमे इस नीति के लागू होने के बाद तमाम तरह की अनियमितताएं और बहुत बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार सामने आया। स्वराज इंडिया ने दिल्ली के विभिन्न वार्डों में अवैध तरीके से खोले गए शराब के ठेकों के विरोध में लगातार प्रदर्शन किया है। दिल्ली को शराब की राजधानी बनाने वाली केजरीवाल सरकार ने शराब की बिक्री बढ़ाने के लिए नियमों की धज्जियाँ उड़ाईं और जमकर भ्रष्टाचार किया। इन्होंने अपने सहयोगियों को 144 करोड़ रुपए का फायदा पहुँचाया। बात केवल भ्रष्टाचार की ही नहीं बल्कि शराब की खपत बढ़ा कर सीधे तौर पर दिल्ली के युवाओं का भविष्य खराब करने का काम किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप घरेलू हिंसा, महिलाओं के खिलाफ अपराध, सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में वृद्धि हुई है। दिल्ली की जनता को शराब की भारी लत लगा कर करोड़ों परिवारों को बर्बाद करने के दिल्ली सरकार के इस तरीके का स्वराज इंडिया कड़ा विरोध करती है।

स्वराज इंडिया के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नवनीत तिवारी ने कहा कि अन्ना आंदोलन के दौरान अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया हमेशा कहते थे कि अगर किसी मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप है तो उसे जाँच पूरी होने तक इस्तीफा देना चाहिए। लेकिन हकीकत बिल्कुल अलग है। सत्येंद्र जैन के मामले में भी केजरीवाल द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई और न ही उन्होंने आज तक इस्तीफा दिया। इसके उलट अरविंद केजरीवाल अपने भ्रष्ट मंत्रियों को बचाने के लिए उन्हें पुरस्कार दिलाने की बात कह रहे हैं जो हास्यास्पद है। पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष नवनीत तिवारी ने कहा कि हम माँग करते है कि मनीष सिसोदिया नैतिकता के आधार पर इस्तीफ़ा दें जिससे जाँच के काम में बाधा न पहुँच सके।

### थाना सेक्टर 20 पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाले तीन चोरों को किया गिरफ्तार

नोयडा। थाना सेक्टर 20 पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले तीन चोरों नीरज कुमार पुत्र संतोष सिंह निवासी कस्बा जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़, रोशनलाल पुत्र थानसिंह निवासी हसनपुर जरैलिया थाना टप्पल जिला अलीगढ़ मोनू उर्फ निशान्त पुत्र देवेन्द्र शर्मा निवासी कस्वा जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़ को कैम्ब्रेज स्कूल एलीवेटिड के नीचे से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे/निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की पाँच मोटरसाइकिल सहित मोटरसाइकिल के कटे हुए पार्ट्स बरामद किए हैं।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# हरियाणा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सफल बनाने का लिया संकल्प



**कपिल शर्मा /गौरवशाली भारत**

नाँगल चौधरी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुपालना में शिक्षा विभाग की ओर से निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षकों के लिए चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला गुरुवार को प्रधानाचार्य विकास जयदीप की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में आयोजित शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ने-लिखने और संख्या ज्ञान में वृद्धि करना है।

बता दें कि, इससे पूर्व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रत्येक बैच में 40 अध्यापकों के पाँच बैच का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। गुरुवार को छहवाँ समूह के अंतर्गत छठा बैच में भी 40 अध्यापकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। गवर्नमेंट सिनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य विकास जयदीप के संचालन में निपुण हरियाणा मिशन के तहत पाँच दिवसीय कार्यशाला के दौरान अध्यापकों को अभिप्रेरित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य कक्षा 5 तक के बच्चों को पढ़ने लिखने और संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता हासिल करवाना है।

इस विशेष प्रशिक्षण में 4 और 6 कक्षाओं के लिए ग्रेड स्तर की योग्यता हासिल करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण के संबंध में प्राचार्य विकास जयदीप ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संबोधित करते हुए कहा कि, प्रशिक्षण के दौरान सीखी हुई कलाएँ अध्यापक कक्षाओं तक अवश्य पहुंचाएँ। जिससे सभी बच्चे लाभान्वित हो सके और बुनियादी संख्या ज्ञान और साक्षरता में उनकी रूचि बढ़े और अधिगम के प्रतीफल प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर केआरपी मनमोहन, पीआरटी भूपेन्द, एबीआरसी द्वारा प्रशिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण-अधिगम प्रकिया को किस प्रकार सरल व प्रभावी बनाया जाए सहित अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण में बताया गया कि, कार्यशाला का उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों के संचार कौशलों को मजबूत करना है। साथ ही कार्यक्रम में सहजकर्ताओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों और शिक्षण को व्यावहारिक बनाने पर बल दिया गया। जिला महेंद्रगढ़ के खंड नांगल चौधरी में कार्यशाला का गुरुवार को अंतिम और पांचवा दिन था। प्रशिक्षण के दौरान 40 अध्यापक कार्यशाला में प्रतिभागी रहे।

इस अवसर पर ग्राम सिमली से जीपीएस सुरेन्द्र सिंह को प्राचार्य विकास जयदीप द्वारा ग्रुप से चुने हुए बेस्ट प्रशिक्षकु पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिन्होंने हर गतिविधि में भागीदारी लेने के साथ-साथ प्रशिक्षण शिविर में समय पालना का पूर्णतया ध्यान दिया।

# दिल्ली के उपमुख्यमंत्री द्वारा करोड़ों रूपये के शराब घोटाले को लेकर छत्तरपुर में सांसद रमेश बिधूड़ी ने किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। आज दक्षिणी दिल्ली सांसद श्री रमेश बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार द्वारा आबकारी नीति में किए गए करोड़ों रूपये के घोटाले को लेकर छत्तरपुर विधान सभा में सैंकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लोगों की जागरूकता के लिए मार्च निकाला और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध-प्रदशर्न कर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का पुतला दहन किया।

इस दौरान सांसद रमेश बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया दिल्ली में विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने का ढोल बजाते हैं और दूसरी तरफ दिल्ली में जगह-जगह ठेके खुलवाकर लोगों को युवाओं को 'बाय वन गेट वन' फ्री शराब परोस कर परिवारों को उजाड़ने वाली नीति को बहुत अच्छा बताते हैं, जिसमें आपके द्वारा किया गया करोड़ों रूपयों का भ्रष्टाचार लोगों के सामने खुल जाता है



तो गलत बयान देकर कि भाजपा की तरफ से मुझे पार्टी ज्वाइन करने के लिए ऑफर आया है व इधर-उधर की बातें कर लोगों का ध्यान शराब घोटाले के मुद्दे से भटकाने का प्रयास करते हैं। बिधूड़ी ने कहा कि यदि ये झूठ नहीं है तो मनीष सिसोदिया स्पष्ट रूप से बताएं कि भाजपा में आने का ऑफर उन्हें किसने दिया? बिधूड़ी ने कहा कि जो सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए हर स्तर तक जा सकते हैं, जनविरोधी नीतियां बनाते हैं, राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का समथर्न करते हैं, भेद-भाव व तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं ऐसे लोगों के लिए भारतीय जनता पार्टी में कोई स्थान नहीं है। बिधूड़ी ने बताया कि आबकारी नीति लाने के लिए जो दिल्ली सरकार ने समिति बनाई थी, जिसने सिफारिश की थी के शराब ठेके के टेंडर में एल-1 को सरकार अपने पास रखेगी, लेकिन जब इसे लागू किया गया तो उस सिफारिश को दरकिनार कर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा होटल ओबेरॉय में करोड़ो रूपये की डील की गई जिसमें निजी कंपनियों को लाइसेंस बांटे गए। बिधूड़ी ने बताया कि इन्होंने कहा था कि हमे जो जनमत मिलेगा हम उसके अनुसार काम करेंगे, परन्तु अब उनका शिक्षा से लेकर शराब तक का चरित्र दिल्ली की जनता के समझ चुकी है।

प्रदशर्न में जिला उपाध्यक्ष श्री रणवीर तंवर, पूर्व निगम पाषर्दा श्रीमती अनिता तंवर व भाजपा कायर्कता उपस्थित थे।

# संपादकीय

## श्रीकांत त्यागी पर कार्रवाई 'त्यागी समुदाय' का अपमान कैसे हो गयी?

श्रीकांत त्यागी का मामला राजनीतिक संरक्षण में पनप रहे दादा एवं गुंडा किस्म की मानसिकता का उदाहरण है। ऐसे छुटभैया नेता टाइप्ड लोग समाज के लिये एक बड़ी समस्या बनते रहे हैं। ये लोग चलते व्यक्ति के साथ कदम मिलाकर नहीं चलने की अपेक्षा उसे अडंगी लगाते हैं। कुछ ऐसे व्यक्ति सभी जगह होते हैं जिनसे हम असहमत हो सकते हैं, पर जिन्हें नजरअन्दाज करना मुश्किल होता है। ऐसे ही सिद्धान्त एवं मूल्यहीन व्यक्तियों की विडम्बनाओं से समाज एवं राष्ट्र परेशान है, लेकिन विडम्बना इससे बड़ी यह है कि हम ऐसे व्यक्तियों की गलतियों पर उनका बहिष्कार करने की बजाय उन्हें महानायक बनाने की कुचेष्ठा करते हैं। उनके समर्थन में उतरते हैं, उन्हें सम्मानित किया जाता है। ऐसा ही श्रीकांत त्यागी नामक एक कथित राजनीतिक कार्यकर्त्ता के साथ त्यागी समाज ने किया, उनकी गलती पर, एक महिला के साथ बदसलूकी पर उनको चेताने, उनका सामाजिक बहिष्कार करने की बजाय उनको हीरो बनाकर प्रस्तुत किया गया है। यह एक सभ्य, संस्कारी एवं आदर्श समाज की संरचना की एक विसंगति के रूप में सामने आया है।

श्रीकांत त्यागी का मामला राजनीतिक संरक्षण में पनप रहे दादा एवं गुंडा किस्म की मानसिकता का उदाहरण है। ऐसे तथाकथित छुटभैया नेता टाइप्ड लोग समाज के लिये एक बड़ी समस्या बनते रहे हैं। ये लोग चलते व्यक्ति के साथ कदम मिलाकर नहीं चलने की अपेक्षा उसे अडंगी लगाते हैं। सांप तो काल आने पर काटता है पर ऐसे दुर्जन तो पग-पग पर काटते हैं। यह निश्चित है कि सार्वजनिक जीवन में सभी एक विचारधारा, एक शैली व एक स्वभाव के व्यक्ति नहीं होते। अतः आवश्यकता है दायित्व के प्रति ईमानदारी के साथ-साथ आपसी तालमेल व एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ एवं आदर भाव की।

श्रीकांत त्यागी ने जो किया वह निश्चित ही अक्षम्य अपराध है, प्रश्न है कि ऐसे अपराधों के महिमामंडन के लिये समाज क्यों साथ खड़ा होता है। सात से आठ हजार के करीब लोगों ने जुटकर क्यों उसका समर्थन किया? एक बड़े मंच से श्रीकांत त्यागी पर से गुंडा अधिनियम हटाने, उसके हटाए गए अवैध कब्जे को दुरुस्त करने, उसके जब्त सामान वापस करने, कार्रवाई करने वाले पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त करने आदि की मांग उठाई गई। क्यों कुछ लोग किसी कोने में आदर्श की स्थापना होते देखकर अपने बनाए समानान्तर आदर्शों की वकालत करते हैं। यानी स्वस्थ परम्परा का मात्र अभिनय। प्रवंचना का ओछा प्रदर्शन। गलत का साथ। श्रीकांत त्यागी का चरित्र किसी से छिपा नहीं है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने गुंडा तत्वों को समाप्त करने के मिशन के अन्तर्गत श्रीकांत के अवैध कब्जे ढहा दिए और उस पर गुंडा अधिनियम लगा दिया। तब जाकर फरार रहे श्रीकांत ने समर्पण किया। उसके बाद श्रीकांत के कुछ गुंडा किस्म के समर्थक उस सोसाइटी में पहुंच गए, जहां महिला के साथ बदसलूकी की गई थी। अब जब श्रीकांत पुलिस की गिरफ्त में है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के त्यागी समुदाय के लोगों ने रविवार को महापंचायत बुला कर इसे अपनी पूरी जाति का अपमान बताया। प्रश्न है कि यह त्यागी समुदाय का अपमान क्यों और किस तरह माना जाये?

श्रीकांत जैसे अनेक असामाजिक किस्म के छुटभैए नेता राजनीतिक संरक्षण में धौंसपट्टी पर अपनी छवि चमकाते और अवैध करोबार चलाते देखे जाते हैं। राजनीतिक दलों को लंबे समय से नसीहत दी जाती रही है कि वे आपराधिक छवि वाले लोगों को अपने से दूर रखें, पर वे अपना जनाधार बढ़ाने की मंशा से इन्हें प्रश्रय देते रहते हैं। फिर इसका नतीजा यह होता है कि वही राजनीतिक दलों की समस्या बनने के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र की एक बड़ी चिन्ता, शर्म एवं दर्द का कारण बन जाते हैं। ऐसे आपराधिक छवि वाले व्यक्ति को 'जाति' का गौरव बता कर उसके समर्थन में उतरेंगे तो इससे हमारे समाज का नैतिक उत्थान तो किसी भी रूप में नहीं हो सकेगा। यह तो शुक्रिया स्मार्टफोन का, एक ही घटना के एकाधिक वीडियो बनने और वायरल होने से समाज में नासूर की तरह फैल रहे उन अपराधों का पता दूसरों को लग जाता है।

## हिंदी है हम कसम से.....

**रचना प्रियदर्शिनी**

हमारे मित्रों में एक हैं महाशय नंदलाल बैरागी जी.... जी हां, सही पढ़ा आपने, वो वैरागी नहीं, बैरागी हैं. यानी सबसे बैर मोल लेते रहनेवाले. दरअसल बात कुछ ऐसी हुई कि बैरागी जी जब पैदा हुए, तो उन्हें किसी चीज में दिलचस्पी नहीं थी. यहां तक कि उनकी मां की गोद तक लेकर आनेवाली खूबसूरत-सी परिचारिका को भी उन्होंने एक नजर भर देखने की जहमत नहीं उठायी, जबकि उनके पिता से लेकर चाचा, मामा, फूफा आदि वहां उपस्थित हर पर पुरुष की नजर उस पर ही थी. पर बैरागी जी ने अपना मुंह पूरी तरह से अइसे घुमा रखा था, मानो वे पैदाइशी वैरागी हों. जब वे थोड़े बड़े हुए और उन्हें अपना नाम लिखना सिखाया गया, तो यहां भी उनका वैराग उन पर हावी रहा और इस तरह वे बैरागी बन गये. उनके इस नाम का असर उन पर कुछ यूं हुआ कि उनके द्वारा प्रयुक्त किये जाने शब्दों में भी वैराग्य की झलक नजर आने लगी. कभी वह बचीगा को वागीचा कह देते, तो कभी गर्दन को गदर्न लिख कर कक्षा में गदर मचा देते. शिक्षिकों ने उन्हें कितना भी सिखाने या समझाने की कोशिश की, पर नतीजा ढाक के पात ही रहा समय बीतने के साथ किस्मत से कहें या बदकिस्मती से, बैरागी जी की नौकरी एक हिंदी मीडिया संस्थान में हो गयी, जबकि उन्हें हमेशा से यह लगता था कि वे अंग्रेजी के बड़े अच्छे जानकार हैं. वहां पहुंचने के बाद पहले ही दिन बैरागी जी जब अपनी ओर से एक स्टोरी आइडिया देने को कहा गया, तो उन्होंने संपादक को एक साथ कई सारी स्टोरियों का प्रस्ताव दे डाला.

इसे उनकी पहली भूल मानते हुए संपादक जी ने इग्नोर कर दिया. फिर तो कभी बैरागी जी ने महाविद्यालय को कॉलेज बनाया, तो कभी विद्यालय को %स्कूलों% में तब्दील कर दिया. इनके अलावा बगीचे, पार्क बन गये, प्रशिक्षण को %ट्रेनिंग% बना दिया गया तो रेलगाड़ियों का स्थान ट्रेनों ने ले लिया. उनके इस अंग्रेजी दां ज्ञान की वजह से संपादक जी ने कई बार उन्हें केबिन में बुला कर सख्त हिदायत दी कि जनाब, यह हिंदी भाषा का समाचार पत्र है, तो इसमें हिंदी के शब्दों का ही अधिकाधिक उपयोग करें. उनकी इस हिदायत का नतीजा यह हुआ कि अगले दिन से बैरागी जी खबरें लिखते वक्त हिंदी भाषा का शब्दकोश लेकर अपने साथ बैठने लगे. उसके बाद तो वे किसी अंग्रेजी शब्द के ऐसे क्लिष्ट-क्लिष्ट हिंदी शब्दार्थों का उपयोग करने लगे, जिसे पढ़ कर पाठक तो क्या खुद संपादक जी को चक्कर आने लग जाते. जैसे- एक दिन उन्होंने किसी व्यक्ति के मोबाइल फोन चोरी होने की खबर पर हेडिंग लगायी- %फलां व्यक्ति का भ्रमणिश्रावित्र हरण हो गया.% इस खबर का अर्थ समझने के लिए संपादक जी को चार लोगों की कमिटी बैठानी पड़ी. उस कमिटी द्वारा दिये गये सुझावों के आधार पर बैरागी जी को यह इजाजत मिली कि वह अपनी खबरों में सामान्य बोलचाल की भाषा में प्रयुक्त होनेवाले अंग्रेजी शब्दों का उपयोग कर सकते हैं. यह अनुमति पाकर एक बार पुन- बैरागी जी अपने अंग्रेजी ज्ञान की गरिमा को बनाये रखते हुए खबरें लिखने लगे. उनकी खबरों में पार्कों, फोनों, स्टेशनों, शॉपिंग मॉलों जैसे हिंग्लिश शब्दों की भरमार दिखने लगी. यहां तक तो अखबार के संपादक ने फिर भी समझौता कर लिया, पर एक रोज तो हद ही हो गयी. बैरागी जी की एक खबर के अनुसार- शहर के फलां भवन में लग गया है बुक फेयर. स्कूल-कॉलेज स्टूडेंटों की जरूरत को ध्यान में रख कर पब्लिशरों ने बुकों पर रखा है स्पेशल डिस्काउंट.बैरागी जी की इस हेडिंग को पढ़ कर एक बार फिर से संपादक जी ने अपना माथा पीट लिया. उन्होंने चपरासी को भेज कर पुन- बैरागी जी को अपने केबिन में बुलवाया. जब उनसे ऐसी हेडिंग को अवॉयड करते के लिए कहा गया, तो उनका जबाव था- अब पाठक ऐसी ही खबरें पढ़ना पसंद करते हैं सर. आपको मेरी बात का भरोसा न हो, तो आप सर्वे करवा कर देख सकते हैं. संपादक जी को यह सुझाव बढ़िया लगा. अगले ही दिन उन्होंने दुबारा से एक कमिटी गठित करके उन्हें अखबार की भाषा से संबंधित पाठकों की पसंद या नापसंद संबंधी प्रतिक्रिया जानने के लिए एक सर्वे करने को कहा गया.

मदर टेरेसा जयन्ती-26 अगस्त 2022 पर विशेष

# मदर टेरेसाः शांति-सेवा की पैगम्बर एवं मातृहृदया थी



**ललित गर्ग**

सदियों से भारत वर्ष की यह पावन धरा ज्ञानी-ध्यानी, ऋषि-मुनियों एवं सिद्ध साधक संतों द्वारा चलायी गई उस संस्कृति की पोषक रही है, जिसमें भौतिक सुख के साथ-साथ आध्यात्मिक आनंद, सेवा एवं परोपकार की भागीरथी भी प्रवाहित होती रही है। संबुद्ध महापुरुषों ने, साधु-संतों ने समाधि के स्वाद को चखा, सेवा एवं करुणा से आप्लावित हुए और उस अमृत रस को समस्त संसार में बांटा। कहीं बुद्ध बोधि वृक्ष तले बैठकर करुणा का उजियारा बांट रहे थे, तो कहीं महावीर अहिंसा का पाठ पढ़ा रहे थे। यही नहीं नानकदेव जैसे संबुद्ध लोग मुक्ति की मंजिल तक ले जाने वाले मील के पत्थर बने तो मदर टेरेसा ने सेवा एवं मानव कल्याण की गंगा को प्रवहमान किया। यह वह देश है, जहां वेद का आदिघोष हुआ, युद्ध के मैदान में भी गीता गाई गयी, वहीं कपिल, कणाद, गौतम आदि ऋषि-मुनियों ने अवतरित होकर मानव जाति को अंधकार से प्रकाश पथ पर अग्रसर किया। बीसवीं सदी के भाल पर मदर टेरेसा सच्ची मां बनकर प्रस्तुत हुई और उनके मानवता के प्रति योगदान को पूरी दुनिया जानती है। इसके साथ ही यह आधुनिक संत बीमार और असहाय लोगों के प्रति अपने करूणामयी व्यवहार के लिए भी जानी जाती हैं।

जब हम मदा टेरेसा बारे में बात करते हैं तो हम उनके सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक कार्य को याद करते हैं, जो थी कुष्ठता के कलंक के खिलाफ उनकी लड़ाई। कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों के प्रति हर जगह भेदभाव देखा गया था, लेकिन मदर टेरेसा ने उनके साथ अपनों जैसा व्यवहार किया। इस तरह की उनकी दया और करूणा की भावना ने दुनिया का एक सीख दी है। सचमुच वे मां थी। मदर टेरेसा ने यूगोस्लाविया से निकल कर भारत में अपने सेवाभाव से जुड़े कार्यक्रम की शुरुआत की और विश्व भर में इसके सफल संचालन से लोगों के बीच मां का दर्जा पाया। 12 वर्ष की अवस्था में ही उन्होंने अपने हृदय की आवाज पर समाज को अपना जीवन समर्पित करने का फैसला कर लिया था। वे मानव बनकर संसार में आई, लेकिन अपने सतत गतिशील मानव सेवा के कामों से महामानव बन गयी। उनके जीवन की कहानी आकाश की उड़ान नहीं है। उनके स्वर कल्पना की लहरियों से नहीं उठे थे, बल्कि अनुभूति की कसौटी पर खरे उतरकर हमारे सामने आए थे। जिसकी पृष्ठभूमि में विजय का संदेश है। वह विजय थी- अंधकार पर प्रकाश की, असत् पर सत् की, मानव उत्थान की और पीडित मानव मन पर मरहम की। वे दया और करूणा का शंखनाद थी।

'शांति की शुरुआत मुस्कुराहट से होती है।' इस विचार में विश्वास रखने वाली मदर टेरेसा यानी एग्नेस गोंझा बोयाजीजू का जन्म यूगोस्लाविया के एक साधारण व्यवसायी निकोला बोयाजीजू के घर 26 अगस्त 1910 में हुआ था। वह 18 वर्ष की आयु में 1928 में भारत के कोलकाता शहर आईं और सिस्टर बनने के लिए लोरेटो कान्वेंट से जुड़ीं और इसके बाद अध्यापन कार्य शुरू किया। उन्होंने 1946 में हुए सांप्रदायिक दंगे के दौरान अपने मन की आवाज पर लोरेटो कान्वेट की सुख सुविधा छोड़ बीमार, दुखियों और असहाय लोगों के बीच रह कर उनकी सेवा का संकल्प लिया। उन्होंने एक दशक तक कोलकाता के झुग्गी में रहने वाले लाखों दीन दुखियों की सेवा करने के बाद वहां के धार्मिक स्थल काली घाट मंदिर में एक आश्रम की शुरुआत की। उस वक्त उनके पास सिर्फ पांच रुपये ही थे लेकिन उनका आत्मबल ही था जिससे उन्होंने 'मिशनरीज ऑफ चौरिटी' की शुरुआत की और आज 133 देशों में इस संस्था की 4,501 सिस्टर मदर टेरेसा के बताए मार्ग का अनुसरण कर लोगों को अपनी सेवाएं दे रही हैं।



मदर टेरेसा ने 'निर्मल हृदय' और 'निर्मला शिशु भवन' के नाम से आश्रम खोले। 'निर्मल हृदय' का ध्येय असाध्य बीमारी से पीड़ित रोगियों व गरीबों का सेवा करना था जिन्हें समाज ने तिरस्कृत कर दिया हो। 'निर्मला शिशु भवन' की स्थापना अनाथ और बेघर बच्चों की सहायता के लिए हुई। समाज के सबसे दलित और उपेक्षित लोगों के सिर पर अपना हाथ रख कर उन्होंने उन्हें मातृत्व का आभास कराया और न सिर्फ उनकी देखभाल की बल्कि उन्हें समाज में उचित स्थान दिलाने के लिए भी प्रयास शुरू किया। सच्ची लगन और मेहनत से किया गया काम कभी असफल नहीं होता, यह कहावत मदर टेरेसा के साथ सच साबित हुई। उनके आश्रम का दरवाजा हर वर्ग के लोगों के लिए हमेशा खुला रहता था। उन्होंने अपने कार्यक्रम के जरिए गरीब से गरीब और अमीर से अमीर लोगों के बीच भाईचारे और समानता का संदेश दिया था। उन्होंने किसी भी धर्म के लोगों के बीच कोई भेद नहीं किया।

मदर टेरेसा ने भारत में कार्य करते हुए यहां की नागरिकता के साथ सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्राप्त (1980) किया। समाज में दिए गए उनके अद्वितीय योगदान की वजह से उन्हें पद्मश्री (1962), नोबेल शांति पुरस्कार (1979) और मेडल ऑफ फ्रीड़ा (1985) प्रदान किए गए। उन्होंने भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में अछूतों, बीमार और गरीबों की सेवा की।

मदर ने नोबेल पुरस्कार की धन-राशि को भी गरीबों की सेवा के लिये समर्पित कर दिया। हमारे लिए मदर टेरेसा भी एक ईश्वरीय वरदान थीं। भारतीय जनमानस पर अपने जीवन से उदाहरण के तौर पर उन्होंने ऐसे पदचिन्ह छोड़े हैं, जो सदियों तक हमें प्रेरणा एवं पाथेय प्रदत्त करते रहेंगे। क्या जात-पांत, क्या ऊंच-नीच, क्या गरीब-अमीर, क्या शिक्षित-अनपढ़, इन सभी भेदभावों को ताक पर रख कर मदर ने हमें यह सिखाया है कि हम सभी इंसान हैं, ईश्वर की बनाई हुई सुंदर रचना हैं और उनमें कोई भेद नहीं हो सकता। उनका विश्वास था कि अगर हम किसी भी गरीब व्यक्ति को ऊपर उठाने का प्रयत्न करेंगे तो ईश्वर न केवल उस गरीब की बल्कि पूरे समाज की उन्नति के रास्ते खोल देगा। वे अपने सेवा कार्य को समुद्र में सिर्फ बूंद के समान मानती थीं। वह कहती थीं, 'मगर यह बूंद भी अत्यंत आवश्यक है। अगर मैं यह न करूं तो यह एक बूंद समुद्र में कम पड़ जाएगी।' सचमुच उनका काम रोशनी से रोशनी पैदा करना था।

मदर टेरेसा ने पटना के होली फॅमिली हॉस्पिटल से आवश्यक नर्सिंग ट्रेनिंग पूरी की और 1948 में वापस कोलकाता आ गईं और वहां से पहली बार तालतला गई, जहां वह गरीब बुजुर्गों की देखभाल करने वाली संस्था के साथ जुड़ गयी। उन्होंने मरीजों के घावों को धोया, उनकी मरहमपट्टी की और उनको दवाइयां दीं। धीरे-धीरे उन्होंने अपने कार्य से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा।

मदर टेरेसा ने समय-समय पर भारत एवं दुनिया के ज्वंलत मुद्दों पर असरकारक दखल किया, भ्रूण हत्या के विरोध में भी सारे विश्व में अपना रोष दर्शाया एवं अनाथ-अवैध संतानों को अपनाकर मातृत्व-सुख प्रदान किया। मदर शांति की पैगम्बर एवं शांतिदूत महिला थीं, वे सभी के लिये मातृरूपा एवं मातृहृदया थी। परिवार, समाज, देश और दुनिया में वह सदैव शांति की बात किया करती थीं। विश्व शांति, अहिंसा एवं आपसी सौहार्द की स्थापना के लिए उन्होंने देश-विदेश के शीर्ष नेताओं से मुलाकातें की और आदर्श, शांतिपूर्ण एवं अहिंसक समाज के निर्माण के लिये वातावरण बनाया। कहा जाता है कि जन्म देने वाले से बड़ा पालने वाला होता है। मदर टेरेसा ने भी पालने वाले की ही भूमिका निभाई। अनेक अनाथ बच्चों को पाल-पोसकर उन्होंने उन्हें देश के लिए उत्तम नागरिक बनाया। ऐसा नहीं है कि देश में अब अनाथ बच्चे नहीं हैं। लेकिन क्या मदर टेरेसा के बाद हम उनके आदर्शों को अपना लक्ष्य मानकर उन्हें आगे नहीं बढ़ा सकते ?उनके तौर तरीके बड़े ही विनम्र हुआ करते थे। उनकी आवाज में सहजता और विनम्रता झलकती थी और उनकी मुस्कुराहट हृदय की गहराइयों से निकला करती थी। सुबह से लेकर शाम तक वे अपनी मिशनरी बहनों के साथ व्यस्त रहा करती थीं। काम समाप्ति के बाद वे पत्र आदि पढ़ा करती थीं जो उनके पास आया करते थे।

मदर टेरेसा वास्तव में प्रेम और शांति की दूत थीं। उनका विश्वास था कि दुनिया में सारी बुराइयाँ व्यक्ति से पैदा होती हैं। अगर व्यक्ति प्रेम से भरा होगा तो घर में प्रेम होगा, तभी समाज में प्रेम एवं शांति का वातावरण होगा और तभी विश्वशांति का सपना साकार होगा। उनका संदेश था हमें एक-दूसरे से इस तरह से प्रेम करना चाहिए जैसे ईश्वर हम सबसे करता है।

तभी हम विश्व में, अपने देश में, अपने घर में तथा अपने हृदय में शान्ति ला सकते हैं। उनके जीवन और दर्शन के प्रकाश में हमें अपने आपको परखना है एवं अपने कर्तव्य को समझना है। तभी हम उस महामानव की जन्म जयन्ती मनाने की सच्ची पात्रता हासिल करेंगे एवं तभी उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि समर्पित करने में सफल हो सकेंगे।

## अज्ञानता के तमस को उजास में बदलता शिक्षा, ज्ञान का प्रगतिशील स्वरूप

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैंद्य संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है। वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है। यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है। जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी। मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है। शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है। शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है। शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैंद्य शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है। वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैद्य पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है। यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है। शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है।

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है द्य राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है।

भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है।

## भारत की इस झील में मछलियां नहीं, तैरते हैं कंकाल

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित रूपकुंड झील वास्तव में एक ग्लेशियर है, जो लगभग 5,029 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यही कारण है कि यहां पर अधिक पानी की जगह बर्फ ही नजर आती है। लेकिन जब बर्फ पिघलती है, तो झील में सैकड़ों मानव कंकाल पानी में या सतह के नीचे तैरते दिखाई देते हैं। झील का नाम सामने आते ही एक बेहद ही खूबसूरत से पानी से भरे स्थान की तस्वीर आंखों के आगे आ जाती है। लोग झील के किनारे बैठकर कुछ वक्त सुकून के बिताना पसंद करते हैं। वहीं कुछ लोगों को वहां पर मछलियां पकड़ना भी अच्छा लगता है। लेकिन क्या आपने कभी किसी ऐसी झील की कल्पना की है, जिसमें मछलियों की जगह कंकाल तैरते हुए नजर आए। ऐसा सुनना ही कितना डरावना है। हालांकि, उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले में एक ऐसी झील स्थित है, जिसे रूपकुंड झील के नाम से भी जाना जाता है। लोग इसे कंकाल झील भी कहकर पुकारते हैं। तो चलिए जानते हैं इस झील के बारे में- उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित रूपकुंड झील वास्तव में एक ग्लेशियर है, जो लगभग 5,029 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यही कारण है कि यहां पर अधिक पानी की जगह बर्फ ही नजर आती है। लेकिन जब बर्फ पिघलती है, तो झील में सैकड़ों मानव कंकाल पानी में या सतह के नीचे तैरते दिखाई देते हैं। यह मानव कंकाल किसके हैं, इसके बारे में कुछ पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है। जब इस झील के बारे में पता चला था, तब यह माना जा रहा था कि यह अवशेष जापानी सैनिकों के थे जो इस क्षेत्र में घुस गए थे। हालांकि, बाद में जांच के बाद यह पता चला कि यह लाशें जापानी सैनिकों की नहीं हो सकतीं, क्योंकि ये काफी पुरानी थीं। 1960 के दशक में एकत्र किए गए नमूनों से यह अनुमान लगाया गया कि वे लोग 12वीं सदी से 15वीं सदी तक के बीच के थे। जहां एक ओर यह झील देखने में बेहद ही भयावह है, लेकिन इसका रूपकुंड नाम होना यकीनन काफी आश्चर्यचकित करता है। हालांकि, इस झील के नाम को लेकर एक मान्यता यह भी है कि इस कुंड की स्थापना भगवान् शिव ने अपनी पत्नी पार्वतीजी के लिए की।

## ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था : मानव बुद्धिजीवी आर्थिक वृद्धि का प्रमुख इंजन है



गोंदिया - वैश्विक स्तरपर किसी भी देश की आर्थिक सुदृढ़ता का पैमाना उसकी अर्थव्यवस्था से लगाया जा सकता है हालांकि अर्थव्यवस्था के अलग-अलग क्षेत्रों में उसके मानकों के आधार पर उसका आकलन किया जाता है।अर्थशास्त्र में मुख्यतः तीन प्रकार की अर्थव्यवस्थाएं पढ़ाई जाती हैं- प्राइमरी सेक्टर (कृषि आधारित), सेकंडरी सेक्टर (उद्योग आधारित) तथा इन दोनों को मानव संसाधन द्वारा संचालित करने वाली सर्विस सेक्टर इकॉनमी। विगत दो दशकों से भी कम समय में उभरने वाला नवीनतम क्षेत्र है- ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था। चूंकि आज हम ज्ञानआधारित अर्थव्यवस्था की बात कर रहे हैं इसीलिए यहां यह रेखांकित करना जरूरी है कि मानव बुद्धिजीवी आर्थिक वृद्धि का प्रमुख इंजन है और हमारा भारत देश एक युवा राष्ट्र है 21वीं सदी में भारत की युवा जनसांख्यिकीय उसकी सबसे बड़ी ताकत है और हमारी वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को तीव्रता से गति देने के गुण समाहित हैं। सबसे बड़ी बात हमारे पीएम का भी ग्रीन प्रोजेक्ट 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का है इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम कौशलता विकास की करें तो कुछ वर्षों से कौशलता विकास के बारे में बहुत विशालता से सुन रहे हैं और पूरे देश में कौशलता विकास का अभियान जोरों पर चलाया जा रहा है जिसमें हुनर हाट, वेबीनार, प्रदर्शनियां इत्यादि के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है जो ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का ही एक हिस्सा है।ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था एक ऐसी अर्थव्यवस्था को कहा जाता है जिसमें वृद्धि का मुख्य स्रोत खेत अथवा खनिज नहीं बल्कि ज्ञान होता है। यह अर्थव्यवस्था पूर्ण रूप से ज्ञान एवं सूचना के उत्पादन, वितरण और उपभोग पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए देखा जाए तो भारत के कुछ नगरों जैसे दिल्ली, कोटा और वाराणसी में कोचिंग सेंटरों की भरमार है। यहाँ की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा भाग ज्ञान के क्रय-विक्रय पर आधारित है। साथियों बात अगर हम सूचना प्रौद्योगिकी की करें तोबेंगलुरु और हैदराबाद जैसे महानगर सूचना प्रौद्योगिकी के केंद्र बन चुके हैं जहाँ ज्ञान आधारित सेवायें (कंसल्टेंसी इत्यादि) ऑनलाइन प्रदान की जाती हैं। विभिन्न विषयों पर पुस्तकें और शोध आधारित जर्नल प्रकाशित करने वाली संस्थाएं और प्रकाशन कम्पनियाँ ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का ही अंग हैं। ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में ज्ञान एक उत्पाद के रूप में खरीदा और बेचा जाता है। इसलिए हमको भी ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में समुचित निवेश करने की आवश्यकता है और कई स्तर पर रणनीतियाँ बनानी अनिवार्य हैं ताकि ज्ञान के क्षेत्र में मौलिकता का सृजन हो। भारत को एक सुदृढ़ ज्ञान आधारित व्यवस्था बनाने के लिए स्कूल और विश्वविद्यालय स्तरपर भिन्न रणनीतियाँ अपनाने की आवश्यकता है।

साथियों बात अगर हम ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के स्त्रोतों की करे तो, इस प्रकार शोध एवं विकास के संस्थान, आईटी कम्पनियाँ, शिक्षक, प्राध्यापक, लेखक, पत्रकार, वैज्ञानिक, कंसल्टेंसी प्रदान करने वाले तकनीकी विशेषज्ञ ये सभी ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की मुख्य धारा में कार्य करते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी युग में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्थाओं की उन्नति तीव्र गति से हुई है किंतु भारत की ज्ञान-विज्ञान पर आधारित प्रगति के इस युग में अपेक्षाकृत धीमी गति है। इसका मुख्य कारण यह है कि भारत की शिक्षण व्यवस्था मौलिक ज्ञान के उत्पादन की अपेक्षा डिग्री धारकों का उत्पादन अधिक कर रही है जिसका समाधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में किया गया है। बाजार में जब कोई वस्तु क्रय-विक्रय हेतु उपलब्ध होती है तो उसके बिकने की संभावना कई कारकों पर निर्भर होती है जिसमें गुणवत्ता, मार्केटिंग, स्टोरेज, ट्रांसपोर्ट व्यवस्था इत्यादि महत्वपूर्ण हैं। भारत के बारे में सामान्य धारणा रही है कि यहाँ उत्पन्न होने वाले ज्ञान में मौलिकता और गुणवत्ता की भारी कमी है। ज्ञान की गुणवत्ता इस पर निर्भर करती है कि उसे उत्पन्न करने वाला कितना प्रतिभाशाली है।

साथियों ध्यान देने वाली बात यह है कि कक्षा बारह तक केविद्यालय ज्ञान के उत्पादक नहीं होते जबकि विश्वविद्यालय और उच्च शोध संस्थान मौलिक ज्ञान के उत्पादन हेतु ही बने हैं। भारत की ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को पुष्ट करने के लिए वर्तमान पीएम की सरकार ने स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक ऐसे अनेक प्रयास किये हैं जिन्हें परिवर्तित होते भारत अथवा 'न्यू इंडिया' की आधारशिला के रूप में देखा जा सकता है।

साथियों बात अगर हम माननीय केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री के ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न में दिनांक 23 अगस्त 2022 के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने की करें तो पीआईबी के अनुसार, उन्होंने आज मेलबर्न के डॉकलैंड्स में कंगन इंस्टीट्यूट में %वेट- भविष्य के लिए कौशल विकसित करने हेतु नीति वार्ता% में विक्टोरियन स्किल्स अथॉरिटी केसीईओ बेंडिगो कंगन इंस्टीट्यूट की सीईओ और ऑस्ट्रेलियाई कौशल इकोसिस्टम के लीडर्स के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान चर्चाएं युवाओं को भविष्य के कौशल से लैस करने, उन्हें रोजगार से जोड़ने और कौशल परिणामों में सुधार करने,उद्योग व अकादमिक संबंधों को मजबूत करने और कौशल संबंधी जरूरतों के लिए एक चुस्त प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए भारत में ऑस्ट्रेलियाई कौशल मानकों और प्रमाणन ढांचे को इस्तेमाल करने की क्षमता के इर्द गिर्द केंद्रित रहीं।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कौशल संस्थानों के साथ गठजोड़ करने में भारत की रुचि व्यक्त की। उन्होंने कौशल विकास में आपसी प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और ऑस्ट्रेलिया में कई अवसरों के लिए भारत के युवाओं को कौशल युक्त करने की दिशा में, भारत के साथ साझेदारी करने की ऑस्ट्रेलिया की उत्सुकता की सराहना भी की।

## मां

हमारें हर मर्ज की दवां होती हैं माँ,
कभीं डांटती हैं हमें तो कभीं गलें लगा लेती हैं माँ

हमारी आंखो के अशु अपनी आंखो में समा लेती हैं माँ अपने होठों की हसी हम पर लूटा देती हैं माँ,

हमारी खुशियो मे शामिल होक़र अपनें गम भूला देती हैं माँ
ज़ब भी कभीं ठोक़र लगे हमें याद आती हैं माँ,

दुनियां की तपिश मे हमें अंचल क़ी शीतल छाया देती हैं माँ
खुद चाहें क़ितनी भी थकीं हो हमे देख़ कर अपनी थक़ान भूला ज़ाती हैं माँ,

प्यार भरें हाथों से हमेशा हमारी थक़ान मिटा देती हैं माँ
ब़ात ज़ब भी हों ललीज़ ख़ाने की तो हमें याद आती हैं माँ,

रिश्तों को ख़ूबसूरती से निभ़ाना सिखा़ती हैं माँ लव्जों मे ज़िसे बायां नही किया जा साकें ऐसी होती हैं माँ,
भगवान् भी ज़िसकी ममता के आगे़ झुक़ जाए ऐसी होती हैं माँ

## शार्ट न्यूज

### गंगापुल से युवक ने अपने दो बच्चों के साथ लगा दी छलांग, बेटों की मौत, बाप सुरक्षित

कानपुर। कानपुर के बिठूर इलाके में नए गंगा पुल से एक पिता ने अपने दो बच्चों के साथ छलांग लगा दी। बच्चों की डूबने से मौत हो गई जबकि पिता को बचा लिया गया है। मौके पर पुलिस मौजूद है। युवक को उन्नाव जिले का बताया जा रहा है। घटनास्थल भारी भीड़ जमा हो गई। सफीपुर सुब्बा खेड़ा निवासी दया शंकर 30 वर्ष की शादी सीता के साथ हुई थी। दो मासूम बच्चे शिवा 3 साल, शिवांश एक साल था। सुबह पति पत्नी के साथ परिवार में लड़ाई हो गई। इसी को लेकर दया शंकर अपने बच्चो को लेकर बाइक से बिठूर गंगापुल आया। बच्चों को लेकर गंगा में कूद गया। दोनों बच्चे डूब गए। दयाशंकर को नाविक लालू ने बचा लिया। अब पुलिस बच्चो की तलाश में गोताखोर की टीम के साथ लगी है। पिता को हिरासत में लिया गया है।

### प्रदेश में है निवेश का अच्छा माहौल, उद्यमी उठायें फायदा : खन्ना

देवरिया। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा है कि राज्य में निवेश का अच्छा माहौल है तथा उद्यमी इसका फायदा उठाते हुए बड़े स्तर पर निवेश कर रहे हैं। मंत्री खन्ना बुधवार की देर शाम उत्तर प्रदेश के देवरिया में जल संसाधन राज्यमंत्री दिनेश खटीक और अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी की उपस्थिति में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जनपद के प्रमुख उद्यमियों एवं आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था और 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत किये गए सुधारों से प्रदेश में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के पथ पर अग्रसर है। 'सिंगल विंडो क्लीयरेंस योजना' की वजह से उद्यमियों को काफी सुविधा मिली है। उद्योगों की स्थापना हेतु विभिन्न विभागों से मिलने वाली एनओसी, एनवायरमेंटल क्लियरेंस, विद्युत-जल कनेक्शन सहित कई मूलभूत सुविधायें अत्यंत कम समय में उपलब्ध करायी जा रही है।

### बुंदेलखंड के एकमात्र चंदेलकालीन सूर्य मंदिर में होगा लाईट एंड साउंड शो

महोबा। बुंदेलखंड के महोबा में स्थित उत्तर भारत के इकलौते पुरातात्विक महत्व के चंदेलकालीन सूर्य मंदिर में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 'लाइट एन्ड साउंड शो' शुरू कराया जाएगा। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने गुरुवार को बताया कि सुप्रसिद्ध सन्त गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरखगिरी को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के मकसद से शासन द्वारा शुरू कराई गईं विभिन्न परियोजनाओं के तहत यह पहल की गयी है। कुमार ने बताया कि महोबा के रहलिया मौजा में स्थित आठवीं शताब्दी के 'रहलिया सूर्य मंदिर' को सजा सवांर कर पर्यटकों के सामने प्रस्तुत करने का कार्य अंतिम चरण में है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित स्थापत्य कला की अप्रतिम धरोहर उक्त सूर्य मंदिर में पर्यटकों के आकर्षण के लिए लाइट एन्ड साउंड शो शुरू कराये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इसकी तैयारियां भी आरम्भ कर दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि सूर्य मंदिर में लाइट एन्ड साउंड शो परियोजना को लागू करने की जिम्मेदारी दिल्ली की विशेषज्ञ एजेंसी 'क्रिस्टल वॉटर फाउंडेशन' को सौंपी गयी है। इसके लिये जिला खनिज न्यास से 17.60 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। उक्त एजेंसी शुरुआत में दो साल के अनुबंध पर काम करेगी। बाद में दर्शकों का इस शो के प्रति रुझान बढ़ने पर अनुबंध को आगे बढ़ाया जाएगा।

### यमुना व बेतवा से जुड़े जिलों में अलर्ट रहने के प्रशासन को मुख्यमंत्री के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में यमुना और बेतवा नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन नदियों के तटवर्ती जिलों में प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से बताया गया कि कल देर रात जारी निर्देश में यमुना और बेतवा नदी के प्रवाह क्षेत्र के जनपदों में बाढ़ के दृष्टिगत सभी संबद्ध जिला प्रशासन को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि राजस्थान के कोटा बैराज व धौलपुर में पानी छोड़े जाने के कारण उत्तर प्रदेश में यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। वहीं बीते कुछ दिनों में मध्य प्रदेश में हुई तेज बारिश से बेतवा नदी उफान पर है। ऐसे में आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, बांदा, प्रयागराज, मथुरा और मिर्जापुर जिलों में बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए गांवों और शहरों में लोगों की सुरक्षा के लिए व्यवस्थित इंतज़ाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

### प्रतापगढ़ : नाबालिग बेटे की गवाही पर मां की हत्या के लिये पिता को उम्रकैद

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक महिला की हत्या के मामले में स्थानीय अदालत ने मृतका के नाबालिग बेटे की गवाही पर उसके पति को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष ने गुरुवार को बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश सीता राम की अदालत ने इस मामले में नाबालिग बेटे की गवाही पर पिता को उम्र कैद की सजा सुनाते हुए पांच हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार शाम को अदालत ने यह फैसला सुनाया। इसमें पट्टी कोतवाली के गदौरी खुर्द गांव के निवासी राजेन्द्र उर्फ मेड़ई का उसकी पत्नी से विवाद हो गया। इसके चलते 10 ,11 अक्टूबर 2016 की रात में राजेन्द्र ने अपने कमरे के भीतर ही पत्नी कंचन गुप्ता की गला दबाकर हत्या कर दी। कमरे में राजेंद्र का बेटा ललित भी सो रहा था। घटना के बाद राजेन्द्र भाग निकला। सुबह जानकारी होने पर राजेन्द्र के पिता रामलाल ने ही उसके खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। अपर सत्र न्यायाधीश सीता राम ने मामले की सुनवाई की। राजेन्द्र के बेटे ललित गुप्ता ने ही बाल साक्षी के रूप में गवाही दी।

### पशुओं में लंपी बीमारी को लेकर झांसी प्रशासन हुआ सतर्क

झांसी। देश के विभिन्न राज्यों में गाय और भैंसों में तेजी से फैल रहे त्वचा संबंधी रोग लंपी को लेकर उत्तर प्रदेश के झांसी जिला प्रशासन ने अधिकारियों को पूरी सर्तकता बरतने के आदेश बुधवार को दिये। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने यहां विकास भवन सभागार में वायरस के संक्रमण के कारण गाय और भैंसों में होने वले लंपी बीमारी से इन पशुओं को बचाने के संबंध में एक बैठक की । इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री कुमार ने भारत के विभिन्न राज्यों में विशेषकर उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश आदि में पशुओं में इस बीमारी के लक्षण पाये जाने के बाद जनपद में सतर्कता बरते जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्य यथा राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखण्ड एवं मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश के रास्ते में पड़ने वाले समस्त बार्डर चेक पोस्टों पर निगरानी सक्रिय किये जाने के साथ-साथ इन राज्यो से किसी गोवशीय एवं महिष वंशीय पशु का जनपद में अग्रिम आदेशों तक प्रवेश पूरी तरह से रोक दिया जाये।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा तंत्र की खुली पोल, बीएससी के एग्जाम में बांट दिया गया गलत पेपर, रद की गई परीक्षा

लखनऊ। एग्जामिनेशन कंट्रोलर डिपार्टमेंट के कारण रु यानी लखनऊ विश्वविद्यालय की जमकर किरकिरी हुई। विश्वविद्यालय में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं में गुरुवार को बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया। गुरुवार को फर्स्ट हॉफ में बीएससी 6th सेमेस्टर के सब्जेक्ट एलिमेंट्स ऑफ रिलेटिवस्टिक और क्लासिकल मैकेनिक्स पेपर-2 की परीक्षा थी। मगर, एग्जामिनेशन सेंटर पर सॉलिड स्टेट फिजिक्स का प्रश्न पत्र पहुंचा। मामला पकड़े जाने पर परीक्षा को रद करते हुए इस प्रश्नपत्र के लिए नई तारीख जारी कर दी गई है।

# भूपेंद्र चौधरी बने यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष

## पश्चिमी यूपी में बीजेपी की सफलता का मिला इनाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष का इंतजार खत्म हो गया है। बीजेपी अध्यक्ष की रेस में जाट नेता भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बाजी मार ली है। भूपेंद्र सिंह चौधरी के नाम का ऐलान कर दिया गया। भूपेंद्र सिंह चौधरी को जाट बिरादरी और पश्चिमी यूपी में मजबूत पकड़ रखने का तोहफा दिया गया है। भूपेंद्र सिंह की पकड़ का ही नतीजा रहा कि यूपी के पिछले चुनाव में बीजेपी ने भले ही पूर्वांचल में उम्मीद के अनुसार सफलता नहीं हासिल की लेकिन पश्चिमी यूपी मे



किसान आंदोलन के बाद भी शानदार जीत मिली थी। जीते के बाद योगी-2.0 में भूपेंद्र चौधरी को यूपी की योगी सरकार में दूसरी बार मंत्री बनाया गया था। इससे पहले उन्होंने संगठन में लंबे समय तक काम किया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष तक की जिम्मेदारी निभाई है। भूपेंद्र चौधरी के नए अध्यक्ष बनने की सुगबुगाहट बुधवार की दोपहर उसी समय से शुरू हो गई थी, जब वह अचानक आजमगढ़ में अपना कार्यक्रम छोड़कर लखनऊ के लिए रवाना हो गए थे।

**जाट लैंड मजबूत पकड़**

पश्चिमी यूपी के मुरादाबाद की कांठ विधानसभा सीट जाट लैंड के रूप में भी जाना जाता है। भूपेंद्र चौधरी इसी जाट लैंड के रहने वाले हैं। योगी की पिछली सरकार में भी भूपेंद्र चौधरी को मंत्री बनाया था। उस समय भूपेंद्र चौधरी पंचायती राज्य मंत्री थे। भूपेंद्र चौधरी 1999 में सपा संस्थापक मुलायम सिंह के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी बीजेपी ने भूपेंद्र चौधरी पर पूरा भरोसा रखा। इसका असर भी देखने को मिल रहा है।

### जमीन बेंचने के नाम पर 40 लाख की धोखाधड़ी

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में जमीन बेंचने के नाम पर किसान से 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। रुपया लेकर जमीन का कब्जा भी दे दिया गया, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद बैनामा नहीं किया। बैनामे को कहा तो आरोपितों ने किसान को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत की जांच के बाद एसएसपी के आदेश पर थाना भोपा में 4 आरोपितों के विरुद्ध धोखाधड़ी में नामजद एफआइआर दर्ज की गई। थाना क्षेत्र भोपा के गांव मोरना निवासी महक सिंह पुत्र लल्लूराम ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया था कि एक वर्ष पहले गांव निवासी तथा मुजफ्फरनगर शहर में रह रहे राकेश पुत्र शिवदत्त से उनकी जमीन खरीदने की बात हुई थी। उन्होंने बताया कि राकेश ने भोपा रोड पर उन्हें 791 गज जमीन दिखाई थी। जो उन्हें सही लगी थी। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच उक्त जमीन 42.5 लाख रुपये में खरीदने पर सहमती बन गई। उन्होंने बताया कि जमीन के एवज में उन्होंने अपने खाते से अलग-अलग आरटीजीएस राकेश के बैंक खातों में कर 40 लाख रुपये का भुगतान किया। बताया कि ढाई लाख रुपये बैनामे पर देने की बात कही। महक सिंह ने बताया कि राकेश आदि ने 40 लाख रुपये लेकर जमीन का कब्जा भी दे दिया था। लेकिन बैनामा नहीं किया। बार-बार बैनामे को कहा। जिस पर राकेश पुत्र शिवदत्त तथा अश्वनी, लक्की तथा गंगाराम पुत्रगण राकेश आदि ने उन्हें जमीन का बैनामा करने से इंकार कर देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## आगरा : होटल में लड़की दिखाने के बहाने बेहोश कर लूटा

आगरा। आगरा में अछनेरा के दिव्यांग युवक को रिश्ता कराने का झांसा देकर शातिर ने उसे जाल में फंसा लिया। लड़की दिखाने के बहाने अलीगढ़ के होटल में ले जाकर ठहराया। वहां खाने के बाद कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उन्हें पिला दिया। युवक उसके पिता और चाचा बेहोश हो गए। शातिर उनके 40 हजार रुपये और दो मोबाइल लूट ले गए। तीनों आगरा जिला अस्पताल में भर्ती हैं।
अछनेरा के नया बास दौलताबाद निवासी 30 वर्षीय वीपी सिंह पुत्र बनय सिंह पैरों से दिव्यांग हैं। दस दिन पहले उनके घर बिचौलिया बनकर एक युवक आया। उसने अपना नाम राजेंद्र बताया। युवक ने वीपी का रिश्ता कराने की कहा। बातचीत से परिवार को भी प्रभावित कर लिया।
आरोपित राजेंद्र ने उन्हें लड़की दिखाने अलीगढ़ बुलाया। 23 अगस्त की सुबह वीपी सिंह, उसके पिता बनय सिंह और चाचा सौदान सिंह के साथ पहुंचा।
रिश्ता तय करने के बाद लड़की पक्की करने के लिए 40 हजार रुपये लेकर गए थे। अलीगढ़ रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में कमरा लिया। युवक ने दोपहर में उनके साथ खाना खाया। जिसके बाद वह बाहर से कोल्ड ड्रिंक लेकर आया।जिसे उन तीनों को पिला दिया, जिसके कुछ देर बाद वह बेहोश हो गए। युवक लूट करके फरार हो गया।

### जेल पहुंचा 11 साल की बच्ची का रेपिस्ट

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में 11 साल की बच्ची के रेपिस्ट अधेड़ दुकानदार को पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामला दो अलग-अलग संप्रदाय का होने की वजह से पुलिस इस मामले को लेकर सतर्क है। 11 साल की बच्ची के साथ रेप की यह घिनौनी घटना बिलारी के एक मोहल्ले की है। मंगलवार रात को करीब 10 बजे घर के बाहर खाली पड़े प्लॉट में खेल रही बच्ची को आरोपी शमीम उर्फ छोटे (45 साल) अगवा कर ले गया था। उसने बच्ची के मुंह पर रुमाल से नशा सुंघाकर उसे अगवा किया था। इसके बाद गली में ले जाकर उसके साथ रेप किया था। बच्ची बेहोशी की हालत में गली में पड़ी मिली थी।

## झांसी में पांच दिन से बेतवा नदी में फंसे चार युवक एयरलिफ्ट, सेना ने किया रेस्क्य

झांसी (बरुआसागर)। यूपी के झांसी में एक बार फिर सेना लोगों के लिए मददगार बनी। सेना की मदद से चार युवकों की जान बचाई गई। चारों युवक पांच दिन से नदी में बढ़े जलस्तर के चलते टापू पर फंस गए थे, जिन्हें सेना की मदद से हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर बचाया गया। सेना के रेस्क्यू का एक वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला बरुआसागर में उफनाई बेतवा नदी का है। यहां दो युवक 19 अगस्त को गए थे। इसी बीच अचानक मध्य प्रदेश से पानी छोड़ दिया गया।

वहीं दो युवक बुधवार को मछली मारने के लिए नदी पर पहुंचे थे। देखते



ही देखते नदी का जलस्तर बढ़ गया और चारों युवक टापू पर फंस गए, उनका परिवार से संपर्क भी टूट गया। इंतजार में परेशान घर वालों ने प्रशासन को सूचना दी तो चित्रकूट से एसडीआरएफ बुलाई गई, लेकिन रेस्क्यू नाकाम रहा। इसके बाद सेना से मदद मांगी गई। बचने की उम्मीद खो चुके युवकों को देख परिजनों की खुशी का ठिकाना ही न रहा। बताया जाता है कि गांव खड़ेसर निवासी भूरे (17) और अशोक (21) 19 अगस्त को अपने खेत पर काम करते समय उफनाई बेतवा में फंस गए। दोनों अक्सर खाना-पानी लेकर जाते थे और कई दिनों बाद लौटते थे, इसलिए परिजन चिंता नहीं करते थे।

वहीं, बुधवार को गांव के ही मनीराम और हरी बड़े एक टापू पर मछली पकड़ रहे थे, तभी मध्य प्रदेश की तरफ से बेतवा में पानी छोड़ दिया गया। इससे सभी फंस गए। दोनों रातभर टापू पर फंसे रहे। इसपर परिवार वाले चिंतित हो गए। परिजनों ने प्रशासन को सूचना दी।

## इंस्पेक्टर ने दिया केस दर्ज करने का टारगेट, स्क्रीन शॉट हुआ वायरल

**एजेंसी**

**उन्नाव।** उन्नाव में सोशल मीडिया पर बुधवार रात एक व्हाट्सएप का स्क्रीनशॉट वायरल होने से मकहमे के अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है। वायरल चैट में कोतवाल एक दिन में चार मुकदमे दर्ज करने का टारगेट दे रहे हैं। हालांकि इस वायरल व्हाट्स एप चैट की हिन्दुस्तान अखबार पुष्टि नहीं करता है।

गंगाघाट कोतवाली बेहद संवेदनशील बताई जाती है। गंगाघाट में हर तरह का अपराध भी होता है। इसको लेकर रेंज से लेकर ज़ोन के अफसरों की भी नजर रहती है। मगर कोतवाली गंगाघाट में पिछले एक माह से हो रही लूट, चोरी, समय अन्य घटनाओं से पुलिस कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे। इतना ही नही 15 अगस्त को दो




सिपाहियों की जमकर पिटाई भी पब्लिक ने की। एसपी ने मामले में सिपाहियों पर कार्यवाही भी की। मगर बुधवार रात कोतवाल राकेश गुप्त के फरमान का एक व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट वायरल होने के बाद गंगाघाट पुलिस की ओर फजीहत हो गई। वायरल व्हाट्सएप चैट में कोतवाल ने लिखा आज कम से कम चार मुकदमा जरूर पंजीकृत हो, उसके नीचे किसी आरपी सिंह ने लिखा संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग सुपर मोड़ चौराहा जाजमऊ, ललिता ने लिखा शक्ति मोबाइल अपना लोकेशन डाले यह चैट वायरल होने के बाद अफसरों में हड़कम्प मच गया। हालांकि यह चैट कब की है। इसकी अभी पुष्टि नही हो सकी है। मामले में एसपी दिनेश त्रिपाठी का कहना है कि अमूमन अपराधियों को पकड़ने के लिए टारगेट दिया जाता है। फिलहाल चेट कब की है, पता करवा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मामला की जांच सीओ सिटी आशुतोष कुमार को सौंपी है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**वायरल मामले में लिखा जा रहा कि पुलिस फर्जी भेजती है जेल**

पुलिस के आदेश का चैट वायरल हुआ तो कई लोगों ने यह पोस्ट ट्विटर से लेकर फेसबुक पर पोस्ट की ओर से लिखा कि कोतवाल फर्जी मुकदमे लिखकर गरीब व असहाय लोगों को जेल भेज देते है। इसीलिए चार मुकदमा लिखवाने का टारगेट दिया है।

**लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है गंगाघाट कोतवाली**

गंगाघाट कोतवाली इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां पुलिस कर्मियों की करतूत से प्रदेश में उन्नाव की छवि धूमिल हो रही है। हाल में एक सिपाही का महिला के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से विभाग की जमकर किरकिरी हुई। इसके बाद चौकी पर शराब के नशे में सिपाहियों की नोकझोंक का वीडियो वायरल हो गया। अब कोतवाल की मुकदमे दर्ज करने की व्हाट्स चैट वायरल हो रही है।

## बनारस से हावड़ा के लिए चलेगी वंदेभारत, बढ़ाई जा रही है ट्रैक की स्पीड

वाराणसी। वाराणसी को एक और सेमी हाईस्पीड वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलेगी। देशभर में 75 रेलवे स्टेशनों पर आवंटित होने वाले वंदेभारत एक्सप्रेस में एक पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल का बनारस डिपो भी है। सूत्रों के अनुसार अभी इसका प्रस्तावित रूट हावड़ा है। इस रूट पर वाराणसी से कोई तेज गति की ट्रेन नहीं है। संभावना है कि अगले माह या अक्तूबर तक ट्रेन का आवंटन हो जाए।

ट्रेन के प्राइमरी मेंटेनेंस के लिए बनारस स्टेशन के कोचिंग डिपो में वाशिंग पिट में तकनीकी कार्य कराए जा रहे हैं।

पूर्व के दो वाशिंग पिट कैम-टेक तकनीक पर बने हैं, अब तीसरे को भी इस तकनीक पर बनाया जा रहा है। बनारस डिपो में कैम-टेक तकनीक से बन रहे वाशिंग पिट में एलएचबी रैक और वंदेभारत के रैक की प्राइमरी मेंटीनेंस हो सकेगी।

डीडीयू के बाद कोलकाता तक 130 की स्पीड वर्तमान में डीडीयू जंक्शन से कोलकाता के बीच रेलवे ट्रैक की औसत गति क्षमता 130 किमी प्रति घंटे है। ऐसे में वंदेभारत के लिए यह रूट सही होगा। केवल वाराणसी से डीडीयू के बीच औसतन 1 घंटे 10 मिनट के समय को कम करना होगा। इसके लिए ट्रैक की गति बढ़ाई जा रही है। स्लीपर सुविधा वाली होगी वंदेभारत नई वंदेभारत में बैठ कर यात्रा के बजाय शयनयान श्रेणी के कोच भी होंगे। इससे लंबी दूरी की यात्रा सुविधाजनक होगी।

## औरैया में आधा दर्जन गांवों में घुसा यमुना के बाढ़ का पानी

औरैया। राजस्थान के कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद औरैया जिले में यमुना नदी में आये बाढ़ के पानी से अजीतमल क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों बुरी तरह से प्रभावित हो गये हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यमुना नदी के किनारे बसे गांव सिकरोड़ी में लोगो के घरों में पानी भर गया है। ऐसे में प्रशासन उनको मकान खाली कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहा है। वही गांव को जाने रास्ते पर पानी भर गया है। गांव जाने के लिये प्रशासनिक अधिकारी नाव का सहारा ले रहे है। इस गांव में बाढ़ हर वर्ष आती है लेकिन प्रशासन कोई स्थाई इंतजाम नही कर पा रहा है। गांव में बाढ़ से हालत बेकाबू हो गये है।

अजीतमल क्षेत्र में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद गुरूवार को उप जिला अधिकारी अखिलेश कुमार सिंह व तहसील दार हरिश्चंद्र , ग्राम विकास अधिकारी अतुल मिश्रा और शिवम सविता यमुना नदी किनारे बसे गांव सिकरोड़ी पहुंचे। वही उन्होंने नदी के किनारे घर बना कर कह रहे लोगों को अपने अपने मकान खाली कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। सभी को गांव से एक किलोमीटर दूर हनुमान गढ़ी के पास अस्थाई तंबू लगाकर बसा दिया गया है। गांव जाने वाला रास्ता बंद हो गया है।

### डोसा के रुपए मांगने पर फास्ट फूड संचालक को पीटा

आगरा। आगरा के यमुना कालोनी फेस-2 में बुधवार रात को दबंग युवकों ने फास्ट फूड की ठेल लगाने वाले को रुपए मांगने पर लाठी-डंडों से पीटा। बीच सड़क पर मारपीट से आसपास के लोग दहशत में आ गए। वो अपनी दुकान समेटकर भाग निकले। ट्रांस यमुना कालोनी फेस-2 में राज इलेक्ट्रोनिक्स के पास युवक पुष्पेंद्र फास्ट फूड की ठेल लगाता है। बुधवार रात को करीब नौ बजे क्षेत्र के प्रशांत और सोनू अपने दो दोस्तों के साथ आए। पुष्पेंद्र का आरोप है कि सभी नशे में थे। प्रशांत ने एक डोसा मांगा। उस डोसे में सभी लोग खाने लगे। युवकों द्वारा बार-बार सांभर मांगा गया। फास्ट फूड दुकान के कर्मचारी ने बार-बार सांभर देने से इंकार कर दिया।

## मेरठ के स्कूल में शिक्षिका का हंगामा, बंधक बनाने और छेड़छाड़ का आरोप

मेरठ। ऋषभ एकेडमी में बुधवार को एक शिक्षिका ने हंगामा कर दिया। शिक्षिका का आरोप था कि स्कूल प्रबंधन ने पहले उसके साथ अभद्रता की और फिर बंधक बना लिया। सूचना पाकर सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह मामला शांत कराया।

शिक्षिका ने एसएसपी आफिस पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। देहलीगेट निवासी महिला ऋषभ एकेडमी में शिक्षिका हैं। बुधवार सुबह वह स्कूल पहुंची तो गेट पर मौजूद गार्ड ने उन्हें प्रवेश देने से इंकार कर दिया। यह देख उन्होंने हंगामा कर दिया और फोन कर अपने पति मनोज कुमार को बुला लिया। शिक्षिका का आरोप था कि स्कूल प्रबंधन उन्हें नौकरी से निकालने का प्रयास कर रहा है। उन्हें उपस्थिति दर्ज कराने से भी रोक दिया है। देखते ही देखते मामला तूल पकड़ गया।

हंगामे की सूचना पाकर सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बात की। काफी देर बाद भी जब मामला शांत नहीं हुआ तो पुलिस ने दोनों पक्षों को चेतावनी दी। इसके बाद शिक्षिका वहां से एसएसपी आफिस पहुंची और शिकायत की।

**सदर पुलिस का यह है कहना**

इंस्पेक्टर देव सिंह रावत ने बताया कि हंगामे की सूचना पर पुलिस पहुंची और मामला शांत करा दिया। शिक्षिका त्रिवेणी जैन की ओर से थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मिलकर शिकायत करने की बात कही थी। शिक्षिका तहरीर देती हैं तो मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। जहां तक स्कूल प्रबंधनकी बात है तो उनकी ओर से भी थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है।

## औरैया : संदिग्ध परिस्थितियों में कारोबारी की पत्नी और बेटे सहित मौत

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया के बड़े व्यापारी व प्रकाश चन्द्र महाविद्यालय के प्रबंधक संदीप पोरवाल एवं उनकी पत्नी तथा बेटे का शव गुरुवार को सुबह कमरे में सन्दिग्ध हालत में मिला। कारोबारी परिवार के तीन सदस्यों की गोली लगने से मौत होने की खबर से पूरे शहर में सनसनी फैल गयी।

पुलिस के अनुसार पोरवाल का छोटा बेटा जब स्कूल जाने के लिये तैयार होने घर की तीसरी मंजिल पर गया, तब उसने अपने माता पिता और भाई का खून से लथपथ शव देखकर शोर मचाया। तीनों को गोली लगी थी। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

पुलिस ने प्रथम द्रष्टया इस मामले को आत्महत्या का परिणाम होने की आशंका जतायी है। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पर पहुंच गयी है और जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने मौके से लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद की है।

पुलिस के अनुसार औरैया शहर के गुरुहाई मोहल्ला निवासी व्यापारी सतीश पोरवाल अपने भाईयों प्रकाश, प्रदीप और संदीप के साथ बहुमंजिला मकान में रहते हैं। छोटे भाई संदीप पोरवाल (52 साल), प्रकाश चन्द्र महाविद्यालय में प्रबन्धक भी थे। उनका एलपीजी पंप और ईंट भट्टा सहित कई प्रतिष्ठानों के मालिक भी थे। वह ऊपर वाली मंजिल में अपनी पत्नी 48 वर्षीय मीरा व 25 वर्षीय बेटे शिवम के साथ सो रहे थे। छोटा बेटा ओम जी इंटर का छात्र है, वह पढ़ाई के कारण दूसरी मंजिल पर रहता था।

गुरुवार की सुबह करीब सात बजे वह स्कूल जाने के लिए ऊपर टिफिन लेने गया तो अंदर जाकर देखा कि संदीप, मीरा व शिवम के खून से लथपथ शव पड़े थे। इस पर उसने शोर मचाया तो बिल्डिंग में रहने वाले अन्य भाई व परिजन भी दौड़े और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। तीनों को गोली लगी थी। पुलिस ने मौके से एक रिवाल्वर भी बरामद की। पुलिस ने परिजनों से बात की, लेकिन घटना को लेकर कोई कुछ बता नहीं पा रहा था। पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है और फोरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया है।

शहर के तमाम व्यापारी और नेता घटनास्थल पर पहुंच गए। सीओ सिटी सुरेंद्र नाथ का कहना है कि मामले की जांच चल रही है।

### ललितपुर : दो मंजिल मकान की छत गिरने से दो बहनों की मौत

**ललितपुर।** उत्तरप्रदेश के ललितपुर में गुरुवार को दो मंजिला मकान की छत गिरने से दो सगी बहनों की मलबे में दबकर मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम इमलिया कला निवासी सविता ( 35 वर्ष ) अपने पति की मौत के बाद अपनी 4 बेटियों के साथ रहती हैं । एक बेटी अपने मामा के घर गई हुई थी । सविता अपनी बेटी राजमणि ( 14 ) , अदितिराजा (05) और मोहिनी राजा (10) के साथ दो मंजिला मकान में थी कि मकान के दूसरी मंजिल की छत अचानक ढह कर गिर गई जिससे चारों मां बेटी मलबे में दब गई । पड़ोस के ग्रामीणों ने छत गिरने की तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंच सभी घायलों को मलबे से बाहर निकला और बिरधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले गए, जहां चिकित्सकों ने राजमणि ( 14 ) और अदितिराजा ( 5 ) को मृत घोषित कर दिया।

## प्रेमिका से मिलने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या

मैनपुरी। मैनपुरी में एक बार फिर प्यार करने की सजा के चलते एक लड़के की हत्या कर दी गई। जनपद के भोगांव थाना क्षेत्र के ग्राम नगला तार में बुधवार की रात प्रेमिका से मिलने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी पाकर पहुंचे परिजन युवक को जिला अस्पताल लेकर आए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घटना को लेकर कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है।

भोगांव कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला तार निवासी दुर्गेश यादव का अपने पड़ोसी की पुत्री से प्रेम संबंध चल रहा था। बुधवार की रात वह अपनी प्रेमिका से मिलने गया जहां परिजनों ने उसे पकड़ लिया और पीट-पीटकर मौके पर ही मार डाला। भोगांव थाना प्रभारी रविंद्र बहादुर सिंह का कहना है कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। घटना के संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ताया जा रहा है कि दुर्गेश अपनी गर्लफ्रेंड से रात में मिलने पहुंचा। इस दौरान इसकी भनक लड़की के घरवालों को लग गई। उन्होंने दुर्गेश को अपने घर में ही पकड़ लिया। दोनों के प्रेम संबंधों से नाराज लड़की के घरवालों ने दुर्गेश पर गुस्सा निकाला और उसे पीटकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं लड़के के परिजनों ने जानकारी मिलते ही दुर्गेश का इलाज करवाने की कोशिश की लेकिन उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी।

हालांकि खबर लिखे जानें तक पुलिस के पास कोई भी शिकायत या तहरीर नहीं गई है।

## शार्ट न्यूज

### जियो बीपी ने मिलाया हीरो इलेक्ट्रिक से हाथ

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और यूके की दिग्गज ऊर्जा कंपनी बीपी के बीच संयुक्त उपक्रम जियो-बीपी ने भारत में टू व्हीलर वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और बैटरी स्वैपिंग को बढ़ावा देने के लिए हीरो इलेक्ट्रिक के साथ साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इसके तहत हीरो इलेक्ट्रिक के ग्राहकों को जियो बीपी के चार्जिंग और स्वैपिंग नेटवर्क तक पहुंच मिलने की उम्मीद है, जो अन्य वाहनों के लिए भी खुला रहेगा। हीरो इलेक्ट्रिक और जियो-बीपी ऐप के माध्यम से ग्राहक समीप के चार्जिंग स्टेशन को आसानी से ढूंढ सकेंगे।

### कृष्ण कुमार सिंह ने सेल के निदेशक बने

नयी दिल्ली। श्री कृष्ण कुमार सिंह ने आज स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (कार्मिक) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। श्री सिंह ने आईआईटी, बीएचयू से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और मानव संसाधन प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा की उपाधि हासिल की है। श्री सिंह ने सेल में अपने कैरियर की शुरुआत भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के रूप में की। कंपनी के निदेशक (कार्मिक) के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, श्री सिंह ने कंपनी में विभिन्न पदों पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाओं को निभाते हुए, सेल के कार्यपालक निदेशक प्रभारी (कार्मिक एवं प्रशासन) के पद तक का सफर तय किया। श्री सिंह के पास भिलाई इस्पात संयंत्र और निगमित कार्यालय में प्रचालन, मानव संसाधन विकास, सतर्कता और कार्मिक एवं प्रशासन जैसे विविध क्षेत्रों में लगभग 35 वर्षों का व्यापक अनुभव है।

### रुपया छह पैसे टूटा

मुंबई। आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया छह पैसे टूटकर 79.92 रुपये प्रति डॉलर रह गया। इसी तरह पिछले कारोबारी दिवस भी रुपया तीन पैसे फिसलकर 79.86 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया छह पैसे की तेजी लेकर 79.80 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। कारोबार के दौरान लिवाली होने से यह 79.93 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 79.86 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले छह पैसे कमजोर होकर 79.92 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया।

### सोना 215 और चांदी में 333 रुपये की तेजी

मुंबई। वैश्विक बाजार की तेजी और स्थानीय स्तर पर मांग सुधरने से आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 215 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 333 रुपये प्रति किलोग्राम चढ़ गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.28 प्रतिशत बढ़कर 1755.79 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिका सोना वायदा 0.80 प्रतिशत चमककर 1761.80 डॉलर प्रति औंस हो गया। वहीं, इस दौरान चांदी हाजिर 0.10 प्रतिशत की मामूली गिरावट लेकर 19.14 डॉलर प्रति औंस बोली गई। देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 215 रुपये चमककर 51654 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 108 रुपये तेज होकर 51587 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह चांदी 333 रुपये मजबूत होकर 55270 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 471 रुपये की तेजी लेकर 55723 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

### सीतारमण करेंगी वैश्विक फिनटेक फेस्ट का उद्घाटन

नयी दिल्ली। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 20 सितंबर को वैश्विक फिनटेक फेस्ट 2022 का उद्घाटन करेंगी। आर्थिक मामलों के विभाग, भारतीय भुगतान परिषद (पीसीआई) की फिनटेक कंर्वजेंस परिषद और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य अतिथि के तौर पर वित्त मंत्री सुबह में वर्चुअली संबोधित करेंगी। यह सम्मेलन में मुंबई में आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश विदेश की दिग्गज फिनटेक कंपनियों के साथ ही स्टार्टअप और इस क्षेत्र में काम करने वाली दिग्गज हस्तियां भाग लेंगी। चार दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में 200 सत्र होंगे जिसमें फिनटेक के विभिन्न पहलुओं पर गहन परिचर्चा की जायेगी।

### होंडा ने लांच की नयी शाईन सेलिब्रेशन संस्करण मोटरसाइकिल

नयी दिल्ली। दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइ एंड स्कूटर इंडिया ने त्योहारी सीजन की शुरूआत नयी शाईन सेलिब्रेशन संस्करण की मोटरसाइकिल के साथ ही है जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 78878 रुपये हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नयी शाईन गुणवत्ता एवं परफोर्मेन्स के साथ 125 सीसी एक्ज़क्टिव सेगमेन्ट में मजबूती से पैर जमाए हुए है। नए अवतार में उपभोक्ताओं को फिर से संतोषजनक अनुभव प्रदान करते हुए नई शाईन सेलेब्रेशन एडीशन का लॉन्च किया गया है। कंपनी ने कहा कि देश में आगामी त्योहारों के मद्देनज़र, एचएमएसआई विभिन्न क्षेत्रों में अपने उपभोक्ताओं के इस उत्साह को बढ़ाना चाहती है। सबसे आकर्षक एक्ज़क्टिव मोटरसाइकिल के रूप में शाईन लाखों भारतीयों को दोपहिया वाहन का बेजोड़ अनुभव प्रदान कर रही है। नया सेलेब्रेशन अवतार त्योहारों के उत्साह को कई गुना बढ़ा देगा और उपभोक्ताओं को नया अनुभव प्रदान करेगा।

### लिवरेज एडु का विदेशों में विस्तार

नयी दिल्ली। उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में पढ़ाई करने की चाहत रखने वाले छात्रों को दाखिले से लेकर हर तरह की सुविधायें प्रदान में मदद करने वाली कंपनी लिवरेज एडु ने अब अपने कारोबार का विदेशों में विस्तार की शुरूआत की है। कंपनी के संस्थापक एवं सीईओ अक्षय चतुर्वेदी ने यहां कहा कि अब तक उनकी 15 हजार से अधिक भारतीय छात्रों को विदेशों में विशेष कर ऐसे देशों में दाखिला दिलाने में मदद की है जहां पढ़ाई के बाद उन्हें रोजगार भी मिल रहा है। अब तक भारत के बार ब्रिटेन में कंपनी का कार्यालय खुल चुका है। शीघ्र ही आस्ट्रेलिया, नेपाल और अफ्रीकी देशों में भी कार्यालय शुरू करने की योजना है। इसके साथ ही घरेलू स्तर पर विस्तार जारी है। उन्होंने कहा कि शुरूआत के पहले वर्ष में उनकी कंपनी ने एक वर्ष 100 छात्रों को ही काउंसलिंग कर पायी थी लेकिन अब हर महीने 3000 हजार से अधिक छात्रों की काउंसलिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले विदेशों में पढ़ने जाने वाले छात्रों को जहां जाना होता था उसके बारे में विशेष जानकारी नहीं होती थी लेकिन अब उनके प्लेटफॉर्म पर सब कुछ ऑनलाइन उपलब्ध है जहां छात्रों को नन्न सिर्फ पढ़ाई बल्कि रहने, खाने के साथ ही रोजगार के बारे में भी जानकारियां मिल रही है। उन्होंने बताया कि हर महीने उनके प्लेटफॉर्म पर 90 लाख से अधिक छात्र विजिट कर रहे हैं।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में टिकाव



नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव के बीच घरेलू स्तर पर आज भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज लंदन ब्रेंट 0.14 प्रतिशत बढ़कर 101.369 डॉलर प्रति औंस पर और अमेरिकी क्रुड 0.09 प्रतिशत उतरकर 94.80 डॉलर प्रति औंस बोला गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन करने वाली कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर यथावत है। पिछले दो महीने से अधिक समय से तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर हैं। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

# 5 दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन किया







**गौतमबुद्धनगर।** गलगोटियाज विश्वविद्यालय ग्रेटर नॉएडा ने अपने प्रांगण में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 5 दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन किया। उद्घाटन भारत सरकार के माननीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ0 सुभाष सरकार, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो0 अनिल सहस्त्रबुद्धे, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मुख्य नवाचार अधिकारी डॉ0 अभय जेरे, उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख सचिव मोनिका एस0 गर्ग और विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति सुनील गलगोटिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव गलगोटिया एवं कुलपति प्रो0 डॉ0 प्रीति बजाज ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया।

माननीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ0 सुभाष सरकार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गलगोटिया विश्वविद्यालय में आये हुए सभी युवा इनोवेटर्स का मैं स्वागत करता हूँ। हम सभी का सौभाग्य है कि गलगोटिया विश्वविद्यालय स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2022 के ग्रैंड फिनाले को केंद्रीय रूप से आयोजित कर रहा है। प्रो0 अनिल सहस्त्रबुद्धे जी ने कहा कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने 2017 में एक बीज रोपित किया था जो आज एक बड़े वट वृक्ष के रूम में हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में 25 से 30 हैकाथॉन सेंटर ही चल रहे थे लेकिन आज इनकी संख्या बढ़ कर 75 हो गई है। हमने 2020 कोविड के समय में भी हैकाथॉन का ऑनलाइनआयोजन करके विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किया है। मोनिका एस0 गर्ग ने कहा कि हैकाथॉन कार्यक्रम प्रधान मंत्री जी के भारत को 2047 तक सुपर पॉवर बनाने के विजन को सफल करने में सहायक सिद्ध होंगे। यह हैकाथॉन प्रतियोगिता आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर और आत्म निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की इनोवेशन सैल के संरक्षण में आयोजित की जा रही है।

भारत सरकार के द्वारा स्मार्ट इंडिया हैकथॉन को 2017 में दोनों विधाओं हार्डवेयर और सॉफ्टवेर के रूप में शुरू किया गया था। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2022 प्रतियोगिता के इस पाँचवे हार्डवेयर संस्करण को गलगोटियाज विश्वविद्यालय नोडल सेंटर के रूप में आयोजित कर रहा है। जिसमें आंध्रा-प्रदेश, उड़ीसा, केरला, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना इन सभी राज्यों से कुल 22 टीमों के 140 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। ये सभी छात्र अगले पांच दिनों तक शिक्षा मंत्रालय, इलैक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय (भारत सरकार) के द्वारा निर्धारित स्मार्ट एजुकेशन, स्मार्ट ऑटोमेशन, कृषि खाद्य तकनीकी और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करेंगें। यह स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सैल के द्वारा छात्रों को सरकार, मंत्रालयों, विभागों, उद्योगों और अन्य संगठनों की गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन दुनिया के सबसे बड़े ओपन इनोवेशन मॉडल के रूप में प्रसिद्ध है। और यह छात्रों के बीच उत्पाद नवाचार और समस्या-समाधान की संस्कृति को विकसित करता है। इस वर्ष स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन दोनो विधाओं सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर रूप से पेश किया गया है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2022 हार्डवेयर ग्रैंड फिनाले 25 अगस्त से 29 अगस्त 2022 तक निर्धारित किया गया है। जिसमें 2033 टीमों के 15000 से अधिक छात्र राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और निजी सहित कुल 62 संगठनों से प्राप्त 476 समस्याओं के समाधान पर कार्य करेंगें। सभी पांचों प्रॉब्लम स्टेटमेंट की विजेता टीमों को 1 लाख रूपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर हम सभी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं यह एक संयोग ही है कि इस प्रतियोगिता के दौरान भी विश्वविद्यालय के 75 शिक्षक स्वयं सेवक और 75 छात्र स्वयं सेवक दिन रात अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

# सोने के लिए मिला 5 लाख रुपये का इनाम Wakefit.co द्वारा इंडियाज फर्स्ट स्लीप चैंपियन का आयोजन

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी डी2सी होम और स्लीप सॉल्यूशन कंपनियों में से एक, वेकफिट.को ने द वेकफिट स्लीप इंटर्नशिप सीजन 2 - 2021 के बैच के विजेता का अनावरण किया। पिछले साल देश भर से 15 उम्मीदवारों को स्लीप इंटर्न के रूप में चुना गया था। नींद के लिए उनके जुनून की सराहना करें। जहां 15 इंटर्न 100 दिनों तक सोने के बाद सभी को 1 लाख रुपये का वजीफा मिला है, वहीं इस सीजन के फाइनलिस्टों में से एक, कोलकाता की त्रिपर्णा चक्रवर्ती को इंडियाज फर्स्ट स्लीप चैंपियन का ताज पहनाया गया। उसने घर पर 5 लाख रुपये का भव्य पुरस्कार लिया। वेकफिट स्लीप इंटर्नशिप सीजन 3 के लिए प्रविष्टियां अब खुली हैं और इच्छुक उम्मीदवार यहां अपनी प्रविष्टियां भर सकते हैं। बड़े पैमाने पर सेट करें, सीजन 3 के विजेता को INR 10 लाख तक का भव्य पुरस्कार घर ले जाने के लिए मिलेगा।




स्लीप इंटर्नशिप के दौरान इंटर्न के बीच 6000 घंटे से अधिक की नींद के बाद, ताज हासिल करने के लिए लाइव स्लीप-ऑफ में आखिरी बार एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए 4 फाइनलिस्ट चुने गए। फाइनलिस्ट, अबदुर सिद्दीकी (कोलकाता), कुशाग्र शर्मा (बिलासपुर), योगेश भट्ट (देहरादून), और त्रिपर्ण चक्रवर्ती (कोलकाता) को उनकी रात की नींद के दौरान कैमरे पर लाइव मॉनिटर किया गया था और नींद की अवधि, जागने के समय जैसे मापदंडों पर आंका गया था।, REM नींद, हल्की नींद और गहरी नींद उनकी नींद दक्षता स्कोर निर्धारित करने के लिए। अपनी नींद से प्यार करने वाले शहर कोलकाता की रहने वाली त्रिपर्णा चक्रवर्ती 95 प्रतिशत के स्लीप एफिशिएंसी स्कोर के साथ स्पष्ट विजेता बनकर उभरीं, जिससे वह भारत की पहली स्लीप चैंपियन बन गईं।

इस बारे में बोलते हुए, वेकफिट डॉट को के निदेशक और सह संस्थापक, चैतन्य रामलिंगगौड़ा ने कहा, वेकफिट स्लीप इंटर्नशिप का प्राथमिक एजेंडा हमेशा नींद के स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और कथा और मिथक को बदलना रहा है कि नींद उत्पादकता का दुश्मन है अन्य बातों के अलावा. हमें सीजन 2 के लिए देश भर के उम्मीदवारों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और इसने हमें प्रतियोगियों को अपने पैर की उंगलियों पर रखने के लिए हर आगामी सीज़न के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। हम अगले सीजन के लिए पंजीकरण शुरू करने के लिए रोमांचित हैं और देश भर से नींद के शौकीनों को पंजीकरण करने, कमर कसने और फिर से अपनी नींद दिखाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा, पिछले दो सत्रों में, हमारे पास कई इंटर्न हैं जो वेकफिट स्लीप इंटर्नशिप का हिस्सा रहे हैं और मानते हैं कि इंटर्नशिप ने उनमें से प्रत्येक पर अलग-अलग तरीकों से सकारात्मक प्रभाव डाला है। जैसे-जैसे हम प्रत्येक मौसम में आगे बढ़ते हैं, हम अधिक से अधिक भारतीयों को गुणवत्तापूर्ण नींद के महत्व के बारे में शिक्षित करने के करीब एक कदम आगे बढ़ते हैं।

वेकफिट स्लीप इंटर्नशिप 2019 में लॉन्च होने के बाद से सबसे अधिक वायरल अभियानों में से एक था। जहां सीजन 1 को 2 लाख के करीब आवेदन प्राप्त हुए, वहीं सीजन 2 ने तूफान से इंटरनेट पर कब्जा कर लिया।

देश भर से 5.5 लाख आवेदकों के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया। कंपनी अब लोगों को वेकफिट स्लीप इंटर्नशिप सीजन 3 के लिए पंजीकरण करने और भारत के स्लीप चैंपियन के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए आमंत्रित करती है।

प्रशिक्षुओं का चयन एक कठोर प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा, और उन्हें एक अत्याधुनिक वेकफिट.को गद्दे और एक परिष्कृत स्लीप ट्रैकर प्रदान किया जाएगा। स्लीप स्पेशलिस्ट, फिटनेस प्रोफेशनल्स, न्यूट्रिशनिस्ट, वेलनेस एक्सपर्ट्स आदि के साथ सशक्तिकरण सत्रों के माध्यम से इंटर्न को उनकी नींद के स्वास्थ्य में सुधार के तरीकों पर भी परामर्श दिया जाएगा।

# 2021 में ऊबर ने भारत में 44,600 करोड़ रु. का आर्थिक योगदान दिया: रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। 2021 इंडिया इकॉनॉमिक इंपैक्ट रिपोर्ट के अनुसार ऊबर ने 2021 में भारत की अर्थव्यवस्था में 44,600 करोड़ रुपये का योगदान दिया और इससे सवारियों, चालकों आदि के लिए ऑन-डिमांड अर्थव्यवस्था में परिवर्तन लाने में सहायता मिली है।

आँकड़ों के अनुसार 2021 में ऊबर की सवारी द्वारा भारतीय सवारियों ने 1.5 ट्रिलियन रुपये के उपभोक्ता अधिशेष का निर्माण किया, जो जीडीपी का लगभग 0.8 प्रतिशत है। ऊबर से एक वर्ष में यात्रियों का 16.8 करोड़ घंटा बचा।

रिपोर्ट के अनुसार 97 प्रतिशत महिला यात्रियों ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से ऊबर को सबसे पसंदीदा सवारी माना। ऊबर ने चालक-सहयोगी को 1700 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित करने में मदद की।

रिपोर्ट के मुताबिक 96 प्रतिशत यात्रियों के लिए ऊबर की सवारी सुविधाजनक और आरामदायक है।

रिपोर्ट में अनुमान है कि 2021 में चालक-सहयोगी ने ऊबर के माध्यम से 1700 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित की या अपने दूसरे वैकल्पिक कार्यों के मुकाबले औसतन 49 प्रतिशत ज्यादा आय अर्जित की। 97 प्रतिशत महिला सवारियों ने सुरक्षा के कारण ऊबर को सबसे पसंदीदा सवारी बताया और 76 प्रतिशत महिला सवारियों के अनुसार इसके कारण अब देर रात घर पहुँचना आसान हो गया है।

चौरासी प्रतिशत उन सवारियों ने जिनके पास कार नहीं हैं, ने बताया कि ऊबर जैसी साझा-यात्रा सेवाओं की उपलब्धता के कारण वे कार नहीं खरीद रहे हैं। अनुमान है कि चार में से एक व्यक्ति परिवहन में ऊबर का उपयोग करते हैं।

ऊबर इंडिया एवं साउथ एशिया के अध्यक्ष प्रभजोत सिंह ने इस रिपोर्ट को लेकर कहा, हमें इस बात की खुशी है कि भारत में पिछले नौ वर्षों में हमारी कंपनी ने हमारी अर्थव्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 2021 में भारत में कोविड की दूसरी लहर के चुनौतीपूर्ण समय में ऊबर ने भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत बड़ा आर्थिक योगदान दिया। हमें इस योगदान पर गर्व है और हम ऊबर प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्थक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पीपीपी के लिए सलाहकारों के संबंध में अधिकारियों के लिए कार्यशाला

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) में अवसंरचना वित्त सचिवालय ने देश में अवसंरचना के विकास को बढ़ावा देने के अपने प्रयास को जारी रखते हुए आज पीपीपी परियोजनाओं के लिए पैनलबद्ध लेन-देन सलाहकारों के संबंध में केंद्रीय अवसंरचना लाइन या संबंधित मंत्रालयों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों के अधिकारियों को जागरूक करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यशाला में केंद्र और राज्य सरकारों के 250 से भी अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान इन अधिकारियों को देश में अवसंरचना के विकास को बढ़ावा देने में पीपीपी की महत्वपूर्ण भूमिका और केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे प्रमुख कदमों के बारे में बताया गया। डीईए ने अधिकारियों को बताया कि विश्वसनीय पीपीपी परियोजनाओं को सही स्?वरूप देने के लिए पैनलबद्ध लेन-देन सलाहकारों से सहायता ली जा सकती है। लेन-देन सलाहकारों/परामर्शदाता की नियुक्ति की प्रक्रिया को सरल, कारगर और प्रभावकारी बनाने के लिए ही पैनल बनाया गया है।

अधिकारियों को डीईए द्वारा तैयार की गई नियमावली यानी पीपीपी परियोजनाओं के लिए लेन-देन सलाहकार- पैनल के उपयोग के लिए नियमावली के बारे में और भी अधिक बताया गया।

# निशांत कनोदिया मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड के अध्यक्ष नियुक्त

मुंबई। मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड के प्रमोटर निशांत कनोदिया को कंपनी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।वह स्वर्गीय श्री योगेंद्र कनोदिया का स्थान लेंगे। मैटिक्स को पूंजी जुटाने, विकास और विविधीकरण पर ध्यान देने के साथ रणनीतिक दिशा प्रदान कर रहे थे, जिसने भारत की सबसे तेजी से बढ़ती उर्वरक कंपनियों में से एक के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति को जन्म दिया है। श्री कनोदिया उर्वरक उद्योग में एक सफल ट्रैक रिकॉर्ड के साथ पेशेवर और अनुभवी नेतृत्व को शामिल करने सहित मैटिक्स के टर्नअराउंड को आगे बढ़ा रहे हैं। व्हार्टन स्कूल, पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका से एमबीए, श्री कनोदिया उद्यमी संगठन (ईओ) और युवा अध्यक्ष संगठन (वाईपीओ) के मुंबई अध्याय के सदस्य हैं।



### निशांत कनोदिया की टिप्पणी

यह एक सम्मान और सौभाग्य की बात है कि मैटिक्स के बोर्ड ने मुझे यह विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। मैं यह सुनिश्चित करने का प्रयास करूंगा कि कंपनी न केवल विकास और लाभप्रदता पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखे, बल्कि पेशेवर प्रबंधन, शासन, स्थिरता और सामाजिक जिम्मेदारी में भी मानक स्थापित करे।

### मनोज मिश्रा, प्रबंध निदेशक द्वारा टिप्पणी

मैटिक्स का वर्तमान विकास प्रक्षेपवक्र श्री निशांत कनोदिया की दृष्टि, गतिशीलता, प्रतिबद्धता और लोगों के उन्मुखीकरण के कारण है। हम Matix को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उनके रणनीतिक मार्गदर्शन और दिशा के लिए तत्पर हैं।

### मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड के बारे में

मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड भारत की सबसे तेजी से बढ़ती उर्वरक कंपनियों में से एक है। Matix पश्चिम बंगाल के पानागढ़ में एक पूरी तरह से एकीकृत, गैस आधारित यूरिया संयंत्र का मालिक है और उसका संचालन करता है, जिसकी 1.27 एमटीपीए क्षमता इसे भारत के सबसे बड़े सिंगल स्ट्रीम उर्वरक संयंत्रों में से एक बनाती है। मैटिक्स के "Dr.Fasal" ब्रांड यूरिया उर्वरक के लिए भारत के पूर्वी बाजार में 25 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ अग्रणी है, जो लगभग 700 डीलरों के मजबूत वितरण नेटवर्क द्वारा संचालित है। संयंत्र में लगभग 500 एकड़ के परिसर में फैली 54 मेगावाट की कैप्टिव बिजली इकाई, दोहरी रेक रेलवे साइडिंग और उपयोगिताएँ हैं। कंपनी का भारत की सबसे बड़ी गैस आपूर्ति कंपनी गेल के साथ 20 साल का दीर्घकालिक गैस आपूर्ति समझौता है। यूरिया के लिए भारत सरकार की नई निवेश नीति के तहत संयंत्र को ग्रीन-फील्ड परियोजना के रूप में कवर किया गया है।

# एजुकेट गर्ल्स संस्था और राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने सरकारी शिक्षकों को डिजिटल तकनीक का उपयोग करने में मदद करने के लिए एक समझौता किया

## एजुकेट गर्ल्स संस्था शुरू करने जा रही है 'ट्रेन द ट्रेनर' मॉड्यूल

जयपुर। कोरोना महामारी के कारण दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई है। लड़कियों की पढ़ाई पर इसका सबसे बुरा असर हुआ है। कोरोना महामारी की पहली और दूसरी लहर से बच्चों की शिक्षा पर हुए दुष्प्रभाव के असर को कम करने के हेतु से एजुकेट गर्ल्स संस्था स्कूल शिक्षा परिषद के साथ मिलकर ट्रेन द ट्रेनर मॉड्यूल शुरू करने जा रही है। 23,अगस्त 2022 को एजुकेट गर्ल्स संस्था और समग्र शिक्षा अभियान के साथ एक समझौता ज्ञापन किया गया। जयपुर में हुए इस समारोह में समग्र शिक्षा अभियान से डॉ मोहन लाल यादव और एजुकेट गर्ल्स से डॉ. पल्लवी सिंह तथा कुछ अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

ट्रेन द ट्रेनर पहल राज्य के 33 जिलों में प्रारम्भ होने जा रहा है । संस्था डिजिटल तकनीक के माध्यम से बच्चों को चिन्हित करने से लेकर नामांकन का रियल टाइम डेटा एकत्रित करती है।




इस परियोजना में हमारा उद्देश्य जिला स्तर पर प्रशिक्षकों के एक समूह को प्रशिक्षित करना, प्रशिक्षित दक्ष प्रशिक्षों के द्वारा सरकारी शिक्षकों को इस डिजिटल तकनीक में प्रशिक्षण देना और इसके कार्यान्वन में सहयोग करना है। साथ ही डोर टू डोर सर्वे, डेटा विश्लेषण और रिपोर्टिंग के लिए तकनीक आधारित सुविधा प्रदान करना है।

इस परियोजना की शुरुआत अगस्त 2022 से होगी। इस पहल से शिक्षा से वंचित बालिकाओं को चिन्हित करने, उनके नामांकन और ठहराव में बढ़ोतरी होगी। जिससे अधिक से अधिक लड़कियां अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी कर पाएंगी।

डॉ मोहन लाल यादव, स्टेट प्रोजेक्ट डारेक्टर, समग्र शिक्षा अभियान, राजस्थान ने कहा मैं सभी संस्थाओं से उम्मीद करता हूँ कि आप अच्छे से काम करें, किसी प्रकार की समस्या आए तो सीधा हमसे सम्पर्क करें। मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ, साथ ही राज्य, जिला स्तर पर हर तरह के सहयोग का आश्वासन देता हूँ।

एजुकेट गर्ल्स की असोसिएट डायरेक्टर, प्रोग्राम, डॉ. पल्लवी सिंह ने बताया, एजुकेट गर्ल्स को उम्मीद है कि इस डिजिटल तकनीक से शिक्षकों को ऑउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित और नामांकन करने में कम समय लगेगा और राज्य स्तर पर भी वास्तविक समय पर डेटा विश्लेषण के लिए उपलब्ध होगा। शिक्षा विभाग को शुक्रिया एजुकेट गर्ल्स को इस पहल से जोड़ने के लिए ।

# प्रधानमंत्री सुजुकी की 18300 करोड़ की दो परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अगस्त से शुरू हो रहे दो दिवसीय गुजरात दौरे में यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की मूल कंपनी सुजुकी के भारत में परिचालन के 40 वर्ष पूरे होने के अवसर समूह की 18300 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। मोदी अपनी यात्रा के दूसरे दिन 28 अगस्त को सुजुकी के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महात्मा मंदिर, गांधीनगर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री भारत में सुजुकी समूह की दो प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे- गुजरात के हंसलपुर में सुजुकी मोटर गुजरात इलेक्ट्रिक व्हीकल बैटरी मैन्युफैक्चरिंग इकाई और हरियाणा के खरखोदा में मारुति सुजुकी की आगामी वाहन निर्माण इकाई। गुजरात के हंसलपुर में सुजुकी मोटर गुजरात इलेक्ट्रिक व्हीकल बैटरी मैन्युफैक्चरिंग इकाई की स्थापना लगभग 7,300 करोड़ रुपये के निवेश के साथ की जाएगी जहां इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एडवांस केमिस्ट्री सेल बैटरी बनाई जाएगी। खरखोदा, हरियाणा स्थित वाहन निर्माण इकाई में प्रति वर्ष 10 लाख यात्री वाहनों के निर्माण की क्षमता होगी, जिससे ये दुनिया में एक ही साइट पर सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माण इकाइयों में से एक बन जाएगी। इस परियोजना का पहला चरण 11,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ निर्मित किया जाएगा। मोदी 27 अगस्त को शाम करीब 5:30 बजे अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर खादी उत्सव को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री 28 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे भुज में स्मृति वन स्मारक का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री भुज में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

## शार्ट न्यूज

### टेनिस के दिग्गजों ने यूक्रेन की मदद के लिये प्रदर्शनी मैच में की शिरकत

न्यूयॉर्क। युद्ध की विभीषिका से जूझ रहे यूक्रेन के समर्थन और मदद के लिये राफेल नडाल, इगा स्विएटेक, जान मैकनरो और कोको गाफ जैसे दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने बुधवार रात यहां एक प्रदर्शनी मैच में शिरकत की। अगले पखवारे यूएस ओपन ट्राफी के लिये एक-दूसरे के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को बेकरार टेनिस दुनिया के सितारों ने संकटग्रस्त यूक्रेन में मानवीय सहायता के लिये खचाखच भरे लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में 'टेनिस प्ले फॉर पीस' प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिया। एटीपी टूर ने नडाल के हवाले से कहा, पिछले दो-तीन साल दुनिया के लिये काफी कठिन रहे हैं। पहले कोरोना महामारी और अब यूक्रेन में युद्ध मानवता के लिये चुनौतीपूर्ण है। न्यूयार्क में खेल प्रेमियों के सामने कोर्ट में उतरना निश्चित ही खुशी और रोमांच का अहसास कराता है। उद्घाटन समारोह में यूक्रेन का राष्ट्रगान हुआ, जिसके बाद नडाल और स्विएटेक की जोडी ने गाफ और मैकेनरो के खिलाफ मिश्रित युगल मैच के लिए कोर्ट में कदम रखा। गॉफ ने कहा, दुनिया के नम्बर एक जॉन, राफा और इगा की मौजूदगी में न्यूयार्क में कोर्ट में उतरना वास्तव में रोमांच से भरपूर है। मै खुश हूं कि मैं इस समारोह का हिस्सा बन पाया। स्विएटेक ने इस अवसर पर कोच राफा के बारे में मजाकिया अंदाज में कहा, आखिरी प्वाइंट पर उन्होंने मुझसे कहा कि जान की सर्विस वाइड होगी और वह गलत थे। वह कुछ मौकों पर अक्सर गलत होते हैं।

### पीवी सिंधू, रजनी से रेड्डी ने की मुलाकात

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को स्टार शटलर पीवी सिंधू और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ई रजनी से अपने कैंप ऑफिस में मुलाकात की। इस दौरान सिंधू ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रमंडल खेल में अर्जित किया स्वर्ण पदक दिखाया, जबकि रजनी ने श्री रेड्डी को कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक जीतने वाली महिला हॉकी टीम के ऑटोग्राफ से युक्त टी शर्ट और हॉकी स्टिक प्रदान की। इस मौके पर खेल एवं पर्यटन मंत्री आरके रोजा के अलावा सिंधू और रजनी के परिजन मौजूद रहे।

### 11वीं राष्ट्रीय वोवीनाम मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 22 से लखनऊ में

लखनऊ। 11वीं राष्ट्रीय वोवीनाम मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 22 से 25 सितम्बर के बीच उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में खेली जायेगी। केडी सिंह बाबू इनडोर स्टेडियम में होने वाली प्रतियोगिता किड्स ग्रुप, सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर बालक और बालिका वर्ग के विभिन्न 77 भार वर्गों तथा 24 प्रदर्शन विधाओं में आयोजित की जाएगी, जिसमें एकल प्रदर्शन के साथ ही चाकू तथा तलवारबाजी की प्रतियोगिताएं भी शामिल रहेंगी। प्रतियोगिता में 28 प्रदेशों से 600 खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के दौरान विशेष तकनीकी शिविर का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु वोवीनाम मार्शल आर्ट हेड क्वार्टर वियतनाम से एक्सपर्ट बुलाए गए है। जिला सचिव एवं प्रदेश संयुक्त सचिव वैभव यादव ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पहले सात तथा आठ सितंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चयनित टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

### यूएस ओपन में भी नहीं दिखेंगे जोकोविच

नयी दिल्ली। दुनिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों की फेहरिस्त में शुमार 21 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच इस साल यूएस ओपन में नहीं दिखेंगे। कोरोना वैक्सीन न लेने की जिद पर अड़े जोकोविच ने साल के चौथे ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन से खुद के अलग होने की पुष्टि गुरूवार को कर दी। उन्होने कहा, निराशाजनक, मैं इस बार यूएस ओपन के लिये न्यूयार्क की यात्रा नहीं कर पाऊंगा।धन्यवाद। मेरे साथी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ। मैं सकारात्मक भाव से रहूंगा और फिर से प्रतिस्पर्धा करने के अवसर की प्रतीक्षा करूंगा। जल्द ही मिलते हैं टेनिस की दुनिया में। गौरतलब है कि कोरोना वैक्सीन नहीं लगवाने की जिद के चलते जोकोविच को इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने से मना कर दिया गया था।

### घर में 100 टेस्ट खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने एंडरसन

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने गुरुवार को टेस्ट इतिहास में घरेलू सरजमीं पर 100 टेस्ट मैच खेलने वाला पहला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने यह उपलब्धि मैनचेस्टर में दक्षिण अफ्रीका के साथ दूसरा टेस्ट खेलकर हासिल की। इससे पहले 72 खिलाड़ियों ने अपने करियर में 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की है, मगर कोई भी 100 टेस्ट मैच अपने देश के मैदान में नहीं खेल सका है। सचिन तेंदुलकर 200 टेस्ट खेलने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं लेकिन उन्होंने भी भारत में सिर्फ 94 टेस्ट खेले हैं और वह सूची में एंडरसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। एंडरसन के साथी गेंदबाज स्टूअर्ट ब्रांड घरेलू मैदान पर 91 टेस्ट खेल कर चौथे और इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी एलस्टर कुक 89 टेस्ट खेलकर पांचवे स्थान पर हैं। कुल मिला कर एंडरसन 174 टेस्ट खेल कर तेंदुलकर के पीछे बने हुये हैं। उनके अलावा कुक और ब्रांड ही इंग्लैंड के ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने करियर में 150 से अधिक टेस्ट खेले हैं। एंडरसन ने घर पर अपने 100वें टेस्ट मैच में शानदार शुरुआत की और उन्होंने अपने पांचवें ओवर में मेहमान टीम के सलामी बल्लेबाज सरेल इरवी को विकेट के पीछे आउट कर दिया।

### नस्लवाद की घटना पर डूरंड कप आयोजन समिति ने की त्वरित कार्रवाई

**कोलकाता।** डूरंड कप आयोजन समिति ने गुरुवार को साफ किया कि उसने बेंगलुरु एफसी खिलाड़ी के खिलाफ की गयी नस्लवाद की टिप्पणी को गंभीरता से लिया है। आयोजकों ने एक बयान जारी कर कहा, अखिल भारतीय फुटबाल फेडरेशन समेत सभी स्टेक होल्डर्स के संयुक्त हस्तक्षेप और मध्यस्थता के बाद त्वरित कार्रवाई की गई और मामले को सुलझा लिया गया है। हम नस्लवाद के किसी भी स्वरूप के खिलाफ हमेशा खड़े रहेंगे जो खूबसूरत खेल फुटबाल में स्वीकार्य नहीं है। बेंगलुरु एफसी ने आरोप लगाया था कि किशोर भारती क्रीड़ागंन में पिछले मंगलवार को डूरंड कप के एक मैच में विरोधी टीम के एक खिलाड़ी ने उनके एक खिलाड़ी के खिलाफ नस्लवाद संबंधी टिप्पणी की।

### बिरला ने हैलिफैक्स में 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन को संबोधित किया

हैलिफ़ैक्स/नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि लोकतंत्र में जनता का प्रतिनिधित्व संसद करती है और जनता उनसे कल्याण की अपेक्षा रखती है, इसलिए सर्वोच्च प्रतिनिधि संस्था होने के नाते संसद को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप काम करना चाहिए। श्री बिरला ने बुधवार को 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में 'ए पीपल्स पार्लियामेंट-एक्सेसिबिलिटी थ्रू इनोवेशन' विषय पर आयोजित एक कार्यशाला में प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें एक समृद्ध, समावेशी और जागरुक समाज के निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए, जिससे विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के माध्यम से हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत हुई है और चुनावों में बढ़ता मतदान प्रतिशत दर्शाता है कि जनता लोकतंत्र को शासन की सर्वोत्तम पद्धति मानती है। उन्होंने कहा, हम अपनी आजादी के 75 वर्षों की सफल यात्रा को इस वर्ष आज़ादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं, जिसमें हम अपने देश को समृद्धि और विकास के क्षेत्र में विश्व में अग्रिम बनाने का संकल्प ले रहे हैं। बिरला ने कहा कि प्रौद्योगिकी ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और नागरिकों के बीच की दूरी खत्म की है।

# कोहली, आजम के बीच गुफ्तगू का वीडियो तेजी से वायरल



दुबई। विश्व के दो महान क्रिकेटर विराट कोहली और बाबर आजम के बीच गुफ्तगू सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से ट्रेंड हो रही है।

बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में पाकिस्तानी कप्तान आजम को भारतीय क्रिकेटर कोहली के साथ हाथ मिलाते हुए और गुफ्तगू करते देखा गया है।

भारतीय टीम ने एशिया कप से पहले 24 अगस्त को दुबई में अपना अभ्यास सत्र शुरू किया था। बीसीसीआई ने ट्विटर पर वीडियो साझा करते हुए कैप्शन दिया, हैलो दुबई, हग्स, स्माइल और वार्म-अप, जैसा कि हम एशिया कप 2022 के लिए तैयारी शुरू कर रहे हैं।

बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में भारतीय टीम के खिलाड़ियों को अफगानिस्तान और पाकिस्तान की टीमों के खिलाड़ियों के साथ बातचीत करते और अपनी खुशियों को इजहार करते हुए देखा गया है। भारतीय टीम के दिग्गज क्रिकेटर कोहली हाल के दिनों में अपनी खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और भारतीय टीम के साथ अपने प्रदर्शन के लिए काफी आलोचना झेल रहे हैं। खराब फॉर्म से जूझ रहे दुनिया भर के कोहली के प्रशंसक उनकी एक अच्छी पारी के इंतजार में हैं जिसके बाद वह अपनी पुरानी लय में नजर आयेंगे। ऐसे में सभी की निगाहें उनके रिकॉर्ड आठवां एशिया कप खिताब हासिल करने में मदद करने पर टिकी होंगी। विराट कोहली ने बताया कि वह कैसे एशिया कप 2022 की तैयारी में जुटे हुए हैं।

एशिया कप क्रिकेट की दुनिया में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता में से एक है। नौ महीने के अंतराल के बाद टीमें इसे हासिल करने के लिए तैयार हैं। दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को हाल के दिनों में भारत-पाकिस्तान के हाई वोल्टेज एक्शन से महरूम रहना पड़ा था।

इसलिए दोनों एशियाई टीम के बीच इस बार मैच देखना और भी मजेदार रहेगा और इसके लिए खिलाड़ी और उनके प्रशंसक तैयार हैं।

# रायल रेंजर्स का शानदार आगाज, एयरफोर्स की टीम ने छोड़ा मैदान

नयी दिल्ली। थांगमिन, हिमांशु, मुज्तबा और प्रशांत के गोलों से रायल रेंजर्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग के दूसरे चरण के खेले गये एक मुकाबले में गुरुवार को उत्तराखंड को 5-0 से हरा कर अपने अभियान का शानदार आगाज किया।




अंकतालिका में सबसे नीचे चल रही उत्तरखण्ड ने आज भी अपनी पिछली हार से कोई सबक नहीं लिया और खराब प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए कुछ आसान मौके गंवाए। इसके साथ ही रक्षा पंक्ति की गलतियों से विपक्षी टीम को गोल जमाने के मौके भी दिए।

उधर, वायुसेना और फ्रेंड्स यूनाइटेड के बीच खेला गया दूसरा मैच हास्यास्पद रहा जिसमें सात खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरी वायुसेना की टीम को उस समय मैदान छोड़ना पड़ा, जब उसका एक खिलाड़ी चोटिल हो गया और रेफरी विशाल को नियमानुसार मैच को रद्द घोषित करना पड़ा। तीस मिनट तक चले मैच में फ्रेंड्स यूनाइटेड तीन गोलों की बढ़त बनाए थी। अब मैच का फैसला लीग आयोजन समिति पर निर्भर है। टीम प्रबंधन के अनुसार वायुसेना के प्रमुख खिलाड़ी डूरंड कप में भाग लेने गए हैं। यह भी पता चला है कि पिछले काफी समय से खिलाड़ियों की भर्ती नहीं हो पाई है।

# राष्ट्रमंडल खेलों में मिली जीत से बढ़ा आत्मविश्वास : निशा

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हाकी टीम की सदस्य निशा ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में उनकी टीम को मिले कांस्य पदक ने उनके आत्मविश्वास में खासा इजाफा किया है। भारतीय महिला हाकी टीम ने 16 साल के सूखे को खत्म करते हुये हाल ही में संपन्न बर्मिंघम 2022 कामनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक हासिल किया था।

कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम में मिडफील्डर की भूमिका में 27 वर्षीय निशा ने टीम और अपने करियर के लिये मेडल के महत्व को लेकर जज्बात उजागर किये। उन्होंने कहा, सीडब्लूजी मेडल मेरे लिये हमेशा विशेष रहेगा। मेरा हमेशा से सपना था कि मैं राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा बनूं।



हमने ओलंपिक और कामनवेल्थ गेम्स में हमेशा अच्छे प्रदर्शन पर पूरा ध्यान केंद्रित किया और हमें खुशी है कि टीम को उसका प्रतिफल बर्मिंघम में जीत के रूप में मिला। हमारी टीम लगातार मजबूत हो रही है और उसके इरादे भी फौलादी हैं। हम एक इकाई के रूप में भविष्य में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। निशा ने कहा, कामनवेल्थ गेम्स के बाद मेरा मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। राष्ट्रमंडल खेलों में मुझे गजब की अनुभूति हुयी। मैं खुशकिस्मत हूं कि मैं एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कांस्य हासिल करने वाली टीम का हिस्सा बनी। मैं और कड़ी मेहनत कर रही हूं और खुद को भविष्य में होने वाले टूर्नामेंट के लिये मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार कर रही हूं। भारतीय महिला टीम बेंगलुरु में 29 अगस्त को साई में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिविर में वापसी करेगी। निशा ने कहा, राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान हमने अपनी गलतियों को नोटिस किया और प्रशिक्षण शिविर में हमारा फोकस उन गलतियों को सुधारने की तरफ होगा। मैं महसूस करती हूं कि टीम सही दिशा में जा रही है। भविष्य के टूर्नामेंट में अगर हम पूरी क्षमता से खेले, तो हम स्वर्ण के हकदार होंगे।

# बीडब्लयूएफ वर्ल्ड्स : प्रणय ने सेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, साइना हुई बाहर

**एजेंसी**

टोक्यो। भारत के एच एस प्रणय ने गुरुवार को हमवतन राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जबकि साइना नेहवाल 16वें राउंड में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफाम से पराजित होकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

प्रणय ने सेन को 17-21, 21-16, 21-17 से हराया, जो 2021 में कांस्य पदक विजेता रहे।

तीस वर्षीय प्रणय क्वार्टर फाइनल में चीन के झाओ जून पेंग के खिलाफ खेलेंगे, जो संयोगवश इंडोनेशिया ओपन सेमीफाइनल की पुनरावृत्ति होगी।




इंडोनेशिया ओपन 2022 सेमीफाइनल में प्रणय और झाओ का पहली बार आमना-सामना हुआ था, जिसे चीन ने सीधे सेट में जीत लिया था।

प्रणय ने 32वें राउंड के मुकाबले दो बार के पूर्व विश्व चैम्पियन केंटो मोमोटा को हराकर बड़ा उलटफेर किया है। दुनिया के 18वें नंबर के भारतीय शटलर की पहली जीत थी।

बुसानन के खिलाफ साइना को 17-21, 21-16, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में भारत के लिए पदक की उम्मीद खत्म हो गयी है, क्योंकि युवा मालविका बंसोड़ पहले ही इस दौड़ से बाहर हो गयी और पीवी सिंधु स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण टूर्नामेंट से हट गई हैं।

इससे पहले दिन में भारत की शीर्ष जोड़ी दो पुरुष युगल जोड़ी सात्विक साईराज रैंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी तथा एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने अपने-अपने 16वें राउंड जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

सात्विक और चिराग ने डेनमार्क की जेप्पे बे और लासे मोल्हेडे की जोड़ी को 21-12, 21-10 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी से मुकाबला किया।

# उत्तराखंड में भारत और यूएस की मिलिट्री ड्रिल पर क्यों लाल हुआ चीन, सीमा विवाद का जिक्र

बीजिंग। भारत और अमेरिका के बीच अक्टूबर में होने वाले सैन्याभ्यास की खबर से चीन लाल हो गया है और उसने इस पर आपत्ति जताई है। चीन ने गुरुवार को कहा कि ऐसा करना सीमा विवाद के द्विपक्षीय मामले में दखल जैसा है। इसके अलावा यह दिल्ली और बीजिंग के बीच हुए समझौते का भी उल्लंघन है। इस करार के तहत यह तय किया गया था कि भारत और चीन की सीमा LAC पर कोई मिलिट्री ड्रिल नहीं की जाएगी। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल तान केफेई ने कहा, हम भारत और चीन की सीमा के मामले में किसी भी तरह से किसी तीसरे पक्ष के दखल का तीखा विरोध करते हैं। फिलहाल भारतीय अथॉरिटीज की ओर से सैन्याभ्यास के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन भारतीय और विदेशी मीडिया की रिपोर्ट्स में यह बताया गया है कि अक्टूबर में चीन से लगती सीमा से 100 किलोमीटर की



दूरी पर उत्तराखंड के आउली में संयुक्त सैन्याभ्यास किया जाएगा। भारत और अमेरिका के बीच यह 18वां सैन्याभ्यास होगा और इस बार यह 10,000 फुट की ऊंचाई पर करने की तैयारी है। यह सैन्याभ्यास ऐसे वक्त में होने जा रहा है, जब भारत और चीन के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हैं। पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच तनाव देखने को मिला है। दोनों ही देशों ने सीमा पर अपनी सेना और हथियारों की तैनाती में इजाफा किया है। पैंगोंग लेक और डोकलाम जैसे इलाकों में लंबे वक्त दोनों देशों के बीच गतिरोध भी रहा है।

### अमेरिका का नाम सुनकर क्यों परेशान हो गया चीन

ऐसे में अमेरिका सेना के भारत आकर अभ्यास करने से चीन को मिर्ची लगना तय है। चीनी रक्षा मंत्रालय का यह बयान भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की उस टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार बताया था। चीनी प्रवक्ता ने कहा कि हमारा हमेशा से यह कहना रहा है कि दो देशों के सैन्याभ्यास के दौरान किसी तीसरे पक्ष को टारगेट न किया जाए। इसका मकसद क्षेत्रीय शांति और स्थिरता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच का सीमा विवाद दो देशों के बीच का मसला है और इसमें किसी तीसरे की जरूरत नहीं है।

### चीन बोला- हमने हमेशा बातचीत जारी रखी है, समझौतों का जिक्र

तान केफेई ने कहा कि दोनों देशों ने लगातार संवाद किया है। हर स्तर पर बातचीत जारी रही है। उन्होंने कहा कि चीन और भारत के बीच 1993 एवं 1996 में समझौते हुए थे। अमेरिकी सेना का भारत आकर अभ्यास करना इनका उल्लंघन है। चीनी प्रवक्ता ने कहा कि इन दो समझौतों के मुताबिक कोई भी देश एलएसी के पास सैन्याभ्यास नहीं कर सकता।

### सूडान में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 89 हुई

खार्तूम। सूडान में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 89 हो गयी है। सरकारी सूडानी समचार एजेंसी 'सुना' ने देश की नागरिक सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता अब्दुल-जलील अब्दुल-रहीम के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि हाल में हुई मूसलाधार बारिश के बाद आयी बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में 19,000 से अधिक घर पूरी तरह नष्ट हो गये। अब्दुल-रहीम ने पर्यावरण संरक्षण सामग्री और कीटनाशकों सहित प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सभी क्षेत्रों और मंत्रालयों में समन्वय और संयुक्त प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रभावित आबादी को शीघ्र सहायता प्रदान करने के लिए कई बाढ़ प्रभावित सड़कों को बहाल कर दिया गया है। सिंचाई और जल संसाधन मंत्रालय ने आने वाले दो दिनों में ब्लू नाइल और व्हाइट नाइल नदियों का जल स्तर फिर से बढ़ने की चेतावनी दी है।

# आतंकवाद मामले में इमरान खान को बड़ी राहत, एंटी टेरर कोर्ट ने 1 सितंबर तक दी बेल

**एजेंसी**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ी राहत मिली है। इस्लामाबाद में एक रैली के दौरान जज और पुलिस अधिकारी को धमकाने के आरोप में दर्ज आतंकवाद के मामले में एक कोर्ट ने गुरुवार एक सितंबर तक गिरफ्तारी से राहत दे दी है। इस मामले में इमरान खान के खिलाफ आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद से ही उनकी गिरफ्तारी के कयास लगाए जा रहे थे।

आतंकवाद निरोधी अदालत के न्यायाधीश राजा जवाद अब्बास हसन ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख को एक सितंबर तक के लिए एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी। खान की जमानत याचिका उनके आने से पहले गुरुवार को अदालत में दायर की गई थी, जिसमें याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि उनके खिलाफ आतंकवाद का मामला पुलिस द्वारा बदले की कार्रवाई के रूप में दर्ज किया गया था।

### पार्टी ने सड़क पर उतरने की कर ली थी तैयारी

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को हिरासत में लिए जाने या फिर गिरफ्तार किए जाने के बाद उनकी पार्टी ने उनके समर्थकों से सड़क पर उतरने की अपील भी की थी। इसके साथ-साथ इस्लामाबा कूच करने की तैयारी भी थी।

फेडरल ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स, जहां सुनवाई हुई, के आसपास सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई थी। पुलिस और फंटियर कॉर्प्स के जवानों को घटनास्थल पर तैनात किया गया था। परिसर के आसपास की सड़कों को भी ब्लॉक कर दिया गया था।

### रैली में पुलिस अधिकारी और महिला जज को धमकाने का आरोप

69 वर्षीय खान पर रविवार को इस्लामाबाद में एक सार्वजनिक रैली में एक महिला न्यायाधीश और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को धमकी देने के लिए आतंकवाद विरोधी अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

अपने संबोधन में इमरान खान ने टॉप पुलिस अधिकारियों, एक महिला मजिस्ट्रेट, पाकिस्तान के चुनाव आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ अपने सहयोगी शाहबाज गिल के साथ हुए व्यवहार को लेकर केस दर्ज करने की धमकी दी थी। गिल को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### नाइजीरिया में भारतीय टीके की शुरुआत

हैदराबाद। भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड (बीबीआईएल) ने कहा है कि इसके रोटावायरस ओरल वैक्सीन, रोटावैक की शुरुआत नाइजीरिया में बच्चों को जानलेवा रोग डायरिया से प्रतिरक्षा के लिए की गई है। यह वैक्सीन नवाचार में एक वैश्विक लीडर और संक्रामक रोगों के लिए वैक्सीन विकसित करने वाली कंपनी है। हैदराबाद स्थित वैक्सीन निर्माता कंपनी ने एक बयान में कहा है कि रोटावायरस से होने वाले बच्चों की मौत के मामले में नाइजीरिया विश्व में दूसरे स्थान पर है और इसका वैश्विक योगदान 14 प्रतिशत है। नाइजीरिया में रोटावायरस संक्रमण द्वारा प्रति वर्ष पांच वर्ष से कम उम्र के 50,000 बच्चों की मौत होती है। भारत बायोटेक की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. कृष्णा एला ने कहा कि रोटावैक दशकों के अनुसंधान और उत्पाद विकास का परिणाम है। यह वैक्सीन अब एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और मध्य-पूर्व के कई देशों में उपलब्ध है। उन्होंने कहा, हमें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि भारत का यह नया टीका पूरी दुनिया में जीवन की रक्षा कर रहा है। रोटावैक को जनवरी 2018 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व अर्हता प्राप्त हुई थी। पहली पीढ़ी का रोटावायरस वैक्सीन, रोटावैक का विकास भारत बायोटेक ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग और 16 अन्य अंतरराष्ट्रीय साझीदारों के सहयोग से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के अंतर्गत किया है।

### बाइडेन के आदेश पर सीरिया में 'ईरान समर्थित मिलिशिया' पर हमले

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के आदेश पर सीरिया में 'ईरान समर्थित मिलिशिया' पर हवाई हमले किये गये है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका की सेना ने बुधवार तड़के पूर्वी सीरिया में ईरान समर्थित मिलिशिया लड़ाकों के ठिकानों को हवाई हमले करके तबाह कर दिया है। अमेरिकी सेना की मध्य कमान के प्रवक्ता कर्नल जो बुकिनो ने कहा कि राष्ट्रपति के आदेश पर ये हवाई हमले किए गए। कर्नल जो बुकिनो ने कहा कि इन हमलों का मकसद खतरे तथा जानमाल के नुकसान को कम करना था।अमेरिकी सेना ने निशाना बनाए गए क्षेत्रों की पहचान और हमलों से जानमाल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं दी है। उन्होंने बताया कि बुधवार का हमला 15 अगस्त को अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाये जाने के जवाब में किया गया है। उल्लेखनीय है कि ईरान समर्थित मिलिशिया ने 15 अगस्त को ड्रोन के जरिए अल-तंफ सैन्य अड्डे को निशाना बनाया था। इस सैन्य अड्डे का उपयोग अमेरिकी सेना द्वारा किया जाता है।

### शिंजो हत्या मामले में इस्तीफा देंगे जापानी पुलिस प्रमुख

टोक्यो। जापान के राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख इटारू नाकामरा ने गुरुवार को घोषणा की कि वह पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या मामले में अपनी जिम्मेदारी लेने के लिए इस्तीफा दे देंगे। नाकामरा ने हालांकि यह नहीं बताया है कि वह आधिकारिक रूप से अपना इस्तीफा कब देंगे। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार श्री नाकामुरा ने यह घोषणा अपनी एजेंसी ने उस रिपोर्ट के सामने आने के बाद की , जिसमें कहा गया कि गत आठ जुलाई को पश्चिमी जापान के नारा में एक कार्यक्रम में संबोधित किये जाने के दौरान पुलिस श्री आबे पर हमला और उनकी जान बचाने में विफल रही। पुलिस रिपोर्ट में श्री आबे की पुलिस सुरक्षा में खामियां पाये जाने का उल्लेख किया गया है जिसकी वजह से कथित हमलावर को उन पर पीछे से हमला करने का मौका मिला। पुलिस ने कथित बंदूकधारी तेत्सुया यामागामी को घटनास्थल पर गिरफ्तार कर लिया था। यामागामी ने पूछताछ में बताया कि उसने श्री आबे के यूनिफिकेशन चर्च से संबंध होने के कारण वह उनसे नफरत करता था और इसीलिए उन्हें अपना निशाना बनाया। पुलिस ने संदेह जताया है कि श्री आबे को गोली मारने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बन्दूक घर में बनाया गया था , क्योंकि इसे दागने के बाद बड़ी मात्रा में धुआं निकलता था। श्री आबे 2012 से लगातार आठ वर्ष तक जापान के प्रधानमंत्री रहे और सबसे अधिक लंबे समय तक देश को अपनी सेवाएं दी थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

मौजूदा दौर में हर कोई गुस्से के मर्ज से परेशान है। कभी बॉस की फटकार से मूड खराब, तो कभी जूनियर्स के काम खराब करने पर गुस्सा और कभी प्रेमिका या पत्नी से लड़ाई। दिन भर में हम हर पल एसी स्थितियों का सामना करते हैं,जो हमारे गुस्से को भड़काने में घी का काम करती हैं।



# गुस्से को करें योग से छूमंतर

## पावर ऑफ योगा

श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भागवत् में कहा है कि गुस्से से इंसान का विवेक खत्म हो जाता है। वह अच्छे-बुरे में फर्क नहीं कर पाता। दरअसल गुस्सा एक तरह का नकारात्मक सम्मोहन है,जिससे बुद्धि का नाश होता है और अंततः यह इंसान को दिशाहीन कर देता है।

## नकारात्मक संवेग

इस धरती पर गुस्सा सबसे खतरनाक नकारात्मक संवेग है। वेदों के मुताबिक केवल यही वह संवेग है, जिस पर यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया जाए या इंसान की मनःस्थिति को जल्द न बदला जाए,तो यह उसके अस्तित्व के लिए खतरा बन सकता है,क्योंकि गुस्से से प्राण शक्ति और पुण्य नष्ट हो जाते हैं। गुस्स में व्यक्ति विवेकहीन होकर कई गलत काम कर बैठता है,उसके अच्छे कर्मो का क्षय होता है।

## गुस्से से ह्रदय रोग

विस्तृत शोधों के बाद चिकित्सा विज्ञान भी इस नतीजे पर पहुंचा है कि गुस्से से ह्रदय रोग और अकाल मौतहोने तक की आशंका बढ़ जाती है। इसकी वजह यह है कि क्रोध से हमारे शरीर में तनाव पैदा करने वाले हॉर्मोस बढ़ते हैं,जिससे खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के साथ ही और खतरनाक परिवर्तन भी हो सकते हैं। नतीजतन ह्रदय का पोषण करने वाली धमनियां ब्लॉक हो सकती हैं। क्रोधी व्यक्ति का स्वास्थ्य और हेल्थ हैबिट्स दोनों ही गड़बड़ होते हैं।

## फायदेमंद है योग

स्ट्रेस हॉर्मोन के बढ़ने से दूसरी असाध्य बीमारियां भी हो सकती हैं। खुशकिस्मती से हमारे यहां योग में क्रोध को शांत करने और उसका उपचार करने के कई तरीके हैं। यहां एक आसन का विवरण दिया जा रहा है,जो हमारे दिमाग के उस हिस्से पर सीधा सकारात्मक असर डालता है,जो क्रोध पैदा करने के लिए उत्तरदायी है। इस आसन के और भी बहुत से शारीरिक और मानसिक फायदे हैं।

## तकनीक

घुटनों को सीधा रखते हुए बिल्कुल सीधे खड़े हों। सीधे झुकते हुए एड़ी के पीछे पांवों के पास धरती पर अपनी हथेलियां टिकाएं। यदि आपकी हथेलियां धरती को नहीं छू पाती हैं तो घुटनों तक झुकें या घुटनों को सीधा रखें। अब सिर को ऊंचा करने की कोशिश करें और पीठ को खींचे। इसी स्थिति में रहते हुए सामान्य ढंग से सांस लें। पांच सैकंड या इससे कम समय के लिए इसी मुद्रा में रहें और फिर सांस खींचते हुए तड़ासन की स्थिति में आएं। इस तरह दो-तीन बार इसे दोहराएं।

## आसन के फायदे

यह आसन उनके लिए वरदान है,जिनका स्वभाव क्रोधी है या जो जल्द गुस्से में आ जाते हैं। यह ब्रेन सेल्स का तनाव दूर करते हैं,खासकर एमिगडाला का। इससे बहुत शान्ति मिलती है। यह लीवर, स्प्लीन और किडनी को भी स्वस्थ रखता है। इससे ब्लडप्रेशर और ह्रदय रोग से बचाव होता है।

## सर्वागासन

इस आसन के जरिए आप अत्यधिक गुस्से को तो नियंत्रण में कर ही सकते हैं। साथ ही सिरदर्द,एनिमिया और अपच जैसी बीमारियों को दूर कर शरीर में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। अपने हाथ और पैर सीधे कर के जमीन पर लेट जाएं और गहरी सांस लेते हुए अपने दोनों पैरों को सीधे ऊपर की ओर उठाएं।

अपने हिप्स को ऊपर उठाते हुए पैरों को सीधा करे और बाद में सिर की ओर 45 डिग्री का कोण बनाने की कोशिश करें। सांस लेते हुए अपने दोनों हाथों से पीठ को सहारा दें। इस स्थिति में अंगूठे शरीर के अगले हिस्से और बाकी उंगलियां पीठ पर होनी चाहिए। पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। अपनी पीठ को बिल्कुल सीधा कर लें और अपनी ठोढ़ी को बिल्कुल गले के पास लगाएं। धीरे-धीरे सांस लें। इस प्रक्रिया को कई बार दोहराते रहें। आसन के वक्त मन को पूरी तरह शांत रखें। जरूरत से ज्यादा आसन करने से बचें।

# सही आदत नो बीमारी

आज चार वर्ष के बच्चे को भी चश्मा पहने देख सकते हैं और अस्सी साल के वृद्ध को भी... दोनों को कोई अंतर नहीं है दस साल के बच्चे को भी शुगर की बीमारी है तो 30 साल के युवा को भी। एसे में यदि कहा जाए कि अत्याधुनिक लाइफ स्टाइल ही हमारी ज्यादा और नई बीमारियों का कारण है, तो गलत नहीं होगा। इसके लिए कुछ हद तक तो हमारा लाइफस्टाइल जिम्मेदार है तो कुछ हमारी अपनी आदतें भी जिम्मेदार हैं। जिन्हें अगर हम सुधार लें तो कई बीमारियों से बच सकते हैं।

बड़े-बुजुर्ग कह गए हैं, जैसा अन्न, वैसा मन। यह सौ फीसदी सही है। चूंकि नया लाइफस्टाइल अपनाने के चक्कर में सबसे पहले हम बदलते हैं डाइट। आजकल लोग दो मिनट में तैयार होने वाले फूड को प्रिफर करते हैं ताकि समय बचे जिसे वे और कहीं यूटिलाइज कर सकें। लेकिन अगर आपके पास स्वास्थ्य ही नहीं है तो फिर धन किस काम का। कहा भी गया है, पहला सुख निरोगी काया। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आप ताउम्र स्वस्थ रहें और किसी भी तरह की कोई बीमारी आपको न लगे तो सबसे पहले आप अपनी डाइट में सुधार करें और अपनी डाइट में हेल्दी और न्यूट्रीशियस खाद्य पदार्थों को शामिल करें।

## तनाव न बाबा न...

यह तो हम सब मानेंगे ही कि आजकल की हमारी जैसी जीवनशैली है उसमें आराम के पल कम और तनाव के पल ज्यादा मिलते हैं। जिसका सीधा सा असर हमारे शरीर पर पड़ता। जिस कारण कम उम्र में ही लोग ब्लड शुगर, हाईब्लड प्रेशर और न जाने कौन-कौन सी बीमारियों के घेरे में आ जाते हैं। इसलिए बीमारियों को कहना है गुडबाय तो पहले टेंशन को कहना होगा गुडबाय और स्माइल और खुशी को करना होगा वैलकम।

## व्यायाम है जरूरी

स्वस्थ रहने के लिए अन्य जो बातें महत्वपूर्ण हैं उसमें सबसे पहली बात है कि सिगरेट और शराब का सेवन बिल्कुल न करें। इसके अलावा नियमित रूप से चाहें आप किसी भी उम्र के क्यों न हों व्यायाम या योग करें। इससे एक तो आपकी अतिरिक्त चर्बी और कैलोरी कम होती है दूसरे आपका शरीर अंदर से स्वस्थ महसूस करता है। इसलिए हर रोज कम से कम आधा घंटा व्यायाम तो जरूर ही करें।



# अवचेतन का संदेश सुनें देह से करें दोस्ती

**मनुष्य की तीन अवस्थाएं होती हैं,एक है रोग, दूसरा है निरोग और तीसरा है नैरोग्य। नैरोग्य यानी वैलनेस। यह जो वैलनेस है उसकी अनुभूति हमसे बिछुड़ गई है, वह अनुभूति जो तब पैदा होती है जब देह और मन एक स्वर में गुनगुनाते हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने अब स्वीकार कर लिया है कि देह और मन के बीच एक गहरा संबंध होता है,वह एक इकाई है।**

तनाव भरे समय में ऐसा इंसान मिलना मुश्किल है जिसे कोई न कोई शारीरिक तकलीफ या कोई मानसिक उलझन न हो। लोगों को अक्सर यह महसूस होता है कि वैसे तो उन्हें अपने स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ नहीं दिखाई देती,लेकिन कुछ ऐसा भी है जो दुरूस्त नहीं लगता। कुछ बेचैनी सी,कुछ असंतुलन सा। मनुष्य की तीन अवस्थाएं होती हैं- एक है रोग,दूसरा है निरोग और तीसरा है नैरोग्य। नैरोग्य यानी वैलनेस। यह जो वैलनेस है उसकी अनुभूति हमसे बिछुड़ गई है,वह अनुभूति जो तब पैदा होती है जब देह और मन एक स्वर में गुनगुनाते हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने अब स्वीकार कर लिया है कि देह और मन के बीच एक गहरा संबंध होता है,वह एक इकाई है। लगभग आधी से अधिक शारीरिक व्याधियां मानसिक तनाव के कारण होती हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि हमें बौद्धिक समझ प्रदान करने वाले हमारे सचेत मन,यानी कॉशन्स माइंड की पतली सी परत हमारे समूचे अस्तित्व का सिर्फ दसवां हिस्सा होती है। जैसे किसी फल का छिलका होता है वैसे ही सचेत मन अवचेतन मन का एक छिलका भर होता है।

इसी छिलके को हम शिक्षित करते हैं, सभ्य, सुसंस्कृत बनाते हैं, नीति, धर्म इत्यादि सिखाते हैं लेकिन इस चेतन परत के मुकाबले मस्तिष्क की अवचेतन परतें अधिक महत्वपूर्ण हैं। अगर हमारा नाता अपने ही अवचेतन से टूट गया तो हमारा जीवन स्वस्थ और संतुलित नहीं रह पाता। जब भी आदमी किसी रोग से ग्रसित होता है तो उसकी जड़ें उसके गहन अवचेतन मन में होती हैं। कोई दबाया हुआ क्रोध या दुख या भय अंदर पड़ा-पड़ा नासूर बन जाता है और फिर वह कैंसर या अन्य किसी रोग के रूप में प्रगट होता है। वो रसायन शरीर के अंगों में प्रवेश कर उन अंगों को कमजोर बनाता है और धीरे-धीरे रोग उनमें घर बना लेता है।



## बॉडी-माइंड बैलेंसिंग

अवचेतन की इसी शक्ति को ध्यान में रख कर ओशो ने एक प्राचीन तिब्बती ध्यान पद्धति को पुनर्जीवित किया है। उसे नाम दिया है बॉडी-माइंड बैलेंसिंग,देह और मन का संतुलन। यह एक ऐसी निर्देशित ध्यान पद्धति है जिसके जरिए लोग अपने देह और मन का एक इकाई की तरह उपयोग करना सीखते हैं और स्वास्थ्य को अनुभव कर पाते हैं। ओशो ने कहा है कि एक बार आप शरीर से संवाद करना शुरू करते हैं तो चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। क्योंकि शरीर पर जबर्दस्ती नहीं की जा सकती, उसे प्रेम से फुसलाया जा सकता है।

## अवचेतन का संदेश सुनिए

टीवी और इलेक्ट्रानिक उपकरणों के कोहराम ने हमारी सुनने की नैसर्गिक क्षमताओं को कुंद कर दिया है और हम शरीर के मूक संदेशों को सुनना भूल ही गए हैं। यही कारण है कि अब देह आपका ध्यान खींचने के लिए और कठोर भाषा अपनाती है। आपको परेशान करने की कोशिश करती है। उसका संदेश बीमारियों के जरिए शरीर में नजर आने लगता है। जैसे सिरदर्द,बीच-बीच में टूटने वाली नींद,दुर्घटनाओं का आघात यानी ट्रॉमा,लाइलाज मर्ज,खासतौर से पीठ और पेट के रोग। सम्मोहन का नजरिया है कि कोई भी पीड़ा हो,वह एक संदेश है अवचेतन का। आपका अवचेतन आपसे कुछ कहना चाहता है,भागदौड़ छोड़कर जरा रूक जाएं और ध्यान दें। उसकी आवाज सुनें। उसे महसूस करें। यह ध्यान पद्धति सिखाती है कि देह की आवाज फिर कैसे सुननी शुरू की जाए और कैसे एक बार फिर पुरानी पीड़ाओं से छुटकारा पाया जाए।

## शरीर से दोस्ती करें

बॉडी माइंड बैलेंसिंग को किसी भी असंतुलन को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। भले ही वह वजन बढ़ने की समस्या हो,हाजमे की दिक्कतें हों (खासतौर से कब्ज की समस्या),तरह-तरह के दर्द हों,तनाव या बेचैनी हो। यहां तक कि इसके जरिए बुरी आदतों से छुटकारा पाया जा सकता है।

# बच्चों को बोतल न दें

नन्हा शिशु रोता है,तो काम में व्यस्त मां उसके मुंह में शहद की निप्पल,टीथर या दूध की बोतल मुंह में लगा देती है। बहुत कम पेरेन्ट्स को पता है कि ये पैसीफायर,टीथर और निप्पल शिशु की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं,क्योंकि इनमें खतरनाक और विषैले तत्व पाए गए हैं जैसे- लैड, कैडमियम, क्रोमियम आदि।

## हानिकारक हैं विषैले तत्त्व

सीईआरएस ने पैसीफायर्स,टीथर्स एवं निप्पल्स के नमूनों का परीक्षण किया। सभी में लैड,क्रोमियम और कैडमियम पाए गए। नवजात शिशुओं के खिलौनों में ?से विषैले तत्व की मौजूदगी स्वीकार्य नहीं,क्योंकि बच्चे इन्हें चूसते,चबाते रहते हैं और लार निगलते रहते हैं। ये पैसीफायर या टीथर शिशुओं के लिए बैक्टीरियल या फंगल इंफेक्शन का सबब बन सकते हैं। लैड की थोड़ी-सी मात्रा भी खतरनाक हो सकती है। कैडमियम एक नेफ्रोटॉक्सिन है,जो किडनी को क्षतिग्रस्त कर सकता है। इसके शरीर में जाने से पेट दर्द,जी मिचलाना और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। क्रोमियम इरीटेशन या दमा के दौर का सबब बन सकता है।

## बदलें मापदंड

बीआईएस को भी अपने मापदंड बदलने चाहिए और विशेष रूप से नवजात शिशुओं के लिए बनाए गए खिलौनों जैसे टीथर,पैसीफायर एवं निप्पल्स के लिए अलग स्टैंडर्ड तय करने चाहिए।

## क्या है समाधान

शिशु को एक बड़ा गाजर,खीरा या मूली उनकी ऊपरी सतह को साफ करके,साफ पानी से धोकर दे दिया जाए। शिशु को दूध पिलाने के लिए बोतल का इस्तेमाल न करना बेहतर होगा। ये आसानी से गंदे और बैक्टीरिया युक्त हो जाते हैं।



CMYK CMYK CMYK CMYK